CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 25°C
न्यूनतम : 11°C

मुरादाबाद, शनिवार 28 फरवरी 2026 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 195 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | फाल्गुन शुक्ल पक्ष 10 विक्रमी सम्वत् 2082 | 10 रमज़ान 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



केजरीवाल के साथ सत्य और न्याय दोनों खड़े : अखिलेश यादव पेज 2




जम्मू-कश्मीर का पहली बार रणजी चैंपियन बनना पक्का खेल टाइम्स



विज्ञान में महिलाएं : विकसित भारत की नई ऊर्जा सम्पादकीय



न्यूयॉर्क मेयर ममदानी ने ट्रम्प से की मुलाकात पेज 12

# पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच जंग जैसे हालात

इस्लामाबाद, वार्ता



- पाक का दावा: 274 अफगान लड़ाके मारे गए, 400 से ज्यादा घायल, दोनों तरफ से करीब 300 से ज्यादा लोगों की मौत की अटकलें
- भारत ने भी पाकिस्तान के हमलों की निंदा करते हुए अफगानिस्तान का किया समर्थन
- तालिबान बोला: फिर हमला किया, तो कड़ा जवाब देंगे

**पाकिस्तान और अफगानिस्तान** के बीच हालात जंग जैसे हो गए हैं। पाकिस्तान एयरफोर्स ने अफगानिस्तान के कई इलाकों में फिर से एयरस्ट्राइक की है।

वहीं तालिबान ने दावा किया है कि उसने इस्लामाबाद के फैजाबाद सैन्य ठिकाने समेत कई अहम ठिकानों को निशाना बनाया। संघर्ष की शुरुआत गुरुवार रात हुई, जब अफगानिस्तान ने 22 फरवरी को हुए पाकिस्तानी हमले के जवाब में कार्रवाई की। टोलो न्यूज के मुताबिक तालिबान प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने 55 पाकिस्तानी सैनिकों को मारने का दावा किया है। इसके जवाब में पाकिस्तान ने 'गजब लिल हक' नाम का ऑपरेशन शुरू किया और काबुल समेत कई प्रांतों में हमले किए। पाकिस्तान का दावा है कि उसके हमलों में 274 अफगान लड़ाके मारे गए, जबकि 400 से ज्यादा घायल हैं। दोनों तरफ से करीब 300 से ज्यादा लोगों की मौत की खबर है। भारत ने भी पाकिस्तान के हमलों की निंदा करते हुए अफगानिस्तान का समर्थन किया है। अफगान मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक तालिबानी लड़ाकों ने एक पाकिस्तानी जेट भी मार गिराया है। हालांकि इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है। अफगान सरकार का दावा है कि 23 पाकिस्तानी सैनिकों के शव उसके पास हैं। पाकिस्तानी सेना के एक हेडक्वार्टर और 19 चौकियों पर भी कब्जा कर लिया गया है। पाक रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा कि हमारे सब्र की सीमा पार हो चुकी है, अब हमारे और आपके बीच खुला युद्ध छिड़ गया है। पाकिस्तानी सूचना मंत्री ने यह वीडियो एक्स पर पोस्ट किया है। वीडियो में पाकिस्तानी एयरफोर्स की अफगानिस्तान के काबुल, कंधार और पक्तिका प्रांत में स्ट्राइक के फुटेज हैं। अफगानिस्तान के सेना प्रमुख फसीहुद्दीन फितरत ने कहा है -शेष पृष्ठ दो पर

## भारत की तीसरी तिमाही की जीडीपी वृद्धि दर 7.8 % हुई

**नई दिल्ली।** भारतीय अर्थव्यवस्था ने एक बार फिर अपने मजबूत प्रदर्शन से बाजार और अर्थशास्त्रियों को चौंका दिया है। वित्त वर्ष 2026 की तीसरी तिमाही के सकल घरेलू उत्पाद के आंकड़े जारी हो गए हैं, जिसने 7.8 प्रतिशत की शानदार वृद्धि दर्ज की है। चालू वित्तीय वर्ष की दूसरी तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर 8.4 फीसदी थी। देश की अर्थव्यवस्था की इस तेज रफ्तार और इसके पीछे के मुख्य कारणों को आइए एक आसान सवाल-जवाब के जरिये विस्तार से समझते हैं।

## 10वां रोज़ा

### रहमत और बरकत का आशियाना है 10वां रोज़ा



रमजान माह के तीस रोजे दरअसल तीन अशरों पर मुश्तमिल हैं। शुरुआती दस दिनों यानी रोजों का अशरा रहमत का, बीच के दस रोजों का अशरा मगफिरत का और आखिरी दस रोजों का अशरा दोजख से निजात का है। रहमत का अशरा अल्लाह की सना करते हुए रोजेदार के लिए अल्लाह की मेहरबानी मांगने का है। कुरआने-पाक में जिक्र आया है ...तो अपने रब की सना करते हुए उसकी पाकी बयान करो और उससे बख्शीश चाहो। दरअसल शुरुआती दस रोजे यानी पहला अशरा, अल्लाह से रहमत हासिल करने का दौर है। दसवां रोज़ा अल्लाह की रहमत की रवानी और मेहरबानी के मील के पत्थर की मानिन्द है।




# कोई नहीं कर सकता हमारे आदेश का उल्लंघन: सुप्रीम कोर्ट

## शीर्ष अदालत ने बंगाल एसआईआर पर सुनवाई के दौरान की टिप्पणी

शाह टाइम्स ब्यूरो



- कहा: हमने स्पष्ट कर दिया है किन दस्तावेजों की जांच की जानी है, आदेश बिल्कुल स्पष्ट है

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में प. बंगाल में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) मामले की सुनवाई हुई। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा कि न तो चुनाव आयोग और न ही राज्य सरकार हमारे आदेशों का उल्लंघन करेगी।

सुप्रीम कोर्ट ने ये भी कहा कि हमने स्पष्ट कर दिया है कि किन दस्तावेजों की जांच की जानी है। हमारे आदेश बिल्कुल स्पष्ट हैं। सुप्रीम कोर्ट में पश्चिम बंगाल सरकार की ओर से बताया गया कि चुनाव आयोग ने राज्य में मतदाता सूचियों के एसआईआर में तैनात न्यायिक अधिकारियों के लिए एक प्रशिक्षण मॉड्यूल जारी किया था। सुप्रीम कोर्ट ने इस पर टिप्पणी की कि वह अपने न्यायिक अधिकारियों को जानता है और वे किसी भी चीज से प्रभावित नहीं होंगे। पश्चिम बंगाल की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जायमाल्या बागची की पीठ के सामने इस मामले का उल्लेख किया। उन्होंने पीठ से कहा कि चुनाव आयोग ने पीठ पीछे न्यायिक अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं। एक प्रशिक्षण मॉड्यूल -शेष पृष्ठ दो पर

## परिवार संग होली मना सकेगा नीतीश कटारा हत्याकांड का दोषी

- सुप्रीम कोर्ट ने दी सात दिन की फरलो

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को दोषी विकास यादव की याचिका मंजूर की। विकास यादव 2002 में व्यवसायी नीतीश कटारा की हत्या के लिए 25 साल की जेल की सजा काट रहा है।

उसने जेल से होली पर परिवार के साथ समय बिताने के लिए रिहाई की मांग की थी। जस्टिस एमएम सुंदरेश और विपुल एम पंचोली की बेंच ने कहा कि विकास यादव ने अब तक 23 साल की सजा पूरी कर ली है। इसलिए उसे सात मार्च तक रिहाई की अनुमति दी गई है। इस दौरान वह अपने परिवार के साथ होली मना सकेगा। बेंच ने कहा कि होली के समय परिवार के साथ समय बिताने के लिए फरलो का आवेदन किया गया है। मामले के मापदंडों में प्रवेश किए बिना हम याचिकाकर्ता को सात मार्च तक फरलो (अस्थायी रिहाई) की अनुमति देते हैं। सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत ने विकास यादव की रिहाई के खिलाफ याचिकाकर्ताओं की आपत्तियों को खारिज किया।

# शराब घोटाला मामला: केजरीवाल व सिसोदिया समेत सभी 23 आरोपी बरी

शाह टाइम्स ब्यूरो

- अदालत ने सीबीआई के जांच अधिकारी के खिलाफ विभागीय जांच कराने का दिया आदेश

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने शुक्रवार को कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार मामले में पूर्व मुख्यमंत्री एवं आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक अरविंद केजरीवाल और पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के साथ-साथ अन्य 21 आरोपियों को बरी करते हुए केंद्रीय जांच एजेंसी (सीबीआई) के जांच अधिकारी (आईओ) के खिलाफ विभागीय जांच कराने का आदेश दिया।

राउज एवेन्यू अदालत के विशेष न्यायाधीश जितेन्द्र सिंह ने इस मामले में जिन सभी 23 आरोपियों को बरी किया है, उनमें तेलंगाना से पूर्व सांसद के. कविता, विजय नायर, समीर महेंद्रू शामिल हैं। यह मामला 2021-22 की दिल्ली आबकारी नीति में कथित भ्रष्टाचार से जुड़ा था। इस नीति को तत्कालीन केजरीवाल सरकार ने अनियमितताओं के आरोप लगने के बाद वापस ले लिया था। फैसला आने के बाद सीबीआई ने कहा कि उसकी जांच के कई महत्वपूर्ण पहलुओं को अदालत ने या तो नजरअंदाज किया या पर्याप्त महत्व नहीं दिया। एजेंसी ने कहा है कि वह इस फैसले के खिलाफ उच्च न्यायालय में अपील करेगी। अदालत ने अपने फैसले में कहा कि अभियोजन पक्ष सीबीआई प्रथम दृष्ट्या मामला साबित नहीं कर सका है। अदालत ने कहा कि सीबीआई -शेष पृष्ठ दो पर

## मोदी व शाह ने रचा सबसे बड़ा राजनीतिक षड्यंत्र: केजरीवाल

**नई दिल्ली।** 'आप' के राष्ट्रीय संयोजक और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली आबकारी नीति मामले में बरी होने के बाद इसे सत्य की जीत करार देते हुए कहा कि पीएम नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने मिलकर आजाद भारत का सबसे बड़ा राजनीतिक षड्यंत्र रचा।

श्री केजरीवाल अदालत से बरी होने के बाद पत्रकारों से बातचीत में बेहद भावुक हो गए। उनकी आंखों से आंसू गिरने लगे और उनकी जबान लड़खड़ा गई। कुछ सेकंड की चुप्पी के बाद उन्होंने कहा के केजरीवाल भ्रष्ट नहीं है। मैंने अपने जीवन में केवल ईमानदारी कमाई है। यह पूरा केस फर्जी था। आखिर में अधर्म व अन्याय हारता है और सच ही जीतता है। सत्यमेव जयते। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ सालों से भाजपा जिस तरह से बार-बार शराब घोटाला-शराब घोटाला का आरोप लगा रही थी, शुक्रवार को कोर्ट ने वे सारे आरोप खारिज कर दिए और जितने भी आरोपी थे, सबको बरी कर दिया। उन्होंने कहा कि हम हमेशा कहते थे कि सत्य की जीत होती है। हमें भारतीय न्याय प्रणाली पर भरोसा है। मैं जज साहब का बहुत-बहुत शुक्रिया अदा करता हूं, जिन्होंने हमारे साथ न्याय किया।




नई दिल्ली: 'आप' के संयोजक अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया, संजय सिंह और सौरभ भारद्वाज शराब घोटाला मामले में अदालत से राहत मिलने के बाद जीत का निशान दिखाते हुए।

## योगी ने होली से पहले वेतन भुगतान के दिए सख्त निर्देश

शाह टाइम्स ब्यूरो

- उप्र में 2, 3 और 4 मार्च को सार्वजनिक अवकाश रहेगा

**लखनऊ।** होली पर्व को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि नियमित कर्मचारियों सहित आउटसोर्सिंग, संविदा और सफाईकर्मियों का वेतन होली से पूर्व हर हाल में जारी किया जाए।

उन्होंने स्पष्ट कहा है कि भुगतान में किसी प्रकार की लापरवाही या देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए हैं कि सभी विभाग अपने स्तर से वेतन वितरण की प्रक्रिया तत्काल पूरी करें, ताकि कर्मचारियों को त्योहार के दौरान किसी प्रकार की आर्थिक असुविधा का सामना न करना पड़े। शासन ने शनिवार, 28 फरवरी 2026 को कार्यदिवस घोषित किया है। वहीं कर्मचारियों को 3 मार्च 2026 का अतिरिक्त अवकाश दिया जाएगा।

## कनाडाई पीएम चार दिन के दौरे पर भारत पहुंचे

- निवेश-ट्रेड डील पर फोकस

**नई दिल्ली।** कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी शुक्रवार को 4 दिन के दौरे पर भारत पर पहुंच गए हैं। इस दौरे का मकसद भारत और कनाडा के बीच व्यापार, ऊर्जा, तकनीक और रक्षा जैसे क्षेत्रों में नए साझेदारी को मजबूत करने पर फोकस करना है।

प्रधानमंत्री के तौर पर मार्क कार्नी का यह पहला भारत दौरा है। कनाडा में निवेश को बढ़ावा देने के लिए कार्नी मुंबई में बिजनेस लीडर्स से मुलाकात करेंगे। इस दौरान इंफ्रास्ट्रक्चर, क्लीन एनर्जी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और एडवांस्ड मैन्युफैक्चरिंग में निवेश पर चर्चा होगी। कार्नी की भारत यात्रा से पहले कनाडा के अधिकारी अब भारत पर लगाए गए कुछ गंभीर आरोपों से पीछे हटते नजर आ रहे हैं। पहले कनाडा ने आरोप लगाया था कि भारत उसकी जमीन पर हस्तक्षेप कर रहा है और सीमापार दबाव जैसी गतिविधियों में शामिल है।

## संक्षिप्त समाचार

### उत्तराखंड के 6 शहरों में पारा -10 डिग्री सेल्सियस से नीचे

**नई दिल्ली।** देश के कई राज्यों में गर्मी लगातार बढ़ रही है। राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ के कई शहरों में तापमान 30 डिग्री सेल्सियस के पार चला गया है। उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में शीतलहर की स्थिति है। उत्तरकाशी, चमोली, और पिथौरागढ़ में शुक्रवार को बारिश और बर्फबारी का अलर्ट रहा।

### भाजयुमो का सोनिया गांधी के आवास के बाहर प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** भाजपा युवा मोर्चा की केरल इकाई के कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी के आवास के बाहर श्री भगवान स्वामी शरणम अयप्पा मंदिर से जुड़े स्वर्ण चोरी प्रकरण को लेकर शुक्रवार को प्रदर्शन किया। पूर्व केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर के नेतृत्व में आयोजित विरोध प्रदर्शन में केरल भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने इस मामले में तत्काल, निष्पक्ष और पारदर्शी जांच की मांग करते हुए कांग्रेस नेतृत्व की चुप्पी पर प्रश्न उठाया।

# मुर्मू ने स्वदेशी लड़ाकू हेलीकॉप्टर 'प्रचंड' में भरी उड़ान



> सशस्त्र बलों का मनोबल बढ़ाया, राफेल और सुखोई लड़ाकू विमानों में पहले ही उड़ चुकी हैं राष्ट्रपति

**नई दिल्ली।** तीनों सेनाओं की सर्वोच्च कमांडर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को सशस्त्र बलों का मनोबल बढ़ाते हुए सुबह जैसलमेर वायुसेना स्टेशन से स्वदेशी लड़ाकू हेलीकॉप्टर 'प्रचंड' में ऐतिहासिक उड़ान भरकर इतिहास रचा। राष्ट्रपति की इस उड़ान ने रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के साथ-साथ महिला सशक्तिकरण का भी संदेश दिया।

वह 2023 में लड़ाकू विमान सुखोई और 2025 में राफेल में भी उड़ान भर चुकी हैं। इस उड़ान से शुक्रवार का दिन भारतीय सैन्य इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में दर्ज हो गया। श्रीमती मुर्मू की यह उड़ान एक मिशन का हिस्सा थी और इसमें वह ग्रुप कैप्टन नयन शांतिलाल बहुआ के साथ कॉकपिट में सह पायलट की भूमिका में नजर आई। ऐसा करने वाली वह देश की पहली राष्ट्रपति हैं। इस मिशन में दो हेलीकॉप्टर शामिल थे जिनमें से दूसरे हेलीकॉप्टर में स्वयं वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ग्रुप कैप्टन ए. महेंद्र के साथ सवार थे। लगभग 25 मिनट के इस मिशन के दौरान हेलीकॉप्टरों ने गडिसर झील और जैसलमेर किले के ऊपर से उड़ान भरी तथा हेलीकॉप्टर ने एक टैंक को लक्ष्य बनाकर हमला किया। राष्ट्रपति ने हेलीकॉप्टर की कॉकपिट से सैनिकों को सलामी भी दी। राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया पर अपना अनुभव भी साझा करते हुए लिखा कि प्रचंड हेलीकॉप्टर आत्मनिर्भरता का एक प्रबल प्रतीक है। इस समय मैं प्रसिद्ध जैसलमेर किले के ऊपर उड़ान भर रही हूं। मुझे देश के वीर वायु सैनिकों पर अत्यंत गर्व है। आगंतुक पुस्तिका में राष्ट्रपति ने एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखकर भी अपनी भावनाओं को व्यक्त किया।

## क्रिकेटर रिंकू सिंह के पिता का निधन

**नोएडा।** भारतीय क्रिकेट टीम के उभरते बल्लेबाज रिंकू सिंह के पिता खानचंद सिंह का निधन हो गया है। वह लंबे समय से लीवर कैंसर से जूझ रहे थे। उनकी तबीयत बिगड़ने पर ग्रेटर नोएडा स्थित यथार्थ हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान उन्हें वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखा गया था। परिजनों के अनुसार, पिछले कुछ दिनों से उनकी हालत लगातार नाजुक बनी हुई थी।

**तुरन्त आवश्यकता**

इंडस्ट्रियल एरिया, बिजनौर स्थित फैक्ट्री के लिये

- अलमीरा कारीगर-10
- पार्टिकल बोर्ड के लिये कारपेंटर-4
- सुपरवाइजर मशीन चलाने हेतु- 2

सम्पर्क करें- मो. 7017517607,9389076177

## एक नजर

### सड़क हादसे में किसान नेता की मौत



**चांदपुर देहात।** सुबह एक सड़क हादसे में भाकियू लोकशक्ति से जुड़े ग्राम इस्माइलपुर निवासी किसान नेता चौधरी मनोज कुमार की मौत हो गई। वह अपनी बाइक से चांदपुर की जा रहे थे, जब वह भगवंत पब्लिक स्कूल के पास पहुंचे तभी अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भयंकर थी कि मनोज कुमार की मौके पर मौत हो गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस को घटनास्थल पर एक बाइक और एक पलटा हुआ ट्रक मिला है। हालांकि, अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि दुर्घटना किस वाहन से हुई। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश कर रही है। चौधरी मनोज कुमार की मौत की खबर से परिवार में कोहराम मच गया। वहीं भाकियू लोकशक्ति संगठन में भी शोक सा छा गया है।

### चोरी का आरोपी दामाद गिरफ्तार

**नहटौर।** मोहल्ला कैथला में संतोष वर्मा के घर से बीती रात को भारी मात्रा में जेवरात गायब हो गए थे। बताया जाता है कि आरोपी दामाद ने षड्यंत्र रचकर अपने सास-ससुर और पत्नी को नशा सुंघाकर बेसुध कर दिया। आरोपी ने घर की अलमारी में रखे कीमती जेवरातों पर हाथ साफ किया और रात के अंधेरे में फरार हो गया। सुबह जब परिजनों को होश आया और घर की हालत देखी, तो उनके पैरों तले जमीन खिसक गई थी। बताया जाता है कि पुलिस ने इस मामले में आरोपी दामाद को गिरफ्तार किया है।

### दाम्पत्य सूत्र में बंधे 472 जोड़े



**बढ़ापुर।** क्षेत्र के एसएस बाजवा बैंकट हॉल में आयोजित इस समारोह में मुख्य अतिथि बढ़ापुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक कुंवर सुशांत कुमार व विशिष्ट अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र कुमार उर्फ बॉबी व ब्लॉक प्रमुख तृप्ति राजपूत की उपस्थिति में हिंदू व मुस्लिम समुदाय के कुल 472 जोड़ों ने अपने-अपने धार्मिक रीति रिवाज से शादी की। इनमें 105 मुस्लिम समुदाय से है। जिन्हें पर्दे का ध्यान रखते हुए काजी द्वारा निकाह पढ़ाया गया। जबकि गैर मुस्लिम जोड़ों को वैदिक मंत्रोच्चार के बीच अग्नि के फेरे दिलाए गए। कार्यक्रम आयोजक ब्लॉक प्रमुख तृप्ति राजपूत ने बताया कि वैवाहिक बंधन में बंधे जोड़ों को 65 हजार रुपए डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के जरिए उनके संयुक्त खाते में भेजे जायेंगे और 35 हजार के घरेलु सामान की किट प्रदान की जायेगी।

### धूमधाम से निकला एकादशी का जुलूस



**बिजनौर।** श्री रामलीला सेवा समिति द्वारा रंगों की एकादशी का जुलूस बड़ी धूमधाम से रामलीला ग्राउंड से शुरू किया गया। जिसका शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती इंदिरा सिंह द्वारा किया गया। रंगों के इस पर्व में सभी हुलियारे मस्ती के साथ रंग उड़ाते हुए चल रहे थे। चार बैंड और झांकियां जुलूस की शोभा बढ़ा रहे थे। जुलूस में सूखे रंग का प्रयोग किया गया। गुलाल उड़ाते हुए शहर को रंगों से गुलाबी कर दिया। हरे, पीले, गुलाबी रंग उड़ने से सभी हुलियारे अपनी मस्ती में नाचते हुए शहर की शोभा बढ़ा रहे थे। डीजे पर डांस कर हुलियारों ने अपना रंग जमाया। जुलूस का नेतृत्व संजय गुप्ता मुख्य संरक्षक, बबली अग्रवाल अध्यक्ष बार सभा, अचल अग्रवाल अध्यक्ष रामलीला समिति, राहुल शर्मा महामंत्री, भवन मंत्री प्रदीप कौशिक, बंटी, विनय अग्रवाल, अजय अग्रवाल एड., कपिल चौधरी, राहुल गुप्ता, कोषाध्यक्ष राजेंद्र गौतम, सुमित सिंघल, वरुण अग्रवाल, संदीप चौधरी, चिराग, वैभव, रचित, विनीत अग्रवाल आदि ने किया।

### होली के जुलूसों को लेकर रूपरेखा तैयार

**नगीना।** होली की तारीख को लेकर लोगों में असमंजस बना हुआ है। होलिका दहन और दुल्हेंडी की तारीख को लेकर ज्योतिषाचार्यों के अलग-अलग मत हैं। कारण है- 3 मार्च को लगने वाले चंद्रग्रहण और पूर्णिमा पर भद्रा का प्रभाव। इस दौरान नगीना में निकलने वाले होली के प्रमुख जुलूसों के आयोजकों ने तारीखों की घोषणा कर दी है। हवन होली रंग गुलाल समिति के अध्यक्ष प्रमोद चौहान के अनुसार सबसे पहले द्वादशी पर गीले रंग का जुलूस 28 फरवरी को दोपहर 12 बजे मंदिर मुक्तेश्वर नाथ (बड़ा मंदिर) नगीना से प्रारम्भ होगा जिसका आयोजन मुक्तेश्वर नाथ मंदिर समिति द्वारा किया जाएगा। दूसरा जुलूस नरसिंह देवता जुलूस मंगलवार 3 मार्च को सायं 4.30 बजे पीपल महादेव मंदिर मोहल्ला पाधान से प्रारंभ होगा जिसका आयोजन नरसिंह भगवान सेवा समिति नगीना द्वारा किया जाएगा। आयोजक समिति ने इस जुलूस में गीले रंग व गुलाल में रंग का प्रयोग न करने की अपील की है। तीसरा जुलूस हवन गुलाल (सूखे रंग) का जुलूस दुल्हेंडी के दिन बुधवार 4 मार्च को सुबह 7 बजे देवता मंदिर चौधराना से प्रारम्भ होगा जिसमें भी आयोजक समिति ने इस जुलूस में गीले रंग व गुलाल में रंग का प्रयोग न करने की अपील की है। इस जुलूस का आयोजन हवन होली रंग गुलाल समिति नगीना द्वारा किया जाएगा। चौथा गीले रंग का जुलूस बुधवार 4 मार्च को दोपहर 12 बजे देवता मंदिर चौधराना से प्रारंभ होगा जिसका आयोजन मुक्तेश्वरनाथ मंदिर समिति नगीना द्वारा किया जाएगा। सभी जुलूस अपने नियत समय व स्थान से शुरू होकर नगर के मुख्य बाजार से होते हुए स्टेशन पहुंच कर समाप्त होंगे।

# विवाहिता से मारपीट कर मांगा दहेज

## छह ससुरालियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** मौहल्ला लाल सराय निवासी महिला ने थाना शहर कोतवाली बिजनौर के आजाद कॉलोनी निवासी अपने ससुराल वालों पर दहेज उत्पीड़न, मारपीट और तीन तलाक की धमकी देने के गंभीर आरोप लगाये है। महिला की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस अधीक्षक को दिए गए प्रार्थना पत्र में पीड़िता ने बताया कि उसकी शादी 5 दिसंबर 2010 को मुस्लिम रीति-रिवाजों के अनुसार हुई थी। शादी के कुछ समय बाद ही मौ आजाद कालोनी आशियाना बैंकट हॉल के पास रहने वाले पति रईस पठान, सास दिलशाद बेगम, देवर इमरान, सरफराज व नूरअफशा ने महिला को मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। ससुराल वाले उसे कम दहेज लाने और कार न देने का ताना मारते थे और लगातार अधिक दहेज की मांग करते थे। पीड़ित महिला जो कि पांच बच्चों जहांगीर, फरहान, मौ. अहमद, अ. रहमान व बेटी आतिका की मां है। पुलिस अधीक्षक को तहरीर में बताया कि 01 अगस्त 2024 को सुबह के समय देवर इमरान ने उसके के साथ बदतमीजी करने की कोशिश की। जब महिला ने इसकी शिकायत पति रईस से की तो वह अपनी पत्नी को उसके मायके छोड़ आया। 03 अगस्त 2024 को 3 बजे जब उसकी मां उसे लेकर बेटी के ससुराल गई तो उसके पति रईस, सास दिलशाद बेगम, देवर इमरान व सरफराज तथा देवरानी नूरअफशा व पति रईस के दोस्त बदरुद्दीन ने तमाम गन्दी गन्दी गालियां देते हुए उसके कमरे में घुस आये और उसके साथ लात घूसों व चपत से मारपीट की व्हव नीचे गिर गई तो पति ने दुपट्टे से उसका गला घोटकर जान से मारने की कोशिश की। इमरान बोला कि आज इस पर तेजाब डालकर जला दो, इसका काम खत्म हो जायेगा। पीड़िता की मां ने बचाया तो आरोपियों ने उसकी मां को भी मारा। बच्चों को छीनकर महिला को घर से तीन तलाक की धमकी देकर निकाल दिया, जिसकी शिकायत महिला ने थाने में की थी। 31 अगस्त 2024 को ससुराल वालो के बुलाने पर वह अपनी माता के साथ ससुराल गयी तो फिर उसके व उसकी मां के साथ गाली गलौच व मारपीट की, जिससे महिला बेहोश हो गयी। होश आने पर बमुश्किल उसकी मां जान बचाकर व उसे लेकर वहा से निकली। महिला ने तहरीर लिखवाकर थाने में दी। जिस पर पुलिस ने उसकी चोटों का डाक्टरी मुआयना सरकारी अस्पताल बिजनौर में कराया, किन्तु उसकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की।

महिला ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत की, जिसके बाद पुलिस अधीक्षक के आदेश पर थाना नगीना पुलिस ने छह आरोपियों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## युवती को बदनाम करने की धमकी

**कोतवाली देहात।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने थाने में दी तहरीर में बताया कि उसकी पुत्री से रॉन्ग नंबर पर मिस कॉल लग गई थी। जिसके बाद में एक युवक ने उसकी पुत्री से बात करना शुरू कर दिया। युवक ने उसकी फेसबुक आईडी भी पता कर ली और उक्त आईडी से फोटो उठाकर एआई की मदद से फोटो बनाकर पीड़ित की पुत्री के मोबाइल पर डालने लगा तथा ब्लैकमेल करने लगा। आरोप है कि युवक ने युवती को बदनाम करने तथा कहीं शादी नहीं होने देने की धमकी दी। आरोप है कि जब युवती ने आरोपी से बात करने से इंकार किया तब वह उससे मिलने के लिए कहने लगा। एक दिन वह उसके घर पहुंच गया तथा परिजनों की गैर मौजूदगी में लड़की के साथ अश्लील हरकतें की तथा छेड़छाड़ की। पड़ोस के लोगों को आता देख युवक भाग गया। अब वह एक लाख रुपए की मांग कर रहा है, उसने क्यू आर कोड भी भेज दिया है तथा पैसे न देने पर लड़की को बदनाम करने की धमकी दे रहा है।

# रमजान में अदा की जाती है जकात और फितरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** रमजान का महीना रहमत, बरकत और मगफिरत का है। इस दौरान मुसलमान जकात और फितरा अदा कर जरूरतमंदों की मदद करते हैं। जकात का मतलब 'पाक करना' और 'बढ़ाना' है, जो समाज में आर्थिक संतुलन बनाए रखने में मदद करता है। फितरा ईद-उल-फितर से पहले अदा किया जाता है ताकि जरूरतमंद भी खुशियों में शामिल हो सकें।

स्थानीय इस्लामी शिक्षण मौलाना मौहम्मद उमर ने जानकारी देते हुए बताया कि रमजानुल मुबारक के रोजों में जो कोताही हो जाती है, उसकी तलाफी के लिए शरीअत ने फितरे का हुक्म नाफिज किया है जिससे कि गरीब लोग भी ईद की खुशियों में शामिल हो सकें और यह रमजान की किसी भी तारीख को अदा किया जा सकता है। बेहतर है कि ईद से पहले पहले ही अदा कर दें लेकिन किसी वजह से अदा न कर पाने की शक्ल में ईद के दिन जरूर अदा कर देना चाहिए। शरिअत ने इसके बहुत से निसाब तय किये है। इसको गेहूं, जौ, किशमिश और खजूर से भी अदा किया जा सकता है

उन्होंने बताया कि मालदार आदमी को चाहिए कि वह सदकतुल फित्र खजूर या किशमिश से अदा करे। गेहूं से अदा करने की सूरत में आधा साअ यानी एक किलो छ सौ तैंतीस ग्राम, जबकि जौ, किशमिश और खजूर से अदा करने की सूरत में पूरा साअ यानी तीन किलो दौसो छियासठ ग्राम अदा करना होगा। गेहूं से अदा करने की कीमत 50 रुपए होगी। जौ से अदा करने की कीमत 140 रहेगी और खजूर से अदा करने की कीमत 1050 होगी जबकि किशमिश से अदा करने वाले की कीमत 1500 होगी। एक फितरा की कीमत एक ही आदमी को दें। उन्होंने कहा कि विदेशों में रह रहे भारतीय अगर अपने वतन भारत में सदका फित्र अदा करने के लिए कहेंगे तो वह वहां के एक किलो छ सो तेंतीस ग्राम की कीमत बतायेंगे उसका हिसाब लगाकर ही भारत में सदका फित्र अदा किया जा सकेगा। सऊदी वालो का फितरा छह सौ रुपए प्रति फितरा तय किया गया है। उन्होंने जकात के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि छ लोगों को जकात नहीं दी जाएगी। उन्होंने बताया कि उस मालदार शख्स को जकात नहीं दी जायेगी जो साढ़े बावन तोले चांदी का मालिक हो, जिन से हम पैदा हैं (हमारे मां, बाप, दादा, दादी, नाना, नानी ऊपर तक), जो हम से पैदा हैं (हमारा बेटा, बेटी, पौता, पौती, नवासा, नवासी नीचे तक), सय्यद को जकात नहीं दी जायेगी, गैर ईमान वाले को जकात नहीं दी जायेगी, शौहर बीवी को और बीवी शौहर को जकात नहीं दे सकते।

## फर्जी मतदाताओं के विरुद्ध कार्रवाई की मांग

**अफजलगढ़।** ग्राम पंचायत सलावत नगर के ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में ग्राम प्रधान पद हेतु जारी मतदाता सूची में फर्जी मतदाताओं के नाम हटाए जाने संबंध में दोषी कर्मचारियों को फर्जी मतदाताओं के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग करते हुए बताया कि उक्त ग्राम पंचायत क्षेत्र की विधानसभा मतदाता सूची से लगभग सभी फर्जी मतदाताओं के नाम हटाए जा चुके है, किंतु इसके बावजूद प्रधान चुनाव की ड्राफ्ट मतदाता सूची में वही फर्जी नाम अब भी जानबूझकर रखे गए हैं, जिससे स्पष्ट होता है कि यह कृत्य सुनियोजित एवं दुर्भावनापूर्ण है। इस गंभीर अनियमितता के संबंध में ग्राम पंचायत सलावत नगर (ग्राम भागीजोत) के ग्रामवासियों द्वारा कई बार उपजिलाधिकारी, धामपुर, जिला निर्वाचन कार्यालय बिजनौर, भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली, को लिखित आवेदन प्रस्तुत किए जा चुके हैं, परंतु आज तक कोई प्रभावी कार्यवाही नहीं की गई। ग्रामवासियों का यह भी आरोप है कि जब भी जांच कराई जाती है, तब सुपरवाइजर, संबंधित BLO एवं वर्तमान ग्राम प्रधान (ग्राम प्रधान एवं संबंधित BLO दोनों एक ही गांव के निवासी है) जिस कारण आपसी मिलीभगत कर गलत रिपोर्ट एवं भ्रामक आख्या प्रस्तुत कर देते हैं, जिससे शिकायतों को जानबूझकर निरस्त करा दिया जाता है। यह कृत्य न केवल प्रशासनिक लापरवाही है, बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था के साथ गंभीर छल भी है यदि समय रहते ग्राम पंचायत सलावत नगर की प्रधान चुनान ड्राफ्ट मतदाता सूची से फर्जी मतदाताओं के नाम न हटाए गए तो यह पंचायत चुनाव को प्रभावित करने का प्रत्यक्ष प्रयास होगा, जो संविधान, पंचायती राज अधिनियम का घोर उल्लंघन है। ग्राम पंचायत सलावतनगर (ग्राम भागीजोत) की प्रधान चुनाव ड्राफ्ट मतदाता सूची की उच्चस्तरीय एवं निष्पक्ष जांच कराई जाए तथा सूची में सम्मिलित सभी फर्जी/अपात्र 145 मतदाताओं के नाम तत्काल हटवाए जाएं। कमल कुमार, पंकज, प्रेम सिंह, कल्लू सिंह, प्रदीप कुमार, दयानंद, जनेंद्र कुमार, मंसूर, ओम प्रकाश, राजकुमार हरिओम, मंजू सैनी, राजवती, रूपचंद, हिमांशु आदि ने पत्र पर हस्ताक्षर कर निष्पक्ष जांच की मांग की।

## अस्थाई गौ आश्रय स्थल मिर्जापुर ढीकली का निरीक्षण



**नूरपुर।** क्षेत्र के ग्राम पंचायत मिर्जापुर ढीकली में दीपक गोयल, सदस्य, उ.प्र. गौसेवा आयोग, लखनऊ द्वारा अस्थाई गौ आश्रय स्थल मिर्जापुर ढीकली का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय अस्थाई गौ आश्रय स्थल मिर्जापुर ढीकली में कुल 112 गौवंश संरक्षित पाए गए तथा गौ आश्रय स्थल में गौवंशों हेतु भूसा, हरा चारा, चौकर, गुड़, इत्यादि पर्याप्त मात्रा में मिलें। गौवंशों हेतु पीने के पानी की उचित व्यवस्था पायी गयी। गौवंशों की देखरेख व साफ सफाई हेतु गौशाला में तीन केयरटेकर नियुक्त पाए गए। सदस्य द्वारा गौशाला की व्यवस्थाओं को देखकर सराहना की गई तथा निरन्तर गौवंशों को हरा चारा आपूर्ति व साफ सफाई के दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के समय डॉ. विनय कुमार, पशुपालन विभाग, नीरज कुमार ग्राम पंचायत सचिव, चन्द्रपाल सिंह, पशुधन प्रसार अधिकारी, पंकज कुमार रोजगार सेवक तथा सलाउद्दीन, सायरा व शमशाद केयरटेकर ग्राम प्रधान पुत्र आफताब अहमद आदि उपस्थित रहे।

# धामपुर शुगर मिल में स्वच्छता पखवाड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** भारत सरकार के उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय, नई दिल्ली के अनुपालन में धामपुर शुगर मिल में स्वच्छता पखवाड़ा-2026 का आयोजन किया गया। समापन कल (आज) 28 फरवरी को होगा। इस पखवाड़े के तहत पूरे मिल परिसर में स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। आज विशेष अभियान के रूप में बेस्ट स्टोरेज यार्ड में श्रमदान किया गया, जो धामपुर शुगर मिल के उपाध्यक्ष निष्काम गुप्ता की अध्यक्षता में टीम ने भरपूर उत्साह के साथ श्रमदान किया। इस टीम का सहयोग सभी विभागाध्यक्षों एवं सेक्शन प्रमुखों ने किया।



## भरपूर उत्साह के साथ किया श्रमदान

इस अवसर पर स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए निष्काम गुप्ता ने अपनी टीम को संबोधित करते हुए पूरे मिल परिसर को स्वच्छ बनाने का संकल्प दोहराया। उन्होंने कहा कि हमें सफाई नियमित रूप से और प्रतिदिन करते रहना है जो हमारे लिए बेस्ट मैटेरियल है उसको फिर से रि-साइकल करके वैल्युएबल गुड्स को तैयार करने के लिए हमें अधिकृत एजेंसी को भेजना है ताकि री-सायकल किया जा सके। इस अवसर पर बैनर्स एवं संदेश भी प्रदर्शित किए गए, जिसमें स्वच्छता का संदेश था।

स्वच्छता पखवाड़ा अभियान में भाग लेने वाले श्रमिकों कर्मचारियों एवं अधिकारियों में मुकेश कश्यप, विवेक सिंह यादव, अरुण चौहान, श्याम सुंदर शर्मा, विनोद राणा शरद गहलोत, स्मृति यादव, अजय पांडेय, कमल सिंह, वीरेंद्र सुपरवाइजर, अनुज मलिक, स्टोर प्रबंधक दिनेश भारती, भुवनेश सिक्योरिटी टीम की ओर से करणवीर सिंह, अशोक कुमार, उज्जवल सिंह, श्रमिकों की ओर से मौहम्मद शफी, रशीद, जावेद, आरिफ, बाबू, राकेश, जयपाल, अमर सिंह, अतुल, पप्पू, राजेश, मनोज आदि उपस्थित रहे। स्वच्छता पखवाड़े का संचालन कारखाना प्रबंधक विजय कुमार गुप्ता ने किया।

## एक नजर

### विद्युत मीटर चोरी



**कालागढ़।** पुराना बाजार निवासी नौशाद अहमद ने बताया कि उनके मकान की दीवार पर विद्युत मीटर लगा हुआ था। वह सुबह नमाज के लिए निकले, तो देखा कि खंडहर आवास पर लगा विद्युत मीटर चोरी हो गया है। जिसकी सूचना थाना अफजलगढ़ को दी।

### नूरपुर में होली एकादशी का जुलूस



**नूरपुर।** होली एकादशी का जुलूस शांतिपूर्वक निकल गया। जमकर गुलाल खेला गया। समिति के अध्यक्ष एड. अजय वीर चौधरी के नेतृत्व में प्राचीन शिव मंदिर पर सैकड़ों लोग उपस्थित हुए। जिन्होंने एक दूसरे को रंग लगाकर होली एकादशी के जुलूस की शुरूआत की। जुलूस मुख्य मार्गो से होता हुआ वापस प्राचीन शिव मंदिर पर ही समाप्त हुआ। जुलूस देखने के लिए भीड़ एकत्रित रही। इस मौके पर धर्मेंद्र जोशी, मुकुल गुप्ता, मनोज बंसल, संजीव जोशी, जागेश शर्मा, आशीष वर्मा, महेश सैनी, सचिन सैनी, हिमांशु चौधरी, सरदार रविंद्र सिंह, सरदार सीटू सिंह, अंकित जोशी, मनोज वर्मा, दीपू अग्रवाल, नीरज गोर्ड, निर्देश जोशी, मुकुल गुप्ता, धर्मवीर सिंह दिवाकर, चमन जोशी, प्रवेश जोशी, सत्यम जोशी, लाखन सैनी, विकास वर्मा सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

### होली और जुमे को लेकर फ्लैग मार्च



**नगीना।** होली पर्व और जुम्मे की नमाज को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से नगीना थाना पुलिस ने क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला। नगीना थाना पुलिस की टीम ने कस्बे के मुख्य बाजार, संवेदनशील मौहल्लों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में पैदल गश्त कर आमजन को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। फ्लैग मार्च का नेतृत्व पुलिस क्षेत्राधिकारी डॉ. अंजनी कुमार चतुर्वेदी ने किया। उनके साथ कई उप-निरीक्षक व थाने का स्टाफ मौजूद रहा। मुख्य बाजारों और मिश्रित आबादी वाले इलाकों में रुककर पुलिसकर्मियों ने लोगों से सीधे संवाद स्थापित किया। इसका उद्देश्य संभावित विवादों को पहले ही रोकना और शांति बनाए रखना था। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस अधिकारियों ने व्यापारियों और स्थानीय नागरिकों से बातचीत की। उन्होंने त्योहारों को आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाने की अपील की। साथ ही यह भरोसा दिलाया कि किसी भी आपात स्थिति में पुलिस तत्काल सहायता के लिए उपलब्ध रहेगी। सीओ डॉ. अंजनी कुमार चतुर्वेदी ने स्पष्ट किया कि त्योहारों के दौरान अफवाह फैलाने वालों और असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। सोशल मीडिया पर भ्रामक संदेश फैलाने वालों पर भी निगरानी रखी जा रही है। उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

### माकपा की दिल्ली रैली 24 को

**नजीबाबाद।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) भाजपा सरकार की जन विरोधी नीति, रोजगार छीनो महंगाई बढ़ाओ, किसान विरोधी बीज विधेयक, लेबर कोड वापस लेने, सार्वजनिक शिक्षा, स्वास्थ्य व्यवस्था ठप होने आदि के विरोध में 24 मार्च को रामलीला मैदान दिल्ली में विशाल रैली करेंगे। इसमें बिजनौर जनपद भी भागेदारी करेगा। यह निर्णय लाल झंडा कार्यालय आजाद चौक नजीबाबाद में जिला कमेटी की बैठक में लिया गया। बैठक की अध्यक्षता का. रामपाल सिंह एवं संचालन का. विजेन्द्र सिंह जिला सचिव ने किया। पार्टी 22 मार्च तक गांव-गांव नुक्कड़ सभाएं, जत्थे के माध्यम से किसानों, मजदूरों आम जनता को भाजपा की साम्प्रदायिक, देश को बेचने, अमेरिका के दबाव में समर्पण कर आर्थिक हानि पहुंचाने, देश के विश्वविद्यालयों में धर्म का प्रचार-प्रसार करने का प्रचार करेगी। 24 मार्च को जनपद से 50 माकपा कार्यकर्ता दिल्ली रैली में जाएंगे तथा शेष तहसील स्तर पर सभाएं करेंगे। बैठक में जिला किसान सभा सचिव का. फरीद, का. इसरार, का. इंद्र कुमार, का. शराफत, का. ऋषिपाल सिंह, का. अमर सिंह, का. इसरार अली आदि उपस्थित रहे।

### एकादशी पर श्रीकृष्ण मंदिर में हवन

**राजा का ताजपुर।** एकादशी पर श्रीकृष्ण मंदिर में हवन किया गया। एक-दूसरे को गुलाल लगा कर होली की मुबारकबाद दी। होली रंग गुलाल समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि होली का त्यौहार भाई चारे के साथ मनाए। एक दूसरे का ख्याल रखें। ऐसा कोई काम न करें, जिससे किसी दूसरे धर्म को कोई ठेस न पहुंचे। होली के रंग के दौरान ऐसा कोई काम न करें, जिससे किसी को तकलीफ न पहुंचे। होली के रंग का त्यौहार मोहब्बत का त्यौहार है। उन्होंने कहा कि होली का रंग चार मार्च को बड़ी ही धूमधाम के साथ निकाला जाएगा। पुलिस प्रशासन का सहयोग करें। इस मौके पर भाजपा नेता सुरेश कुमार सैनी, पंडित राकेश शर्मा, कमलजीत सिंह नूर, अनील चंद्रा, धर्म अवतार वर्मा, भगवान दास सैनी, हरि सिंह चौहान, मुनीश दिवाकर, दिवान सिंह त्यागी आदि मौजूद रहे।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**पाकिस्तान और अफगानिस्तान...**

कि अगर पाकिस्तान फिर हमला करता है, तो अफगानिस्तान और ज्यादा कड़ा जवाब देगा। उन्होंने साफ कहा कि भविष्य में किसी भी हमले का जवाब पहले से ज्यादा सख्त होगा। दूसरी तरफ मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम ने दोनों देशों से शांति और संयम बरतने की अपील की है। उन्होंने कहा कि दोनों देश तुरंत सैन्य कार्रवाई रोकें और बातचीत से मसला सुलझाएं। अनवर ने यह भी कहा कि पाकिस्तान की सुरक्षा चिंताएं भी जरूरी हैं, लेकिन अफगानिस्तान की संप्रभुता का सम्मान करना भी उतना ही अहम है। बातचीत ही इसका सही रास्ता है। पाकिस्तान सेना के मीडिया विंग के डायरेक्टर अहमद शरीफ चौधरी ने दावा किया है कि पाकिस्तानी हमलों में 274 तालिबान लड़ाके मारे गए हैं और 400 से ज्यादा घायल हुए हैं। इसके अलावा 115 टैंक, बख्तरबंद गाड़ियां और तोपें भी तबाह कर दी गई हैं। पाकिस्तान ने कहा है कि अफगानिस्तान में उसका सैन्य ऑपरेशन अभी भी जारी है। पाकिस्तानी सेना के मीडिया विंग के प्रवक्ता ने बताया कि यह कार्रवाई प्रधानमंत्री के आदेश पर की जा रही है। वहीं अल जजीरा से बात करते हुए जरगून नाम के एक अफगान नागरिक ने कहा कि गुरुवार रात जब उनके कैंप पर हमला हुआ, तो लोग अपने परिवारों के साथ भागने लगे। लोग अपना सामान छोड़कर भाग गए।

**कोई नहीं कर सकता...** जारी किया है, जिसमें कहा गया है कि उन्हें क्या स्वीकार करना चाहिए और क्या नहीं। इस पर मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि राज्य में इस प्रक्रिया के लिए तैनात न्यायिक अधिकारी इस संबंध में फैसले लेंगे। सीजेआई ने कहा कि हम इस तरह की बातें बर्दाश्त नहीं कर सकते। इसका अंत होना चाहिए। हम अपने न्यायिक अधिकारियों को जानते हैं और वे किसी भी चीज से प्रभावित नहीं हो सकते। इसके साथ सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अदालत ने यह स्पष्ट कर दिया है कि किन दस्तावेजों की जांच की जानी है। न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची ने कहा कि हमारे आदेश बिल्कुल स्पष्ट हैं। पीठ ने कहा कि न तो चुनाव आयोग और न ही राज्य सरकार इस मामले में सुप्रीम कोर्ट द्वारा पारित आदेशों से आगे जाएगी। पश्चिम बंगाल सरकार और चुनाव आयोग के बीच चल रहे गतिरोध से निराश होकर शीर्ष अदालत ने 20 फरवरी को एक असाधारण निर्देश जारी किया। इसमें राज्य में विवादित मतदाता सूचियों की एसआईआर में चुनाव आयोग की सहायता के लिए सेवारत और पूर्व जिला न्यायाधीशों को तैनात करने का निर्देश दिया गया। गौरतलब है कि पिछले सप्ताह अदालत ने राज्य अधिकारियों की नियुक्ति को लेकर राज्य और चुनाव आयोग के बीच विवाद को देखते हुए एसआईआर प्रक्रिया में दावों पर फैसला करने के लिए न्यायिक अधिकारियों की तैनाती का निर्देश दिया था। अदालत ने कहा है कि झारखंड और ओडिशा से भी न्यायिक अधिकारियों को तैनात किया जा सकता है, क्योंकि चुनाव वाले राज्य में समय-सीमा से पहले काम पूरा करने के लिए पर्याप्त जज उपलब्ध नहीं हैं। अदालत ने कहा कि वह आज कोई और निर्देश जारी नहीं कर रहा है और कहा कि उसने एसआईआर को ठीक से चलाने में मदद के लिए राज्य के लगभग सभी न्यायिक अधिकारियों को लगा दिया है।

**शराब घोटाला मामला...** का आरोप पत्र बहुत विस्तृत था, लेकिन उसमें गंभीर खामियां भी थीं। आरोपपत्र में लगाए गए आरोप, गवाहों के बयानों या रिकॉर्ड पर मौजूद पर्याप्त सबूतों से साबित नहीं हो सके हैं। अदालत ने यह भी कहा कि श्री सिसोदिया के खिलाफ कोई प्रथम दृष्ट्या मामला नहीं बनता है और श्री केजरीवाल को पर्याप्त सबूतों के बिना फंसाया गया। अदालत ने जांच में कमियों को लेकर जांच एजेंसी को फटकार भी लगाई। इस आदेश के बाद श्री केजरीवाल ने न्यायपालिका में विश्वास व्यक्त किया और इस मामले को अपनी पार्टी को कमजोर करने के उद्देश्य से रची गई एक राजनीतिक साजिश करार दिया। श्री सिसोदिया ने कहा कि फैसले ने संविधान और कानून के शासन में उनके विश्वास को पुन: पुख्ता किया है। अदालत ने श्री सिसोदिया की भूमिका के बारे में कहा कि ऐसा कोई विश्वसनीय सबूत नहीं है, जो यह दिखाए कि उन्होंने 2021-22 की आबकारी नीति बनाने या लागू करने में गैरकानूनी तरीके से प्रभाव डाला था। अदालत ने कथित अनियमितताओं संबंधी कोई भी बरामदगी नहीं होने का भी उल्लेख किया। उसने श्री केजरीवाल के संबंध में कहा कि उनके मामले में ठोस सामग्री का अभाव था। अदालत ने इस बात पर जोर दिया कि बुनियादी सबूतों के बिना एक संवैधानिक पदाधिकारी पर साजिश का आरोप लगाना स्थापित कानूनी सिद्धांतों से मेल नहीं खाता है। मामले का केंद्र बिंदु रही आबकारी नीति दिल्ली सरकार ने आबकारी कारोबार में सुधार और राजस्व बढ़ाने के मकसद से पेश की थी। इसमें अनियमितताओं के आरोप लगने के बाद दिल्ली के उपराज्यपाल ने सीबीआई जांच की सिफारिश की थी। सीबीआई और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) दोनों ने आरोप लगाया था कि इस नीति से चुनिंदा निजी कंपनियों को अनुचित लाभ मिला था।

## शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद को हाईकोर्ट से मिली बड़ी राहत

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से पेश हुए अपर महाधिवक्ता मनीष गोयल ने याचिका पोषणीयता पर सवाल उठाए। कहा कि अग्रिम जमानत के लिए सीधे हाईकोर्ट नहीं आ सकते। उन्होने सुप्रीम कोर्ट के कई फैसलों का हवाला दिया।

शंकराचार्य के वकील ने कहा पीड़ित का मुकदमा संरक्षक के जरिए दर्ज कराया है। उसके माता-पिता और अभिभावकों का कोई पता नहीं है। सरकार ने कहा कि असाधारण हालात में ही अग्रिम जमानत सीधे हाईकोर्ट आ सकती है।

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज (सी०डि०) महोदय, मुरादाबाद।**
**सिविल वाद सं०:** 50/2025
**तारीख पेशी:** 25.03.2026
**गफ्फार हुसैन आदि बनाम इश्तियाक हुसैन आदि।**
**बनाम**
श्रीमती नाजिया पुत्री मरहूम इश्तियाक हुसैन पत्नी सलीम निवासनी रोडवेज बस स्टैण्ड के पास, बढ़ापुर तहसील नगीना जिला बिजनौर। हरगाह **वादीगण** ने आपके नाम एक एवं नालिश बावत निषेधाज्ञा की डिग्री कराने हेतु दायर की है। लिहाजा आपको हुक्म होता है कि तारीख 25 माह 03 सन् 2026 बवक्त 10 बजे दिन के असालतान या मार्फत अपने वकील जो मुकदमा के हालात से वाकिफ हो हाजिर हो और जवाब देही करें। आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करें जिन्हें अपनी जबाव देही में इस्तेमाल करना चाहते हैं। आपको इत्तिला दी जाती है कि आप अगर बरोज मजकूर हाजिर न होंगे तो वाद बगैर हाजिर आपके मन्सूख और फैसला होगा। दस्तख्त मेरे व मोहर आज बतारीख 27 के माह 02 सन् 2026 को जारी किया है।
**मुन्सरिम**
**न्यायालय सिविल जज (सी०डि०) मुरादाबाद।**

मुक़द्दस रमजान माह की मुबारकबाद
दसवां रोजा वक्त इफ्तार 28 फरवरी शाम 6:19
ग्यारहवां रोजा वक्त सहरी 01 मार्च सुबह 5:19

# कुख्यात सार्थक चौधरी व अंकित पहाड़ी गिरफ्तार

## गैंगस्टर एक्ट में पुलिस ने दबोचा, लम्बा आपराधिक इतिहास

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** शहर कोतवाली पुलिस ने कुख्यात बदमाश रिक्की उर्फ सार्थक चौधरी व अंकित पहाड़ी को गैंगस्टर एक्ट में गिरफ्तार कर लिया है। फिल्म अभिनेता मुश्ताक खान के अपहरण व फिरौती वसूलने के मामले में दस अभियुक्तों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट में मुकदमा पंजीकृत कराया गया था।

प्राप्त समाचार के अनुसार फिल्म अभिनेता मुश्ताक खान के अपहरण के सनसनीखेज मामले से बिजनौर की मुम्बई तक बदनामी हुई थी। पुलिस ने सराहनीय काम करते हुए इस मामले में आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था। आरोपियों पर शिकंजा कसने के लिए शहर कोतवाली में 12 फरवरी को रिक्की उर्फ सार्थक चौधरी पुत्र राजीव निवासी मौहल्ला रम्मू का चौराहा, अंकित उर्फ पहाड़ी पुत्र रवि निवासी राम का चौराहा, सर्राफा बाजार, अजीम अहमद पुत्र नसीम अहमद निवासी मौहल्ला कस्सावान, अर्जुन कर्णवाल पुत्र रवि निवासी मौहल्ला बुल्ला का चौराहा, गोला उर्फ दिपेन्द्र उर्फ आकाश पुत्र आशाराम, शिवा पुत्र लेखराज सिंह, लवी उर्फ सुशांत उर्फ हिमांशु पुत्र जयपाल सिंह निवासीगण नई बस्ती, शुभम पुत्र राकेश निवासी मौहल्ला चमरपेड़ा, शबीउद्दीन उर्फ सैबी पुत्र सलीमुद्दीन निवासी मौहल्ला अचारजान सब्जी मण्डी एवं गाजियाबाद की जनकपुरी कॉलोनी निवासी सशांक पुत्र इस्पेंद्र के खिलाफ मुकदमा अपराध संख्या 108/2026 गैंगस्टर एक्ट में पंजीकृत किया गया था। पुलिस ने आज कुख्यात बदमाश रिक्की उर्फ सार्थक चौधरी एवं अंकित उर्फ पहाड़ी को गिरफ्तार कर लिया है। रिक्की के खिलाफ हत्या व जानलेवा हमले सहित गंभीर धाराओं में 18 मुकदमे पंजीकृत है।

जबकि अंकित के खिलाफ चार मुकदमें पंजीकृत है। इस मामले में अब तक अर्जुन कर्णवाल, शुभम, आकाश व शबीउद्दीन की गिरफ्तारी हो चुकी है। जबकि अजीम ने न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया था।

## अल्लाह की रहमत लेकर आता है रमजान

**हल्दौर।** मदरसा इस्लामिया अरबिया इशातुल उलूम में आयोजित महिलाओं के इज्तिमा में मदरसे की आलिमा शबनम खातून ने रमजान और रोजे की फजीलत पर रोशनी डालते हुए कहा कि रमजान अल्लाह की रहमत लेकर आता हैं। रमजान और रोजो की बरकत से गुनाह माफ होते हैं। रिज्क में बरकत होती हैं और जहन्नम से कैदियों को निजात मिलती हैं।

अमरीन और यासमीन ने बताया कि कुछ लोगों की रमजान के मुबारक महीने में भी मगफिरत नहीं होती है, जैसे कि चुगली, हसद करने वाले मां-बाप के नाफरमान, झूठ बोलने वाले दिल में किन्हा रखने वालों की मगफिरत नहीं होती हैं। मौलाना मौहम्मद इरशाद ने बताया कि रोजे का मकसद तकवा हैं, अपने तमाम गुनाहों से तौबा करें, अल्लाह को राजी करे, रोजे का बदला, अल्लाह ताआला खुद कयामत के दिन देगा, बाकि आमाल का बदला फरिश्ते देगें।

## लाखों ने अदा की जुमे की नमाज

### अमन व भाईचारे की मांगीं गई दुआएं

**बिजनौर।** मुकद्दस रमजान माह के दूसरे जुमे के मौके पर मुख्यालय स्थित जामा मस्जिद सहित विभिन्न मस्जिदों में लाखों ने नमाज अदा की। इस मौके पर मुल्क में अमन व भाईचारे की दुआएं भी की गई। सभी ने गिड़गिड़ाकर दुआएं मांगी। छोटे बच्चों के द्वारा भी अकीदत के साथ नमाज अदा की गई।



## एक नजर

### पचास लाख का मलवा लूटा

**राजा का ताजपुर।** स्थानीय रियासत के राजा की पुत्रवधू ने चार लोगों पर खंडहर हवेली का करीब पचास लाख रुपए का मलवा लूटकर बेचने का आरोप लगाते हुए न्यायालय के माध्यम से पुलिस में मुकदमा दर्ज कराया है। वर्तमान में नेहरू कॉलोनी, देहरादून निवासी बबीता पत्नी विकास रिख ने न्यायालय के द्वारा पुलिस में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि उनके पति का स्वर्गवास हो चुका है। वह अपने बच्चों की पढ़ाई के सिलसिले में देहरादून में रहती है। समय-समय पर अपने घर ताजपुर आती रहती है। बबीता के अनुसार उनके ससुर कुंवर रघुपति रिख का स्वर्गवास 2002 में हो चुका है। उनके ससुर व ताऊ-चाचा ने एक हवेली वर्ष 1972 में खरीदी थी तथा पूरी बिल्डिंग तीन मंजिला बनी हुई है। ससुर व पति की मृत्यु के बाद उक्त विरासत पर वह मालिक काबिज है। आरोप है कि उनकी अनुपस्थिति में तीस अगस्त 2025 को ग्राम के ही साजिद, जाहिद व आसिफ पुत्रगण इरशाद हुसैन एवं फहीम पुत्र तसलीम अहमद ने एकराय होकर हवेली गिरा दी। बड़ा राजशाही दरवाजा, चौखटें, सरिया तथा ईंटें चोरी कर के ले गए तथा फहीम को बेच दी। इस सामान की कीमत करीब पचास लाख रुपए है। इसका पता लगाने पर वह ताजपुर आई तथा इन लोगों से हवेली में तोड़फोड़ व मलवे की चोरी की बाबत मालूमात किया, तो उसे कोई कानूनी कार्यवाही न करने की बात कहकर मलबे आदि की भरपाई करने का भरोसा दिलाया। अच्छे परिवार से ताल्लुक रखने के कारण वह इन लोगों की बातों पर विश्वास करती रही और कोई प्रार्थना पत्र नहीं दिया। आरोप है कि विपक्षी अपने भरोसे पर खरे नहीं उतरे तथा मलबे की भरपाई न करने के साथ ही हवेली पर कब्जा करने की धमकी दे रहे हैं। पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज करने की पुष्टी की है।

### नूरपुर में सोमपाल गिरफ्तार

**बिजनौर।** नूरपुर पुलिस ने ग्राम पूरनपुर स्याना निवासी सोमपाल उर्फ मुन्ना पुत्र आशे राम को मुकदमा अपराध संख्या 365/2024 धारा 420, 406, 504 व 506 आईपीसी एवं एससी/एसटी एक्ट में गिरफ्तार किया है। सोमपाल वर्तमान में थाना शिवाला कलां के ग्राम रतनगढ़ में रह रहा था। ग्राम पूरनपुर स्याना निवासी राजीव पुत्र प्रेम सिंह ने 19 सितम्बर 2024 को थाने में तहरीर दी थी कि सोमपाल व अखिल कुमार पुत्र अमर सिंह ने उसका ट्रैक्टर खेत जोतने के लिए लिया था। लेकिन धोखाधड़ी कर ग्राम निवासी सुशील पुत्र हजारी सिंह को बेच दिया। ट्रैक्टर वापस मांगने पर अभियुक्तों ने गाली-गलौच करते हुए उसे जान से मारने की धमकी दी।

### अफजलगढ़ में अरविंद गिरफ्तार

**बिजनौर।** अफजलगढ़ पुलिस ने ग्राम हिदायतपुर टांडा निवासी अरविन्द कुमार पुत्र ठकरी को भारी मात्रा में कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है। क्षेत्र में कच्ची शराब का कारोबार जम कर हो रहा है। ग्रामों में शराब माफियाओं ने अपने ठिकाने बना रखे हैं। शराब माफिया इन ठिकानों पर शराब पहुंचाते हैं। जहां से इनकी बिक्री की जाती है। होली के मौके पर क्षेत्र में कच्ची शराब की बिक्री काफी ज्यादा बढ़ गई है।

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मौहम्मद गाजी
पूर्व विधायक
बढ़ापुर व अफजलगढ़
विधानसभा क्षेत्र

मुकद्दस रमजान की बधाई
डॉ. मनोज वर्मा
वर्मा मैटरनिटी एवं नर्सिंग होम
स्टेशन रोड, स्योहारा

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
एम.आर पाशा
राष्ट्रीय अध्यक्ष- राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन
ब्रांड एंबेसडर
लोकसभा चुनाव 2024

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
वहाब कुरैशी
उत्तरी सहकारी समिति के पूर्व वाइस चेयरमैन
नहटौर

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मनोज पारस
सपा विधायक
नगीना
विधानसभा क्षेत्र

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मौ. आसिफ शान
चेयरमैन
नगर पंचायत, मण्डावर

मुकद्दस रमजान माह की दिल की गहराईयों से सभी रोजेदारों को मुबारकबाद
अजमल उमर एड.
वरिष्ठ समाजसेवी
पूर्व प्रत्याशी चेयरमैन पद- भाजपा
नगर पंचायत, मण्डावर

रमजान माह की शुभकामनाएं
रामअवतार सैनी
सपा विधायक
नूरपुर विधानसभा क्षेत्र
जनपद-बिजनौर

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
राशिद हुसैन
पूर्व जिलाध्यक्ष
समाजवादी पार्टी
जनपद-बिजनौर
पूर्व चेयरमैन, झालू

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
जावेद रहमान शम्सी
मुरादाबाद मण्डल अध्यक्ष/प्रभारी-पश्चिमी उ. प्र. उद्योग व्यापार मण्डल, मुरादाबाद
इंडियन बुक डिपो व स्पोर्ट्स, धामपुर

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मौ. इमरान समी कुरैशी
ग्राम प्रधान
कोतवाली देहात
जनपद बिजनौर

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
साजिद कुरैशी
प्रधान पद के भावी उम्मीदवार
ग्राम करौंदा मुस्लिम, कोतवाली देहात

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
कपिल कुमार
जिला पंचायत सदस्य
पूर्व प्रत्याशी-19
बढ़ापुर वि.स. क्षेत्र
समाजवादी पार्टी

मुकद्दस रमजान की बधाई
विवेक सेन
सदस्य जिला पंचायत
जिला योजना समिति बिजनौर
मुरादाबाद मंडल महासचिव
आजाद समाज पार्टी कांशीराम
संस्थापक सदस्य-आजाद समाज पार्टी कांशीराम
संभावित प्रत्याशी-धामपुर विधानसभा-20

आज़ाद समाज पार्टी (कांशीराम)
चुनाव चिन्ह केतली
विधानसभा क्षेत्र -19 बढ़ापुर से
विधायक पद के सम्भावित उम्मीदवार
मौ० सलमान
मा. एड. चन्द्रशेखर आज़ाद
राष्ट्रीय अध्यक्ष/सांसद लोकसभा-5, नगीना
आज़ाद समाज पार्टी (कांशीराम)
की जानिब से ईद-उल-फितर की दिली मुबारकबाद
मौ० सलमान
कार्यकर्ता
आज़ाद समाज पार्टी (कांशीराम)

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
हाजी मौ. इलियास
पूर्व लोकसभा प्रभारी
बसपा, मुरादाबाद
निवास-स्योहारा

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मौ. साईम राजा
मैनेजर
मौलाना मौहम्मद अली जौहर हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूट, किरतपुर

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
अब्दुल मन्नान
चेयरमैन
नगर पालिका
किरतपुर

रमजान माह की शुभकामनाएं
चौधरी रवि कुमार सिंह
चेयरमैन
नगर पालिका, धामपुर

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
हाजी अब्दुल कादिर
वरिष्ठ समाजसेवी
नहटौर

रमजान माह की बधाई
मूलचन्द चौहान
पूर्व मंत्री
उत्तर प्रदेश सरकार

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
नजीबुल हसन
युवा सपा नेता
मुस्लिम चौधरियान
स्योहारा

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मौहम्मद जैद रशीद
युवा समाजसेवी, नहटौर
अनस इकरार
चेयरपर्सन नगर पालिका, नहटौर

## एक नजर

### शव पहुंचने पर कोहराम



**अफजलगढ़।** मानियावाला निवासी सचिन कुमार (28 वर्ष) पुत्र अनुज कुमार एम्स ऋषिकेश में रहकर एम्बुलेंस चलाने का कार्य करता था। वह अपने दोस्तों के साथ नजीबाबाद में शादी समारोह में आए थे। वापसी में वह व एक अन्य हादसे का शिकार हो गए थे। आज पोस्टमार्टम के बाद जैसे ही शव उसके घर पहुंचा, तो परिजनों में को. हराम मच गया। सचिन का पांच वर्षीय पुत्र पापा की मौत पर गहरे सदमे में है।

### कुत्ते के हमले में बालिका घायल



**अफजलगढ़।** ग्राम आसफाबाद चमन स्थित प्राथमिक विद्यालय से छुट्टी के बाद घर वापस जा रही गायत्री (छह वर्ष) पुत्री संदीप कुमार पर आवारा कुत्तों ने अचानक हमला कर उसे घायल कर दिया। कुत्ते ने उसके हाथ में काट लिया। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोगों ने मौके पर पहुंच कर किसी तरह कुत्तों को भगाकर छात्रा को उनके चंगुल से छुड़ाया। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से आवारा कुत्तों पर अंकुश लगाने और नियमित रूप से पकड़वाने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटना न हो।

### बावरिया गिरोह से खतरा

**कालागढ़।** कार्बेट टाइगर रिजर्व के वन क्षेत्र में होली पर वन व वन्य जीवों की सुरक्षा के मद्देनजर अलर्ट जारी किया गया है। कर्मचारियों की छुट्टियों पर रोक लगा दी गई है। होली पर जंगलों में लकड़ी माफिया और वन्य जीव तस्करों से खतरा रहता है। बावरिया गिरोह की आहट से बाघ जैसे जीव की सुरक्षा भी खतरे में पड़ जाती है। कार्बेट टाइगर रिजर्व के निदेशक डॉ. साकेत बड़ोला के अनुसार होली पर्व पर अलर्ट जारी कर दिया गया है। चैकिंग अभियान व गश्त बढ़ा दी गई है। सीमावर्ती क्षेत्र के ग्रामीणों से सुरक्षा में सहयोग मांगा जा रहा है।

### फादरसन में टीकाकरण शिविर



**चांदपुर।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा फादरसन पब्लिक स्कूल में खसरा (मैजलेस) एवं रूबेला टीकाकरण शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर के दौरान विद्यालय के 91 विद्यार्थियों को टीके लगाए गए। टीकाकरण की प्रक्रिया एएनएम नेहा कुमारी एवं एएनएम अर्चना राजपूत द्वारा सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराई गई। विद्यालय के प्रधानाचार्य अमन कुमार सूर्यवंशी ने स्वास्थ्य विभाग उत्तर प्रदेश के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह अभियान बच्चों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने शिविर की सफलता का श्रेय शिक्षक प्रिया सिंह, शिक्षक आदित्य तथा समस्त विद्यालय स्टाफ के सहयोग एवं विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी को दिया। प्रधानाचार्य ने कहा कि इस प्रकार के स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम बच्चों को गंभीर बीमारियों से सुरक्षित रखने में अत्यंत सहायक सिद्ध होते हैं।

### रासेयो शिविर का समापन



**चांदपुर।** क्षेत्र के ग्राम फीना स्थित श्री हरिपाल शास्त्री स्मारक स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम मुस्तफाबाद तथा ग्राम सरकथल में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी दलीप कुमार तथा पीयूष वर्मा के नेतृत्व में चल रहा था। जिसका विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ समापन हो गया। स्वयंसेवियों ने पर्यावरण जागरूकता पर लघु नाटक प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कॉलेज के प्रबंधक ठाकुर अशोक शास्त्री स्वयंसेवियों द्वारा प्रस्तुत किए गए कार्यक्रमों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि स्वयंसेवी छात्रों द्वारा समस्त कार्यक्रम बहुत ही प्रेरणा प्रद और ज्ञानवर्धक है। इस प्रकार के कार्यक्रमों से ही छात्रों के व्यक्तित्व का विकास होता है। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी दलीप कुमार ने 7 दिन तक चलने वाले समस्त कार्यक्रमों की आख्या प्रस्तुत की। कॉलेज प्राचार्य डॉ.अशोक कुमार ने कहा कि समाज सेवा बहुत ही पुण्य का कार्य है। यह कभी व्यर्थ नहीं जाएगी।कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम की संयोजक डॉ. शिवाली राजपूत द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में हम होंगे कामयाब एक दिन गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में भाग लेने वाले समस्त स्वयंसेवियों को प्रबंध तंत्र द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर कालेज निदेशक ठाकुर आकाश शास्त्री, प्राचार्य डॉ. अशोक शर्मा, प्रॉक्टर डॉ. आरपी सिंह, सुषैन बाबू शर्मा, छाया राजपूत, विवेक कुमार, सोनू कुमार, डा. वरुण कुमार, प्रशांत चौधरी, डा. ओमपाल त्यागी, रुचि राजपूत, शनि चौहान, रुक्मिणी देवी, प्रदीप कुमार, राजेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

### बालक को सांप ने डसा, सांप की मौत



**नहटौर।** धामपुर मार्ग पर स्टेट बैंक के पास स्थित एक बर्तन व्यापारी शोभित जैन (हैप्पी) का गोदाम है। उनका 13 वर्षीय बेटा आर्जव जैन गोदाम के काउंटर पर खड़ा था, तभी अचानक एक सांप ने उसके पैर में डस लिया। सांप के डसने के कुछ समय बाद ही सांप की मौत हो गई। आर्जव को तुरंत नहटौर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। इस घटना में सबसे ज्यादा चर्चा सांप की मौत को लेकर हो रही है। आमतौर पर सांप के काटने से इंसान की जान को खतरा होता है। मरे हुए सांप को एक प्लास्टिक के डिब्बे में बंद करके रखा गया है। सर्प मित्र बी भास्कर ने बताया कि यह सर्प कॉमन वोल्फ प्रजाति का है। यह जहरीला नहीं होता है। संभवत: सांप की मौत पैर आदि रखे जाने से हुई होगी।

### बन्द रहेंगी शराब की दुकानें

**कालागढ़।** आबकारी अधिनियम 1910 की धारा-59 में प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए जिला मजिस्ट्रेट जसजीत कौर द्वारा होली के त्यौहार के अवसर पर मादक पदार्थों के सेवन को रोकने हेतु तीन मार्च की रात्रि दस बजे से चार मार्च को सायं पांच बजे तक आबकारी दुकानों को पूर्णतया बन्द रखने का आदेश दिया गया है।

# हादसे में बुजुर्ग की मौत, तीन घायल

## दो बाइकें आपस में टकराई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** दो बाइकों की जोरदार टक्कर में वृद्ध की घटना स्थल पर ही मौत हो गई तथा तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

प्राप्त समाचार के अनुसार मौहल्ला किला निवासी मौहम्मद आलम पुत्र मौहम्मद सरवर अपनी चचेरी बहन सानिया पुत्री रफीक अहमद के साथ इंटरमीडिएट की दूसरी पाली में परीक्षा देने बाइक से राजबाला इंटर कॉलेज कासमपुर गढ़ी जा रहे थे। जैसे ही वह ग्राम उद्योवाला पहुंचे, तो विपरीत दिशा से आ रही बाइक से उनकी जोरदार टक्कर हो गई। जिससे उक्त बाइक के चालक की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई तथा पीछे बैठी महिला व दोनों परीक्षार्थी गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक की पहचान जितेंद्र सिंह (60 वर्ष) पुत्र दीनदयाल सिंह निवासी ग्राम सुहाग. पुर (धामपुर) के रूप में हुई। बाइक पर पीछे बैठी रिश्तेदार महिला अर्चना पत्नी तेजपाल सिंह निवासी कासमपुर गढ़ी गंभीर रूप से घायल हो गई। जितेंद्र सिंह अपनी साली अर्चना सिंह को लेकर अपने ग्राम सुहागपुर जा रहे थे।




सूचना पाकर पहुंची कासमपुर गढ़ी चौकी पुलिस ने शव को कब्जे में ले कर घायलों को पीएचसी में भर्ती कराया।

चिकित्सक द्वारा मौहम्मद आलम, सानिया तथा अर्चना की गंभीर अवस्था देखते हुए तीनों को हायर सेंटर रैफर कर दिया। चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक मनवीर सिंह ने कहा कि यदि किसी पक्ष की ओर से तहरीर मिलती है, तो कार्यवाही की जाएगी।

# अवैध खनन पर पुलिस की कार्रवाई

## मिट्टी से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़ी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** पुलिस ने अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए मिट्टी से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को पकड़ लिया। पुलिस द्वारा मामले की रिपोर्ट एसडीएम नजीबाबाद को वैधानिक कार्रवाई के लिए भेज दी गई है।

सूत्रों के अनुसार क्षेत्र में लंबे समय से खनन माफिया रात के अंधेरे में सक्रिय हैं और अवैध रूप से रेत व मिट्टी का खनन कर सरकार को लाखों रुपये के राजस्व का नुकसान पहुंचा रहे हैं। पुलिस की यह कार्रवाई सराहनीय जरूर है, लेकिन स्थानीय लोगों का कहना है कि कभी-कभार की कार्रवाई से खनन माफियाओं पर पूरी तरह लगाम लग पाना मुश्किल है।

क्षेत्र में कई स्थानों पर रात के समय ट्रैक्टर-ट्रॉलियों से अवैध खनन किया जा रहा है। यदि प्रशासन और पुलिस लगातार सख्ती बरतें तो सरकार को होने वाले लाखों रुपये के राजस्व नुकसान को रोका जा सकता है।

स्थानीय लोगों व जानकारों का मानना है कि खनन माफियाओं पर लगाम लगाने के लिए प्रशासन को कुछ सख्त कदम उठाते हुए रात में संयुक्त पुलिस-प्रशासनिक गश्त बढ़ाई जाने की मांग की और अवैध खनन में पकड़े गए वाहनों को सीज कर भारी जुर्माना लगाया जाना चाहिए। खनन स्थलों जैसे ग्राम हुसैनपुर का पूरा क्षेत्र जो मौजमपुर पुलिस चौकी में आता है। भनेड़ा चौकी में पड़ने वाला क्षेत्र और नगर में स्थायी निगरानी और चेकिंग अभियान चलाया जाए। खनन माफियाओं के मुख्य सरगनाओं पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए।

अगर पुलिस और प्रशासन इसी तरह लगातार और बड़ी कार्रवाई करते रहें तो क्षेत्र में अवैध खनन पर काफी हद तक रोक लगाई जा सकती है। वरना खनन माफिया रात के अंधेरे का फायदा उठाकर सरकारी खजाने को चूना लगाते रहेंगे।

## युवक को मारपीट कर किया घायल

**शेरकोट।** खेत में गन्ना बोने के दौरान गाड़ी निकालने को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि विरोध करने पर युवक के साथ मारपीट की गई, जिससे वह बेहोश हो गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम शहजादपुर निवासी सलोनी रानी पत्नी हिदेश कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 24 फरवरी को दोपहर करीब एक बजे उनके जेठ उदयवीर सिंह अपने खेत में गन्ना बो रहे थे। इसी दौरान गांव निवासी हरिओम के पुत्र रिंकू ने उनके खेत में गन्ना बोए गए हिस्से से गाड़ी निकाल दी। मना करने पर आरोपी ने उदयवीर सिंह के साथ मारपीट कर दी। परिजनों का आरोप है कि मारपीट में उदयवीर सिंह गंभीर रूप से घायल होकर बेहोश हो गए। उन्हें उपचार के लिए स्थानीय चिकित्सक के पास ले जाया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# एसआईआर से आम जनता परेशान : कश्यप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कश्यप संघर्ष समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष और समाजवादी पिछड़ा वर्ग के जिला अध्यक्ष बी.के. कश्यप एड. के नेतृत्व में संसदीय अध्ययन समिति के सभापति किरन पाल कश्यप ने कहा कि एसआईआर से आम जनता को परेशानी हो रही है।

प्राप्त समाचार के अनुसार समाजवादी व्यापार सभा के अध्यक्ष राजेश गोयल के आवास पर उनका भव्य स्वागत किया गया। श्री कश्यप ने कहा कि आज की राजनीति दूसरे तरह की हो गयीं हैं। पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव और पूर्व पीएम चौधरी चरण सिंह हमेशा महंगाई, शिक्षा, स्वास्थ्य, किसान, मजदूर, बेरोजगारी जैसे मुद्दों पर राजनीति करते थे और जनता से जुड़े हर बेसिक तथ्यों को ले कर सड़क से सदन तक संघर्ष करते थे, परंतु आज इन बातों पर कोई कार्य नहीं कर रहा है। एसआईआर को लेकर जनता को परेशान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वोट लोकतंत्रवादी व्यवस्था का अहम हिस्सा है। उन्होंने कहा कि सही वोट कटना नहीं चाहिए और गलत वोट बनना नहीं चाहिए।



राजेश गोयल के आवास पर स्वागत

इस अवसर पर बीके कश्यप एड. ने कहा कि केवल पिछड़ों की लड़ाई को सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ही लड़ रहे हैं, इसलिए वो आज के समय में पिछड़ों के सर्व मान्य नेता हैं। उन्होंने कहा कि कश्यप समाज को पहचान दिलाने में किरन पाल कश्यप का अहम योगदान है। इस अवसर पर देवानंद, आशु कश्यप, ठाकुर यादव एड., विपिन एड., फिरोज एड., सोनू कश्यप, मोहित ठाकुर, विनय कुमार, अशोक कुमार, भारत कश्यप, राहुल कश्यप, अजीम कुरैशी, राजकुमार राठी, नरेंद्र, राकेश गुलाटी, दिनेश कश्यप, पंकज कश्यप आदि उपस्थित रहे।

# दो बाइकों की भिड़ंत में एक की मौत, दो घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** क्षेत्र के गांव वाजिदपुर के समीप दोपहर हुए दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसकी पत्नी और दूसरी बाइक पर सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना कोतवाली शहर क्षेत्र के गांव जीतपुरा निवासी सचिन कुमार (40) अपनी पत्नी बृजेश के साथ बाइक से नहटौर क्षेत्र के गांव तमरौला स्थित अपने फूफा के यहां शोक संवेदना व्यक्त करने जा रहे थे। इसी दौरान हल्दौर-गंज मार्ग पर गांव वाजिदपुर के निकट सामने से आ रही एक अन्य बाइक से उनकी आमने-सामने की जोरदार भिड़ंत हो गई।

दूसरी बाइक पर गंज निवासी राहुल कुमार सवार था, जो हल्दौर से रंग-गुलाल खरीदकर अपने घर लौट रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि तीनों बाइक सवार सड़क पर दूर जा गिरे। हादसे में गंभीर रूप से घायल सचिन कुमार ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। उनकी पत्नी बृजेश और राहुल कुमार को गंभीर अवस्था में अस्पताल भेजा गया है, जहां उनका उपचार जारी है।

घटना की सूचना मिलते ही मृतक के परिजन मौके पर पहुंच गए। अचानक हुए हादसे से परिवार में कोहराम मच गया और गांव में शोक की लहर दौड़ गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है।

थाना प्रभारी निरीक्षक किशन अवतार सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आमने-सामने की टक्कर का प्रतीत हो रहा है। दुर्घटना के कारणों की गहनता से जांच की जा रही है तथा आवश्यक विधिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## महिला से हाथापाई का वीडियो वायरल

**नजीबाबाद।** जलालाबाद के साप्ताहिक बाजार में एक महिला पर चोरी का आरोप लगाकर कपड़ा व्यापारी द्वारा कथित रूप से हाथापाई किए जाने का मामला सामने आया है। वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि साप्ताहिक बाजार के भीतर एक कपड़ा व्यापारी महिला के साथ धक्का-मुक्की करता नजर आ रहा है। व्यापारी महिला पर चोरी का आरोप लगा रहा है। घटना के दौरान आसपास काफी भीड़ मौजूद है। कुछ लोग तमाशबीन बने दिखाई देते हैं। वीडियो में कुछ पुलिसकर्मी भी आसपास खड़े नजर आ रहे हैं। हालांकि, वीडियो में व्यापारी और महिला के बीच हाथापाई जारी रहती दिखती है। इसको लेकर सोशल मीडिया पर सवाल उठाए जा रहे हैं कि मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने तत्काल हस्तक्षेप क्यों नहीं किया। घटना के बाद क्षेत्रीय एनजीओ एंटी करप्शन ब्यूरो एंड वेलफेयर फाउंडेशन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट कर मामला उठाया। एनजीओ ने पोस्ट में पुलिस महानिरीक्षक बरेली, बिजनौर पुलिस और उत्तर प्रदेश सरकार को टैग करते हुए निष्पक्ष जांच और प्रशासनिक कार्रवाई की मांग की। एनजीओ ने अपने पोस्ट में साप्ताहिक बाजार की वैधता स्पष्ट करने की भी मांग की है। उनका कहना है कि यदि बाजार संचालित हो रहा है, तो वहां सुरक्षा और कानून व्यवस्था सुनिश्चित करना प्रशासन की जिम्मेदारी है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से पूरे प्रकरण की पारदर्शी जांच कराने की अपील की। सोशल मीडिया पर मामला उछलने के बाद पुलिस ने घटना का संज्ञान लिया है। पुलिस ने थाना प्रभारी नजीबाबाद राहुल सिंह को जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि वीडियो की सत्यता की जांच की जा रही है और तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पूरे मामले में जांच जारी है। स्थानीय लोगों और सामाजिक संगठनों की नजर पुलिस की कार्रवाई पर टिकी है। जांच रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा कि घटना की वास्तविक परिस्थितियां क्या थीं और किस स्तर पर कार्रवाई की आवश्यकता है।

# रंग एकादशी पर निकली शोभायात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** नगर में रंग एकादशी के पावन अवसर पर शुक्रवार को भव्य एवं आकर्षक शोभायात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन श्री राधे कृष्णा सामाजिक विकास समिति के तत्वावधान में श्रद्धा, उत्साह और उल्लास के साथ संपन्न हुआ।

शोभायात्रा का शुभारंभ धुलिया महादेव संस्थान परिसर से हुआ, जहां मुख्य अतिथि संदीप शर्मा, पंकज चौहान एवं सीताराम सैनी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया। उद्घाटन के साथ ही वातावरण जयकारों और भक्ति गीतों से गूंज उठा।



शोभायात्रा धुलिया महादेव संस्थान से प्रारंभ होकर टाट मोहरा चौराहा, मस्जिद चौक, मेन मार्केट स्थित शहीद स्मारक, हरबंश गंज बाजार और मोहल्ला भूड़ सहित नगर के प्रमुख मार्गो से होकर पुन: निर्धारित स्थल पर पहुंचकर सम्पन्न हुई। यात्रा के दौरान श्रद्धालु भक्ति गीतों की धुन पर झूमते नजर आए। जगह-जगह नागरिकों द्वारा पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया गया, जिससे वातावरण भक्तिमय हो उठा। इस अवसर पर नगरवासियों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर रंग एकादशी की शुभकामनाएं दीं। पूरे मार्ग में उत्साह, सौहार्द और धार्मिक आस्था का अनुपम संगम देखने को मिला। शोभायात्रा में महिला, पुरुष और युवाओं की उल्लेखनीय सहभागिता रही।

कार्यक्रम की व्यवस्थाओं में समिति के पुनीत शर्मा, शगुन चौहान, अशोक चौहान एवं अनूप अग्रवाल सहित अन्य पदाधिकारी सक्रिय रूप से जुटे रहे। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह मुस्तैद रहा। सीओ सिटी संग्राम सिंह के नेतृत्व में पुलिस बल तैनात रहा, जिससे आयोजन शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ।

रंग एकादशी के इस आयोजन ने नगर में धार्मिक एकता और सामाजिक समरसता का सशक्त संद. ेश दिया।

## एक नजर

### बी.फार्मा का परीक्षाफल घोषित



**बिजनौर।** विवेक कॉलेज ऑफ टेक्निकल एजुकेशन बिजनौर का बी. फार्मा कोर्स के तृतीय, पंचम एवं सप्तम सेमेस्टर का परीक्षाफल डा. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय द्वारा घोषित कर दिया गया है। जिसमें तृतीय सेमेस्टर में मौ. साकिब ने 10 एसजीपीए में से 8.59 एसजीपीए के साथ प्रथम अवनि त्यागी, प्रिंस व साईना कमल ने संयुक्त रूप से 8.30 एसजीपीए के साथ द्वितीय व अब्दुल रहमान ने 8.26 एसजीपीए के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। पंचम सेमेस्टर मे हर्ष चौहान ने 10 एसजीपी0 में से 8.50 एसजीपी0 के साथ प्रथम, योगिता चिंदवाल ने 8.36 एसजीपीए के साथ द्वितीय व माही दबवाल और माही राजपूत ने संयुक्त रूप से 8.29 एसजीपीए के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं सप्तम सेमेस्टर मे लयबा शारिक ने 10 एसजीपीए में से 9.08 एसजीपीए के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया व अदिती, हिफजा एवं यशा समानीन ने संयुक्त रूप से 8.77 एसजीपीए के साथ द्वितीय व सना अल्ताफ, तनिष्का तालियान और यशिका सिंह ने 8.62 एसजीपीए के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय के चेयरमैन अमित गोयल ने बताया कि महाविद्यालय में निरन्तर कक्षाओं का संचालन वरिष्ठ प्रवक्ताओं द्वारा किया जाता है। इस अवसर पर प्रबन्धतंत्र एवं प्राचार्य डा. सौरभ शर्मा ने छात्र/छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके मंगलमय भविष्य की कामना की।

### एकादशी पर निकला सूखे रंगों का जुलूस



**शेरकोट।** रंग एकादशी के पावन पर नगर में हर्षोल्लास और उत्साह के साथ सूखे रंगों का भव्य जुलूस निकाला गया। डीजे की थाप पर थिरकते हुरियारों ने पूरे नगर का माहौल भक्तिमय और रंगमय बना दिया। प्रतिभागियों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दीं और भाईचारे का संदेश फैलाया। सुबह से ही नगर में उत्सव का माहौल देखने को मिला। डीजे पर बजते होली गीतों पर लोग झूमते नजर आए। जुलूस विभिन्न मार्गों से होता हुआ पूरे नगर में भ्रमण करता रहा, जहां जगह-जगह लोगों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। प्रात: नगर के द्रोपदा मंदिर प्रांगण से कार्यक्रम की शुरुआत की गई। मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना के बाद जुलूस का शुभारंभ समाज सेवी शरद चन्द्र शर्मा व राजवीर सिंह गहलौत ने फीता काटकर किया। पूरे आयोजन के दौरान प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। थानाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार के नेतृत्व में पुलिस बल तैनात रहा और जुलूस शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। जलूस में राकेश रुहेला, मुकेश रस्तौगी, नरेंद्र यादव, रिंकू वर्मा, राजू कर्णवाल, दिनेश वर्मा, गोलू शर्मा, रजत वर्मा, सुमित वर्मा, अमिश रस्तौगी, फूल सिंह सैनी, राधे सैनी, शेखर वर्मा आदि मौजूद रहे।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल



**नहटौर।** क्षेत्र के ग्राम दबथला निवासी मनोज कुमार दोपहर अपनी बाइक से जंगल की ओर जा रहे थे। इसी दौरान एक अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि मनोज कुमार सड़क पर गिरकर लहूलुहान हो गए, जबकि दुर्घटना को अंजाम देने वाला वाहन चालक मौके से फरार हो गया। घायल युवक को तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार जारी है। घटना की सूचना मिलने पर परिजन और ग्रामीण भी अस्पताल पहुंचे।

### एकादशी जुलूस का स्वागत



**नहटौर।** होली पर्व एकादशी के अवसर पर रंग का जुलूस हर्षोल्लास के साथ निकाला गया। शुक्रवार दोपहर करीब 12 बजे मोहल्ला पंचायती मंदिर से शुरू हुई इस शोभायात्रा में क्षेत्र के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। जगह-जगह जुलूस का स्वागत किया और शोभायात्रा में शामिल हुरियारों ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। शोभायात्रा में विभिन्न प्रकार की झांकिया मुख्य आकर्षण का केंद्र रही। इसके अतिरिक्त, विभिन्न प्रकार की झांकियां भी निकाली गईं, जिन्हें देखने के लिए सड़कों पर भारी भीड़ उमड़ी। सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए जुलूस मार्ग पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। पुलिस की मुस्तैदी के कारण यह पूरा आयोजन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। यह वार्षिक जुलूस नहटौर में होली के त्यौहार की शुरुआत का प्रतीक है। स्थानीय निवासियों के अनुसार, यह परंपरा हर साल इसी प्रकार उत्साह और भक्ति के साथ निभाई जाती है।इस मौके पर श्री आदर्श होली कमेटी के अध्यक्ष ऋषभ जैन, भाजपा मंडल अध्यक्ष वैभव गोयल प्रशांत वर्मा तेजपाल सैनी शरद जैन सावन सैनी सुनील चौधरी कमल कुमार कपिल शर्मा, अर्पित गुप्ता,शगुन वर्मा आदि जूद रहे।

### महिलाओं ने होली उत्सव मनाया

**नजीबाबाद।** अग्रवाल महिला सभा का होली का उत्सव अग्रवाल धर्मशाला में धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम महाराज अग्रसेन की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके आरती की गई। अध्यक्ष श्रीमती वर्षा अग्रवाल ने सबको होली की शुभकामनाएं देते हुए बताया कि सबसे पहले होली किसने खेली। विनीता गोयल ने नृत्य प्रस्तुत कर होली का समा बांध दिया। ऊषा, राजरानी, अनुराधा, शालिनी अग्रवाल ने सुन्दर भजन प्रस्तुत किए। सुशीला गोयल ने होली की बधाई देते हुए होली के महत्व को बताया।

**संबंध विच्छेद सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र सरफराज अहमद मेरी व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों की बात नहीं मानता है। छोटी-छोटी बातों को लेकर विवाद एवं कहासुनी करता है। जिससे हम सभी को मानसिक रूप से परेशान होना पड़ता है। मैं उसकी इन हरकतों से तंग आकर आज 28/02/2026 से अपने समस्त संबंध विच्छेद करता हूं। उसे अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। आज से उसका मेरे तथा मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई संबंध या लेन-देन नहीं रहेगा। भविष्य में उसके किसी भी कार्य के लिए मैं या मेरा परिवार उत्तरदायी नहीं होगा। **नफीस अहमद पुत्र नजीर अहमद निवासी मौहल्ला जाटान, बिजनौर, थाना कोतवाली शहर, जिला बिजनौर, उत्तर प्रदेश**

# रंगों और उत्साह से सराबोर हुआ धामपुर

## रंग एकादशी का जुलूस निकाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** रंग एकादशी के अवसर पर धामपुर नगर में निकाला गया भव्य जुलूस रंगों, उमंग और परंपरा का अद्भुत संगम बन गया। ढोल-नगाड़ों की गूंज, बैंड-बाजों की धुन और युवाओं के उत्साह के बीच पूरा शहर होली के रंग में रंगा नजर आया। जुलूस ने न केवल धार्मिक आस्था का संदेश दिया, बल्कि सामाजिक सौहार्द और एकता की भी मिसाल पेश की।

धामपुर की होली का प्रदेश में विशेष महत्व माना जाता है। मथुरा, बरसाना और वृंदावन के बाद धामपुर की होली की अपनी अलग पहचान रही है। वर्षों पुरानी परंपरा के अनुसार इस बार भी रंग एकादशी का जुलूस पूरे हर्षोल्लास और भव्यता के साथ निकाला गया।






जुलूस का शुभारंभ फल चौक स्थित मंदिर ठाकुरद्वारा बजरिया से हुआ। पालिका अध्यक्ष चौधरी रवि कुमार सिंह सहित विभु बंसल, पवन अग्रवाल एडवोकेट, दिनेश चंद्र, नवीन, लाजपत राय मुखिया, दीपक अग्रवाल, अंकित अग्रवाल, आशीष अग्रवाल और अजय अग्रवाल 'पिंटू' समेत अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने गुब्बारे छोड़कर और नारियल फोड़कर विधिवत शुरुआत की।

फल चौक से प्रारंभ हुआ जुलूस बड़ी मंडी, पंजाबी मार्केट, रेलवे स्टेशन रोड, ऊंची मस्जिद और फल चौराहा होते हुए नगर के पारंपरिक मार्गों से गुजरा। मार्ग के दोनों ओर भारी संख्या में लोग जुलूस का स्वागत करते दिखाई दिए। कई स्थानों पर लोगों ने छतों से रंग और पानी की बौछार कर जुलूस का अभिनंदन किया।

जुलूस में ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर बड़ी-बड़ी पिचकारियां सजाई गई थीं, जिनसे युवा रास्ते में खड़े और छतों पर मौजूद लोगों को रंगों से सराबोर करते आगे बढ़ रहे थे। बैंड पार्टी की धुनों और धार्मिक गीतों ने माहौल को और भी उत्साहपूर्ण बना दिया। ढोल-नगाड़ों की थाप पर युवा झूमते-नाचते आगे बढ़ते रहे और पूरा नगर "होली है" के जयघोष से गूंज उठा।

रंग एकादशी का आयोजन इस बार रमजान माह के प्रथम जुम्मे के मद्देनजर विशेष सतर्कता के साथ किया गया। धार्मिक सौहार्द बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। पुलिस क्षेत्राधिकारी अभय पांडे और कोतवाल मृदुल कुमार के नेतृत्व में भारी पुलिस बल पूरे मार्ग पर तैनात रहा। सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रखी गई, जिसके चलते जुलूस शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ।

रंग एकादशी के साथ ही धामपुर में होली उत्सव का औपचारिक शुभारंभ हो गया है। आगामी 4 मार्च तक नगर में होली का रंग और उत्साह बना रहेगा। परंपरा, उल्लास और प्रशासनिक सजगता के संतुलन के साथ संपन्न हुआ यह आयोजन धामपुर की सांस्कृतिक विरासत और सामाजिक एकजुटता की झलक प्रस्तुत करता है।

### एक नजर

## आरवीआईटी का परीक्षाफल शत-प्रतिशत



**बिजनौर।** आर वी इंस्टीट्यूट ऑफ पार्मेसी बिजनौर के बी. फार्मा तृतीय सेमेस्टर, पंचम सेमेस्टर और सप्तम सेमेस्टर का परीक्षाफल डा. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय द्वारा घोषित किया गया। तृतीय सेमेस्टर से दानिया जिया ने 79.58 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, देव कुमार ने 75.73 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान एवं आफरीन खातून ने 75.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। पंचम सेमेस्टर से साजिया परवीन ने 83.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, अकरम अली ने 79.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान एवं सौम्या द्विवेदी ने 78.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। सप्तम सेमेस्टर से खुशी सिंह ने 87.7 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, रोशनी कुमारी ने 86 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान एवं अंकिता मिश्रा ने 84 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। इनके अतिरिक्त संस्थान के सभी छात्र छात्राओं ने बहुत अच्छे अंक प्राप्त किए। प्रबंधक निदेशक सन्नी देशवाल और फार्मेसी पाठ्यक्रम के निदेशक डा.हितेश कुमार ने सभी छात्र/छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनायें दी।

### एक नजर

## मालगाड़ी की चपेट में आकर मौत



**स्योहारा।** ग्राम जठ नगला निवासी गजराज पुत्र हरिश्चंद रेलवे ट्रैक के समीप मौजूद था। तभी अचानक मालगाड़ी की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास मौजूद राहगीरों ने मानवता का परिचय देते हुए घायल को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देखते हुए चिकित्सकों ने उसे हायर सेंटर रैफर कर दिया। बताया जा रहा है कि हायर सेंटर ले जाते समय युवक की मौत हो गई।

## शिक्षकों ने बीएसए को पत्र सौंपा

**नजीबाबाद।** अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के एक प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं के निस्तारण के लिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सचिन कसाना से मिलकर उनके शीघ्र निस्तारण की मांग की। संघ के प्रांतीय मीडिया प्रभारी मोबीन हसन तथा जिलाध्यक्ष सुधाकर चौधरी के नेतृत्व में मिले प्रतिनिधिमंडल ने अनावश्यक रूप से सीसीएल निरस्त ना करने तथा निरीक्षण के नाम पर शिक्षकों का अनावश्यक उत्पीड़न बंद कराने, ब्लॉक स्तर पर अधिकारियों द्वारा शिक्षकों को उचित सम्मान दिये जाने, हाईकोर्ट द्वारा मौहम्मद यामीन बनाम उत्तर प्रदेश सरकार याचिका में पारित आदेश के अनुपालन में मृतक आश्रित शिक्षकों को पुरानी पेंशन का लाभ दिलाए जाने की मांग की। जिस पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने सभी समस्याओं के शीघ्र निस्तारण का आश्वासन दिया।

# थाना परिसर में शांति समिति की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** आगामी होली तथा रमजान माह के दौरान आने वाले ईद-उल-फितर पर्व को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक की अध्यक्षता प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने की, जिसमें नगर के विभिन्न धर्मों, संगठनों व सामाजिक प्रतिनिधियों ने भाग लेकर आपसी भाईचारे और शांति व्यवस्था बनाए रखने पर बल दिया। बैठक में प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों की जानकारी देते हुए कहा कि कोई भी व्यक्ति नगर की शांति व्यवस्था भंग करने का प्रयास न करे। उन्होंने स्पष्ट किया कि पुलिस प्रशासन सभी नागरिकों के सहयोग से होली और ईद के त्यौहार शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए प्रतिबद्ध है, किंतु यदि कोई अराजकता फैलाने का प्रयास करेगा तो उसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने पूर्व की घटनाओं की पुनरावृत्ति न होने देने के लिए सभी से सहयोग की अपील की।



**होली-ईद पर सौहार्द बनाए रखने की अपील**

नगर के वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. मनोज वर्मा ने कहा कि पूर्व में कुछ घटनाओं के बावजूद नगर के लोगों ने हमेशा जुलूसों में आपसी सहयोग और सौहार्द की मिसाल पेश की है। उन्होंने अपील की कि होली के दौरान रंग खेलते समय धार्मिक स्थलों व भावनाओं का सम्मान किया जाए। यही स्योहारा की परंपरा और भाईचारे की पहचान है। ग्राम महमूदपुर के केशव कुमार ने देश की एकता और साझा संस्कृति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत सभी नागरिकों का समान रूप से देश है और यही हमारी सामाजिक ताकत है। शैंकी रस्तोगी ने सुझाव दिया कि होली के अवसर पर जिम्मेदार नागरिक सामाजिक समन्वय बनाए रखें और धार्मिक स्थलों के पास विशेष सतर्कता बरतें ताकि किसी प्रकार का विवाद न हो। मौलाना अरशद हाक्की ने पूर्व में हुई घटना का उल्लेख करते हुए कहा कि होली जुलूस के दौरान मस्जिदों के पास समन्वय समिति तथा पुलिस कर्मियों की व्यवस्था से संवाद बना रहेगा और विवाद की आशंका कम होगी। उन्होंने रंग के गुब्बारों के अनियंत्रित उपयोग को भी विवाद का कारण बताते हुए इससे बचने की सलाह दी और कहा कि नगर की शांति के लिए पुलिस हिंदू और मुस्लिम समाज को मिलकर कार्य करना होगा। शहर इमाम मौलाना कामिल कासमी ने सभी को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि रमजान का पवित्र महीना भी चल रहा है और आगे ईद का पर्व आएगा। ऐसे में सभी लोग अपने-अपने त्यौहार प्रेम और सम्मान के साथ मनाएं तथा एक-दूसरे की धार्मिक भावनाओं का ध्यान रखें। नगर पालिका प्रतिनिधि मौहम्मद शान ने अवगत कराया कि हर वर्ष की भांति इस बार भी होली जुलूस मार्ग पर साफ-सफाई और पेयजल की समुचित व्यवस्था की जाएगी तथा मार्ग में चल रहे कार्यों को आवश्यकता अनुसार हटवाया जाएगा। सभी वक्ताओं ने एक स्वर में होली और ईद को आपसी भाईचारे व सौहार्द के साथ मनाने का संकल्प व्यक्त किया इस अवसर पर शहर इमाम मौलाना कामिल कासमी, डा. मनोज वर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोज भटनागर, शैंकी रस्तोगी, व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भाजपा नेता अरुण कुमार वर्मा, पीयूष रस्तोगी, मंडल अध्यक्ष अनिल राणा, सभासद विनोद तोमर, ग्राम प्रधान सलीम अहमद, हाफिज शमशाद अंसारी, नगर पालिका प्रतिनिधि मौहम्मद शान, अमित शर्मा, बब्बन ठेकेदार, पंकुल रस्तोगी, भाजपा सभापति जब्बार अंसारी, मौलाना इम्तियाज अहमद, ग्राम प्रधान कासिम अंसारी आदि मौजूद रहे।

## स्पीड ब्रेकर से राहगीरों को परेशानी



**नांगल सोती।** मंडावली मार्ग पर सराय आलम नहर पुलिया के निकट लोक निर्माण विभाग द्वारा कांवड़ यात्रा से पहले स्पीड ब्रेकर बनाए गये थे। कांवड़ यात्रा समाप्त होने के बाद भी स्पीड ब्रेकर नहीं हटाए गए हैं। भाकियू अराजनैतिक के ब्लॉक अध्यक्ष कुलवीर सिंह, राजवीर काकरान, उज्जवल, पुनीत, मुनेंद्र आदि ने पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता को संबोधित ज्ञापन एई एमएस पांडेय को सौंपा। ज्ञापन में बताया कि राहगीर आए दिन स्पीड ब्रेकर पर गिरकर घायल हो रहे हैं। इसी मार्ग से बड़ी संख्या में गन्ना वाहनों का आवागमन होता है। स्पीड ब्रेकर से संबंधित कोई संकेतक नहीं होने से रात्रि में दोपहिया वाहन हादसे का शिकार हो रहे हैं। मार्ग पर कई दुर्घटनाएं हो चुकी है। किसानों ने जनहित में स्पीड ब्रेकर हटाने की मांग की है।

## विभूति खन्ना रही प्रथम स्थान पर



**बिजनौर।** कृष्णा कॉलेज ऑफ साइंस एण्ड इन्फॉर्मेशन टेक्नॉलोजी की छात्र एवं छात्राओं ने एक बार पुन: सफलता के नये आयाम स्थापित किये हैं। इस वर्ष डी.एल.एड. बैच 2023 के तृतीय सेमेस्टर का परीक्षाफल उत्साहवर्धक रहा। डी.एल.एड. विभाग की विभागाध्यक्षा डा. दीपशिखा अग्रवाल ने बताया कि डी.एल.एड. तृतीय सेमेस्टर की छात्रा विभूति खन्ना पुत्री संजय खन्ना ने 89.62 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम, स्वाति पुत्री पवन कुमार ने 89.25 प्रतिशत अंक पाकर द्वितीय तथा राजवीर सिंह पुत्र डालचंद ने 87.87 प्रतिशत अंक पाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय परिवार इन सभी छात्र/छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करता है। कॉलेज के संस्थापक निदेशक राजीव कुमार, प्रबंधक मनोज कुमार, निद. शक पवन कुमार, कॉलेज प्राचार्या डा. सीमा शर्मा तथा विभाग के प्रवक्ता एम.एस. अंसारी, सुनील कुमार, अंशिका राव ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## सीडीओ ने किया पीएचसी का निरीक्षण



**स्योहारा।** मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़नपुर का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सीडीओ ने लैब टेक्नीशियन नेहा चौहान से अपनी शुगर की जांच करवाई, जिसकी रिपोर्ट 105 मिली। उन्होंने लैब सेवाओं की सराहना करते हुए अन्य जांच सुविधाओं की जानकारी भी ली। नेहा चौहान ने बताया कि केंद्र पर मलेरिया, डेंगू और टाइफाइड जैसी बीमारियों की किट से जांच की जा रही है। सीडीओ ने चिकित्सा अधिकारी डॉ. तृप्ति पांडे से मरीजों की संख्या और उपलब्ध सेवाओं की जानकारी ली तथा निर्देश दिए कि वह सप्ताह में निर्धारित दिनों पर नियमित सेवाएं प्रदान करें। इस दौरान सीएचसी अधीक्षक डॉ. बी.के. स्नेही ने बताया कि चिकित्सक की कमी के चलते सीएचसी से डॉ. तृप्ति पांडे को सप्ताह में तीन दिन पीएचसी बुढ़नपुर में तैनात किया गया है। सीडीओ ने अस्पताल में बायोमीट्रिक उपस्थिति चिकित्सकों के नाम-मोबाइल नंबर अंकित करने और साफ-सफाई बनाए रखने के निर्देश दिए। इससे पूर्व पैदापुर व बुढ़नपुर में सीडीओ की अध्यक्षता में आयोजित चौपाल में जनसमस्याओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान ब्लॉक व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी तथा कर्मचारी मौजूद रहे।

**कार्यालय-नगर पालिका परिषद बिजनौर, ( जनपद बिजनौर )**
संख्या: 50/न.पा.परि.बि./2025-26,
दिनांक:- 25.02.2026
संबंधित को नोटिस अन्तर्गत
धारा-143 (1)/147 (1) नगर पालिका अधिनियम-1916

एतद्द्वारा सूचित हो कि सम्पत्ति संख्या-01 मौहल्ला काजीपाड़ा शुमाली, बिजनौर जो पालिका के कर अनुभाग के अभिलेखों में मौ. नसीम व मौ. शमीम पुत्रगण स्व. अब्दुल बाहिद के नाम अंकित है। उक्त सम्पत्ति के संबंध में अंकित सहस्वामी के वारिशों द्वारा श्री सुहैल अहमद पुत्र नसीम अहमद मौहल्ला काजीपाड़ा शुमाली, बिजनौर को बैनामा किया गया है। बैनामा, पारिवारिक सदस्यता प्रमाण पत्र एवं शपथ-पत्र व आई.डी.प्रुफ की छायाप्रति संलग्न करते हुये उक्त सम्पत्ति में अपना नाम पालिका के कर-अनुभाग के अभिलेखों में अंकित कराने की प्रार्थना की है।

अत: किसी सम्बन्धित को उपरोक्त नाम दर्ज करने में कोई आपत्ति है, तो सप्रमाण इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है, उपरोक्त धारा के अन्तर्गत नोटिस मियादी एक माह दिया जाता है। बाद गुजरने मियाद नोटिस हाजा किसी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा तथा तदोपरान्त उक्त संदर्भित सम्पत्ति में पालिका अभिलेखों में प्रार्थी का नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

**अधिशासी अधिकारी**

## युवती ने वीडियो वायरल कर मांगी माफी

**प्रधान पति पर लगाया था दुष्कर्म का आरोप**

**नांगल सोती।** गांव पूंडरी कलां निवासी कुछ लोगों द्वारा एक युवती को उसके पति की जमानत कराने का झांसा देकर ग्राम प्रधान के पति पर दुष्कर्म का आरोप लगवाया था।

मामले में अब युवती वीडियो जारी कर प्रधान पति से माफी मांग रही है और दुष्कर्म के आरोप को झूठा बता रही है। कश्मीर की एक युवती का निकाह गांव पूंडरी कलां में हुआ था। युवती का पति जेल में बंद है। युवती ने कुछ दिन पहले ग्राम प्रधान के पति पर दुष्कर्म का आरोप लगाया था।

मामले में ग्राम प्रधान के पति की ओर से कई लोगों के खिलाफ पांच लाख रुपए की रंगदारी मांगने और झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। मामले में अब युवती ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी की है। जिसमें वह कह रही है कि उसे कुछ लोगों ने उसके पति की जमानत कराने का झांसा देकर ग्राम प्रधान पति पर झूठा आरोप लगवाया था। जबकि इस मामले में ग्राम प्रधान पति का कोई लेना-देना नहीं है। वीडियो में वह ग्राम प्रधान पति से माफी मांग रही है।

# होलिका दहन को लेकर उहापोह समाप्त

## शास्त्र प्रमाण सहित आचार्य गौरीशंकर भारद्वाज ने घोषित किया निर्णय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झालू।** फाल्गुन शुक्ल पूर्णिमा को मनाया जाने वाला सनातन धर्म का प्रमुख पर्व होलिका दहन इस वर्ष तिथि, भद्रा एवं चंद्रग्रहण के कारण संशय की स्थिति में रहा। क्षेत्र के श्रद्धालुओं में यह प्रश्न प्रमुख रूप से उठ रहा था कि होलिका दहन किस दिन और किस समय करना शास्त्रसम्मत रहेगा।

इस विषय में पैजनिया, जनपद बिजनौर निवासी आचार्य गौरीशंकर भारद्वाज (ज्योतिष रत्नमणि, ज्योतिष कौमुदी) ने धर्मशास्त्रों के स्पष्ट प्रमाण प्रस्तुत करते हुए अंतिम निर्णय घोषित कर दिया है, जिससे समस्त उहापोह समाप्त हो गया है। तिथि की स्थिति (संवत 2082, शाके 1947) 2 मार्च 2026 (सोमवार)- चतुर्दशी सायं 5:55 बजे तक। तत्पश्चात पूर्णिमा प्रारंभ। तीन मार्च 2026 (मंगलवार)- पूर्णिमा सायं 5:07 बजे तक व्याप्त। तिथि के साथ-साथ भद्रा एवं चंद्रग्रहण की स्थिति ने निर्णय को जटिल बना दिया था।



आचार्य गौरीशंकर भारद्वाज ने धर्मशास्त्र का प्रमाण प्रस्तुत करते हुए बताया-'सा प्रदोषव्यापिनी भद्रारहिता ग्राह्या...' अर्थात होलिका दहन प्रदोष व्यापिनी एवं भद्रा रहित काल में ही करना चाहिए। यदि दोनों दिन प्रदोष हो तो परदिन ग्राह्य है, परंतु यदि पूर्व दिन भद्रा दोष या परदिन प्रदोष स्पर्श न हो तो शास्त्रीय नियमों के अनुसार निर्णय किया जाता है।

**भद्रा का प्रभाव और 'पुच्छ भद्रा' का महत्व**

दो मार्च 2026 को सायं 5:55 बजे से भद्रा प्रारंभ होकर तीन मार्च प्रात: 5:31 बजे तक रहेगी। शास्त्र में उल्लेख है-'भद्रायां द्वे न कर्तव्ये, श्रावणी फाल्गुनी तथा..."। अर्थात फाल्गुनी भद्रा में शुभ कार्य वर्जित हैं। किन्तु 'पुच्छ भद्रा' को शास्त्रों में ग्राह्य माना गया है- 'पुच्छघटीत्रयं शुभम्' अत: भद्रा के अंतिम भाग अर्थात रात्रि 1:22 बजे से 2:34 बजे के मध्य होलिका दहन करना पूर्णत: शास्त्रसम्मत एवं श्रेष्ठ माना गया है। चंद्रग्रहण के कारण तीन मार्च वर्जित। तीन मार्च 2026 (मंगलवार) को भारत में चंद्रग्रहण भी घटित हो रहा है- स्पर्श: दोपहर 2:14 बजे, खग्रास: 3:20 बजे, मोक्ष: सायं 6:47 बजे, भारत में चंद्रोदय: सायं 6:19 बजे, सूतक काल प्रात: 5:14 बजे से सायं 6:45 बजे तक प्रभावी रहेगा। सूतक में दहन, पूजन एवं उत्सव शास्त्रानुसार वर्जित हैं। इसलिए तीन मार्च को होलिका दहन अथवा दुल्हैंडी मनाना उचित नहीं है। शास्त्रसम्मत अंतिम निर्णय। होलिका पूजन: दो मार्च 2026, सोमवार। होलिका दहन: 2/3 मार्च की मध्यरात्रि, 1:22 से 2:34 बजे। दुल्हैंडी (रंगोत्सव) चार मार्च 2026, बुधवार।

आचार्य गौरीशंकर भारद्वाज ने श्रद्धालुओं से आग्रह किया है कि वे शास्त्र प्रमाणों के अनुरूप ही पर्व का पालन करें, जिससे धार्मिक परंपराओं की शुद्धता बनी रहे और पुण्य फल की प्राप्ति हो। उन्होंने कहा कि शास्त्रसम्मत निर्णय ही समाज को भ्रम से मुक्त करता है तथा सनातन परंपराओं की गरिमा को अक्षुण्ण रखता है।

# गंगा एक्सप्रेसवे बिजनौर से निकलने पर हर्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) ब्लॉक अल्हैपुर धामपुर एवं जिला बिजनौर के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने गंगा एक्सप्रेसवे को बिजनौर से होकर बनाए जाने की मांग पूरी होने पर खुशी जाहिर की। संगठन ने उत्तर प्रदेश सरकार, जनप्रतिनिधियों और अपने उच्च नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए मिठाई वितरण कर जश्न मनाया।

संगठन पदाधिकारियों ने बताया कि लंबे समय से गंगा एक्सप्रेसवे को बिजनौर जनपद से जोड़ने की मांग की जा रही थी। कार्यकर्ताओं और क्षेत्रीय जनता के अथक प्रयासों के परिणामस्वरूप अब सरकार द्वारा अमरोहा से बिजनौर होते हुए हरिद्वार तक एक्सप्रेसवे निर्माण कराए जाने की बात सामने आई है। इसे जनपद के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया गया।




**भाकियू अराजनैतिक ने मिठाई बांटी**

बैठक में जिला उपाध्यक्ष दुष्यंत रामजी, ब्लॉक अध्यक्ष अजय राजपूत, दिनेश कुमार, सतवीर सिंह, बेगराज सिंह, सुरेश सिंह, सत्येंद्र सिंह, विजयपाल सिंह, हुकम सिंह, जयप्रकाश सिंह, हरिओम सिंह, वीरेंद्र सिंह, शमशेर सिंह, बलवंत सिंह, दिनेश चौहान, धर्मवीर सिंह, आनंदपाल सिंह, भागेश कुमार, ध्वज प्रताप सिंह, सुभाष चौहान, सुशील कुमार, धनवीर सिंह, अरविंद राजपूत सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

बैठक के दौरान किसानों से जुड़े मुद्दों पर भी चर्चा की गई। पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि धामपुर शुगर मिल द्वारा किसानों को नई गन्ना प्रजाति के बीज सरकारी दर से अधिक मूल्य पर उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जिससे किसानों में नाराजगी है। इस विषय को लेकर संगठन ने गंभीर चिंता व्यक्त की।

किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए आगामी 7 मार्च 2026 को धामपुर तहसील स्तरीय पंचायत गन्ना समिति धामपुर में आयोजित करने का निर्णय लिया गया। पंचायत में गन्ना मूल्य और बीज दरों के मुद्दे पर रणनीति तय की जाएगी।

संगठन ने स्पष्ट किया कि किसानों के हितों की अनदेखी किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी और आवश्यक होने पर आंदोलन की राह भी अपनाई जाएगी।

## कार्यालय जिला पंचायत, बिजनौर

पत्रांक- 1614/जि.पं./ठेका मृ.प.श.नि./2025-26 दिनांक:- 27.02.2026

**सूचना बावत लाईसेंस/ठेका मृत पशु शव निस्तारण वर्ष 2026-27**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जनपद बिजनौर के ग्रामीण क्षेत्रान्तर्गत मृत पशु शव निस्तारण कार्य हेतु अद्यतन पंजीकृत/ कार्यरत/ पात्र औद्योगिक उत्पादन सहकारी समितियों को वर्ष 2026-27 (01.04.2026 से 31.03.2027 तक) की अवधि हेतु मा. उच्च न्यायालय के आदेशों एवं समय-समय पर पंचायती राज विभाग, उ.प्र. शासन, लखनऊ द्वारा जारी शासनादेशों तथा तत्सम्बंधी उपविधियों व शर्तों के अन्तर्गत निर्धारित रायल्टी पर लाइसेंस/ ठेका दिये जाने के क्रम में समस्त वांछित अभिलेखों सहित आवेदन पत्र दिनांक 15.03.2026 तक कार्यालय जिला पंचायत, बिजनौर में आमन्त्रित किये जाते है। उक्त नियत दिनांक तक आवेदन पत्र प्राप्त ना होने की दशा में शासनादेशानुसार इस कार्य में पैतृक रूप से लगे व्यक्तियों के मध्य विकास खण्डवार/न्याय पंचायतवार ठेके की नीलामी दिनांक 20.03.2026 को नीलाम समिति द्वारा कार्यालय जिला पंचायत, बिजनौर के सभागार में प्रात: 11:00 बजे से की जायेगी। नीलामी में भाग लेने वाले इच्छुक व्यक्ति को नीलाम से पूर्व आधार, पैतृक कार्य का प्रमाण पत्र एवं जमानत के रूप में रु. 25,000/-(पच्चीस हजार रुपये) तक की जमानत जमा करना अनिवार्य होगा। नीलामी के उपरान्त उच्चतम बोली की धनराशि एक मुश्त जमा करानी होगी। नीलामी में विभागीय बकायेदार को भाग लेने का अधिकार नहीं होगा। नीलामी से संबंधित शर्तों/ नियमों को www.bijnor.nic.in पर या किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय जिला पंचायत, बिजनौर में देखी, पढ़ी और समझी जा सकती है। उक्त नियत तिथि को जिस विकास खण्ड/ न्याय पंचायत की नीलामी ना हो सकेगी, ऐसे विकास खण्ड/ न्याय पंचायत की नीलामी प्रत्येक मंगलवार (कार्यदिवस) में मध्यान्ह 12:00 बजे से कार्यालय जिला पंचायत, बिजनौर के सभागार में की जाती रहेगी।

**अपर मुख्य अधिकारी** **अध्यक्ष**

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
आकिब यूनुस एड.
युवा भाजपा नेता
बिजनौर


मुकद्दस रमजान की बधाई
मूल निवासी भीम सिंह
जिला प्रभारी पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया डेमोक्रेटिक।
विधान सभा 22 बिजनौर से संभावित प्रत्याशी।
भगवती केयर सेंटर विदुर कुटी रोड शक्ति पेट्रोल पम्प के सामने सोमिया मार्केट, बिजनौर।
Mob-9389945824, 8868001224


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मकसूद अहमद अंसारी
( ठेकेदार )
संभावित प्रत्याशी
प्रधान पद
राजा का ताजपुर


# रंग एकादशी से शुरू होते हैं शुभ कार्य

शाह टाइम्स,ब्यूरो


**सम्भल।** होली से कुछ दिन पहले आने वाली रंग एकादशी का हिंदू रीति-रिवाजों में विशेष महत्व है।

इस दिन पौराणिक तथा हिंदू रीति-रिवाजों के अनुसार रंग एकादशी पर मृत लोगों के घर वर्ष भर के शोक मनाए जाते हैं। तथा इस दिन से पहले लोगों के घर में कोई भी शुभ कार्य नहीं होता है। बताया जाता है कि जिस घर परिवार में किसी स्त्री या पुरुष की मौत हो जाती है तो उस घर में 1 वर्ष तक कोई भी शुभ कार्य नहीं होता है। इस दिन ही गांव के कुछ मुख्य व्यक्तियों द्वारा एकत्रित होकर मृत व्यक्ति के परिवार में पहुंचकर शोक व्यक्त करते हैं तथा ढोल बजाकर एक दूसरे के गुलाल लगाते हैं। इसी दिन से उस घर में शुभ कार्य होने शुरू हो जाते हैं तथा एक दूसरे को मिठाइयां भी खिलाते हैं। हिंदू रीति-रिवाजों के अनुसार इस दिन अर्थात रंग एकादशी के दिन ही उस घर में शुभ कार्य शुरू हो जाते हैं तथा ढोलक आदि बजने लगते है। बताया जाता है कि मृतक परिवार के घर में 1 वर्ष तक ढोलक भी नहीं बजती है। रंग एकादशी के दिन शोक के उठने के बाद ही सभी शुभ कार्य शुरू हो जाते हैं। इस दिन गांव के युवा तथा बुजुर्ग व्यक्ति एक साथ मिलकर होलियां गाते हैं। इसके साथ साथ रंग एकादशी के दिन हिंदू रीति-रिवाजों के अनुसार हिंदुओं के परिवारों में खाना नहीं बनता है। बल्कि आलू को उबालकर मिठाई के साथ खाया जाता है।

## रंगभरी एकादशी पर मंदिरों मे हुई पूजा अर्चना

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** नगर के सन्तोषी माता श्रीबाँकेबिहारी मन्दिर में पण्डित श्याम बिहारी ने बताया कि आज फाल्गुन माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि है। इस तिथि पर आमलकी एकादशी व्रत किया जाता है। यह अवसर भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी की कृपा प्राप्त करने के लिए शुभ माना जाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, इस व्रत को करने से साधक को शुभ फल की प्राप्ति होती है और जीवन में सुख-शांति बनी रहती है। आमलकी एकादशी को रंगभरी एकादशी के नाम से भी जाना जाता है। इस एकादशी पर कई योग भी बन रहे हैं। व्रत रखकर पूजा करने महिलाएं मन्दिर पहुंची।



सम्भल। रंग एकादशी पर बाबा खाटू श्याम रथयात्रा पर फूलों की बारिश करते भक्त।

शोकाकुल परिजनों पर रंग छिड़क कर उठाया शोक, महिला मंडल से शुरू हुई रंगो की चौपाइ

# एकादशी पर जमकर बरसा रंग

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** होली से पूर्व एकादशी पर रंग का जुलूस कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण तरीके से निकाला गया। इस दौरान जुलूस में शामिल युवाओं व बच्चों ने जमकर एक दूसरे को रंगो से सराबोर किया।

होली पर्व से पूर्व एकादशी पर रंग का जुलूस निकालने की परम्परा के अनुसार दोपहर तक एक दूसरे को रंगो से सराबोर किया गया। जबकि दोपहर को नगर के मौहल्ला ठेर स्थित मंदिर मढ़ैया से बब्लू शर्मा के नेतृत्व में टेशू के रंगो की चौपाई निकाली गई। जिन्होने मंदिर मढ़ैया से निकलकर छंगामल कोठी, मैंथा मार्केट,पहुंचकर रास्ते में पड़ने वाले शोकाकुल परिजनों पर रंग छिड़क कर शोक उठाया। इसके बाद इसी चौपाई के साथ महिला मंडल मंदिर से श्याम खाटू जी महाराज की रंग चौपाई शुरू हुई। यहां पहले बाबा का इसके बाद दोनो चौपाईयां का श्रृंगार किया। तत्पश्चात दोनो चौपाईयां छंगामाल कोठी, बाजार गंज कोतवाली के सामने डाकघर रोड होता हुआ गोरी सहाय मंदिर के सामने से सरथल चौकी रोड पहुंचकर सूर्यकुंड मंदिर पर जाकर सम्पन्न हुआ।

### ०जुलूस के दौरान जमकर उड़ा गुलाल

तत्पशचात मंदिर पर श्याम जी की आरती की गई। इस दौरान जुलूस में शामिल लोगों ने जमकर गुलाल खेला। जुलूस के दौरान सुरक्षा व्यवस्था काफी कड़ी रही। कोतवाली पुलिस आदि जुलूस में मौजूद रहे, जबकि पुलिस प्रशासनिक अधिकारी भी जुलूस की सुरक्षा व्यवस्था पर नज़र रखे रहे। रंगो की चौपाई जुलूस की शुरूआत महिला मंडल मंदिर से बाबा श्याम की आरती कर की। चौपाई का पुष्प वर्षा से स्वागत किया।

# राष्ट्रीय पुरोहित परिषद ने शोक संतृप्त घरों में जाकर मनाई एकादशी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** रंग एकादशी या शोक उठनी एकादशी पर शोक संतप्त परिवारों में लोग पहुंचते हैं और उस घर परिवार में पिछले 1 वर्ष से हुए मृतक शोक को दूर करके होली खेलते हैं। इसी दिन लोग प्राय: अपने रिश्तेदारों संबंधियों में उन घरों में पहुंचते हैं जिन घरों में पिछले एक वर्ष के अंतराल में किसी का निधन हुआ हो। इस परंपरा का निर्वहन व्यक्ति अपने स्तर पर, साथी संबंधियों के साथ या संगठन के माध्यम से ऐसे घरों परिवारों में जाकर मृत आत्मा को श्रृद्धांजलि अर्पित करते हैं, परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हैं और होली खेलकर उस घर परिवार को शोक से दूर करते हैं। इसी क्रम में आज शोक उठनी एकादशी ध रंग एकादशी को जयदेव कौशिक, सुंदरलाल तिवारी, नरेश कुमार शर्मा, उमेश भारद्वाज, पुष्पेंद्र कुमार शर्मा, परमानंद तिवारी, विनीत शुक्ल, अजय कुमार शर्मा, अजय कुमार शुक्ल आदि राष्ट्रीय पुरोहित परिषद के उपाध्यक्ष कैलाश चंद्र शर्मा के नेतृत्व में नगर के हयात नगर, सरायतरीन, कोट पूर्वी, ठेर, दुर्गा कालोनी, हातिम सराय, मंडी किशन दास सराय आदि मोहल्लो में उन परिवारों में पहुंचे जिन परिवारों में गत एक वर्ष से अब तक किसी सदस्य का स्वर्गारोहण हुआ है। राष्ट्रीय पुरोहित परिषद के सभी सदस्यों ने संयुक्त रूप से उस परिवार में पहुंचकर विधिावत मंत्रोच्चारण करके सुख, खुशी और समृद्धि की कामना के साथ शोक को विदा किया। एक दूसरे को गुलाल रंग लगाकर खुशी सुख और आनंद का वातावरण तैयार करके प्रभु से प्रार्थना की कि इस परिवार में सुख समृद्धि आनंद प्रतिपल यूं ही बरसता रहे। परिषद के पंडित सुंदरलाल तिवारी ने कहा कि शोक उठावनी एकादशी का शाब्दिक अर्थ और भावार्थ यही है कि होली एक ऐसा रंग-बिरंगा त्यौहार है। खुशी का त्यौहार है। जिसके आगमन से शोक संतृप्त परिवार भी आनंद खुशी का वरण करें।

## डीजे की धुन पर जमकर नाचे हुरियारे

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।**होली से पूर्व एकादशी से ही होली की रंगत हुरियारों पर चढ़ने लगती है। हर ओर रंगों से सराबोर हुरियारे दिखायी देने लगते हैं,जबकि होली के गीतों की गुंज कानों में सुनाइ दी जाने लगती है। जगह-जगह डीजी और अन्य साधनों से होली के गीत बजने लगते हैं। सोमवार को एकादशी पर्व पर होने वाले रंगों की बौछार और देर दोपहर निकलने वाले एकादशी के जुलूस के दौरान हुरियारे डी जे की धुन पर जमकर नाचे और एक दूसरे को रंग गुलाल और अबरर लगाकर एकादशी का पर्व उत्साह व उमंग के साथ मनाया गया।जुलूस के दौरान सुरक्षा व्यवस्था काफी कड़ी रही। कोतवाली पुलिस आदि जुलूस में मौजूद रहे, जबकि पुलिस प्रशासनिक अधिकारी भी जुलूस की सुरक्षा व्यवस्था पर नज़र रखे रहे। रंगो की चौपाई जुलूस की शुरूआत महिला मंडल मंदिर से बाबा श्याम की आरती कर की।

# अधिवक्ताओं ने उठाई विस्तारीकरण को आवाज

### ०पीएम के नाम ईमेल भेजकर धनराशि आवंटित करने की मांग

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** गजरौला रेल लाइन विस्तारीकरण की मांग को लेकर लाए जा रहे जागरूकता अभियान में दि सिविल कोर्ट बार एसोसिएशन, की ओर से प्रधानमंत्री को पत्र ईमेल कर रेल लाइन विस्तारीकरण हेतु धनराशि आवटित किए जाने की मांग की गयी।

इस दौरान बार के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार गुप्ता ने कहा कि हमारी यह मांग जनहित की है। पिछले 5 दशक से लगातार मांग की जा रही है। लेकिन आज तक सफलता नहीं मिल सकी है। यह मांग पूर्ण हो जाने से संभल का सर्वाधिक विकास होगा। प्रियांशु जैन एडवोकेट ने कहा कि रेल लाइन विस्तारीकरण की मांग सम्भल के विकास के लिए अति महत्वपूर्ण है। सम्भल साधु संतों की नगरी है देश के कोने-कोने से साधु संतों का सम्भल आना-जाना लगा रहता है। आवागमन की सही व्यवस्था न होने के कारण भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। प्रधानमंत्री मोदी जी से मांग है कि रेल लाइन विस्तारीकरण के लिए धनराशि आवटित किए जाने की मांग की। अमर सिंह सैनी एडवोकेट ने कहा कि रेल लाइन विस्तारीकरण की मांग पूर्ण होने से सम्भल का तीव्र गति से विकास होगा। सम्भल से लोगों का पलायन रुक सकेगा और सम्भल में नए-नए उद्योग विकसित होंगे। अरविंद सिंह एडवोकेट ने कहा कि हमारी यह मांग पूर्ण होने से सम्भल शहर के गरीब व निधन लोगों को सस्ता व सुलभ आवागमन उपलब्ध हो सकेगा। निधन व गरीब छात्र दिल्ली और दूसरे शहरों में आसानी से आ जा सकेंगे।अधिवक्ता व समाजसेवी चौ. रविराज चाहल ने कहा कि सम्भल गजरौला रेल लाइन विस्तारीकरण की मांग को लेकर चलाए जा रहा जागरूकता अभियान तब तक जारी रहेगा जब तक हमारी मांग पूर्ण नहीं हो जाती। उन्होने कहा कि हमारी यह पांच दशक पुरानी मांग है। उन्होने देश के प्रधानमंत्री से सम्भल वासियो को रेल लाइन विस्तारीकरण की सौगात देने और इस परियोजना का निर्माण कराया जाने हेतु धानराशि आवटित कराए जाने की मांग की। इस दौरान सलमान आरिफ एडवोकेट, प्रवीण कुमार एडवोकेट, सुशील कुमार एडवोकेट, राजेश कुमार एडवोकेट, आदि रहे।



सम्भल- रेलवे लाइन के विस्तारीकरण की मांग को पीएम को ज्ञापन ईमेल करते अधिवक्ता

## आत्म रक्षा को छात्राओं को कराया अभ्यास

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत आयोजित आत्म सुरक्षा प्रशिक्षण के अंतर्गत कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय सम्भल व पूर्व प्राथमिक विद्यालय पतरौआ की छात्राओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। जिससे कि वह विपरीत परिस्थितियों में विरोधी का डटकर मुकाबला भी कर सकें, ताइक्वांडो प्रशिक्षक सुरेश कुमार व महिला खिलाड़ी ब्लैक बैल्ट होल्डर रेखा ने सभी बालिकाओं को वन हैंड सेल्फ डिफेंस, टू हैंड सेल्फ डिफेंस, एल्बो अटैक, फिंगर अटैक का अभ्यास कराया। ग्रामीण अंचल की बालिकाएं पूरी लगन से मार्शल आर्ट सीख रही हैं। सतह ही विद्यालय के शिक्षकों को भी अभ्यास कराया जा रहा है।ग्रामीण अंचल की बालिकाएं पूरी लगन से मार्शल आर्ट सीख रही हैं। सतह ही विद्यालय के शिक्षकों को भी अभ्यास कराया जा रहा है। ताकि कैंप के बाद भी बालिकाओं को निरंतर अभ्यास कराया जा सके। ताइक्वांडो कोच रेखा ने बताया कि हर बालिका हो कम उम्र से ही मार्शल आर्ट की ट्रेनिंग लेनी चाहिए। इसके अलावा छात्राओं को योजनाओं की भी जानकारी दी गइ।

# युवती को नशा सुंघाकर भैंस चोरी करने का प्रयास विफल

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** थाना क्षेत्र के इटऊआ गांव में भैंस चोरी का एक प्रयास विफल हो गया। परिजनों की सतर्कता से आरोपी को मौके पर ही पकड़ लिया गया। आरोपी पर पशुओं को चारा डालने गई एक युवती को नशीला पदार्थ सुंघाकर बेहोश करने का भी आरोप है।

इटऊआ निवासी शम्भू पुत्र राजेन्द्र ने बबराला थाने में दी तहरीर में बताया कि बीती रात करीब 10:15 बजे उनकी बहन रूबी घर के बाहर पशुओं को चारा डालने गई थी। आरोप है कि वहां पहले से मौजूद एक व्यक्ति ने रूबी को कोई नशीला पदार्थ सुंघा दिया, जिससे वह चीखते हुए चारपाई पर गिरकर बेहोश हो गई रूबी की चीख सुनकर शम्भू और अन्य परिजन मौके पर पहुंचे उन्होंने देखा कि एक युवक उनकी भैंस खोलकर ले जा रहा था परिजनों ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी को भैंस समेत मौके पर ही पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम साहिल निवासी ग्राम वाघऊ बताया इसके बाद परिजन आरोपी को पकड़कर बबराला थाने ले आए और पुलिस को सौंप दिया पीड़ित पक्ष ने आरोपी के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। थाना पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है पुलिस ने आरोपी युवक को न्यायालय में पेश किया।

### ०परिजनों की सतर्कता से आरोपी को पकड़कर पुलिस को सौंपा

## दिनभर चली हवा से तापमान में गिरावट

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** शुक्रवार को हवाएं चलती रही।इन हवाओं से धूप की तपिश कम हुई साथ में तापमान भी गिरा है। सुबह को जहां गर्म कपड़े पहनकर निकलना पड़ा। रात को भी जैकेट पहनकर घूमते दिखायी दिए।

## एक नज़र इधर भी



सम्भल-इंटर विज्ञान की परीक्षा समाप्त होने पर होली खेलती छात्रायें।

## परीक्षा समाप्त होने पर इंटर की छात्राओं ने खेली होली

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** यूपी बोर्ड इंटरमीडिएट विज्ञान वर्ग की परीक्षा समाप्त होने पर कैला देवी के बाबा रतनगिरि आदर्श इंटर कॉलेज में छात्रओं ने कक्षा से निकलकर विद्यालय परिसर में एक दूसरे को गुलाल लगाते हुए होली खेली।यूपी बोर्ड इंटरमीडिएट विज्ञान वर्ग की परीक्षा भौतिक विज्ञान के पेपर के साथ शुक्रवार को समाप्त हो गई। परीक्षा समाप्त होने के बाद कैला देवी के बाबा रतन गिरि आदर्श इंटर कालेज में जैसे ही छात्राएं बाहर निकलीं तो उन्होंने एक दूसरे पर गुलाल लगाकर खुशी जाहिर की और होली खेली। छात्राओं ने बताया कि भौतिक विज्ञान का पेपर थोड़ा कठिन था, लेकिन इतना नहीं। परीक्षा कक्ष से निकलकर विद्यालय परिसर में ही छात्राओं ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर खुशी जाहिर की।

## क्रिकेटर रिंकू के पिता के निधन पर शोक

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** नगर गुन्नौर के मोहल्ला सराय में क्रिकेट प्रेमियों ने भारतीय टीम के क्रिकेटर रिंकू सिंह के पिता खानचंद सिंह के निधान पर शोक व्यक्त किया। वह ग्रेटर नोएडा के यथार्थ अस्पताल में लिवर कैंसर से जूझ रहे थे। रिंकू सिंह के पिता खानचंद्र ने अपने बेटे के क्रिकेटर बनने के सपने को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। शोक व्यक्त करने वालों में रविराज गुप्ता, बंटी, सतीश कुमार, हर्षित, प्रयास वार्ष्णेय आदि रहे।



बबराला- होलिका दहन स्थल का निरीक्षण करते अधिकारी।

## होली स्थलों का किया निरीक्षण

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** कस्बा गुन्नौर में उप जिलाधिकारी गुन्नौर अवधेश कुमार व कोतवाल गुन्नौर राजीव मलिक पुलिस जवानों के साथ आगामी त्यौहार होली को लेकर होलिका दहन स्थलों का भ्रमण व पैदल गस्त करते हुए व्यवस्थाओ का जायजा लिया। अधीनस्थों को निर्देश कि होलिका स्थल के ऊपर विद्युत लाइन न हो। होली स्थल व अराजक तत्वों की निगरानी रखी जाये। इस दौरान उपजिलाधिकारी गुन्नौर अवधेश कुमार, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली गुन्नौर राजीव मलिक पुलिस टीम के साथ रहे।

## पुलिस ने बच्चे को पिता के सुपुर्द किया

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** आपरेशन मुस्कान में अबोध बालक को उसके पिता को सौंप दिया। बच्चे को पाकर पिता ने पुलिस का धन्यवाद किया। 26.फरवरी.2026 को रोडवेज बस चालक रामकिशन गुप्ता पुत्र बद्री प्रसाद गुप्ता निवासी असरासी थाना कादर चौक जनपद बदायूँ द्वारा शिमोन जिसकी उम्र करीब 4 वर्ष जिसको रात्रि अधिकारी दीपक कुमार द्वारा मोबाईल गश्त के दौरान सुरक्षा की दृष्टि से नाम पता न बता पाने के कारण थाने पर लाया गया। बालक को बाल कक्ष में का प्रियंका की निगरानी में बिठाया गया और सोशल मीडिया पर उक्त बच्चे की पहचान करने को बच्चे की फोटो व्हाटसअप फेसबुक तथा अन्य जगहो पर प्रसारित किये गये।उ.नि. रोहित कुमार के स्टेटस को देखकर थाना दादरी जनपद गौतमबुद्ध नगर से उ.नि. कपिल कुमार द्वारा जरिये दूरभाष सम्पर्क कर बताया कि इस बच्चे के संबध में थाना दादरी गौतमबुद्ध नगर मे मामला पंजीकृत है। बच्चे शिमोन पुत्र महावीर नि. ग्राम आटा मऊ थाना संडीला जनपद हरदोई को लेने सुपुर्दगी उ.नि. कपिल कुमार मय बच्चे के पिता महावीर पुत्र छोटेलाल नि. ग्राम आटा मऊ थाना संडीला जनपद हरदोई थाना गुन्नौर आये। थाने से बच्चे के पिता महावीर से पहचान कराकर सौंप दिया गया।महावीर ने बताया कि वह अपने गांव आटामऊ थाना संडीला जनपद हरदोई से दिल्ली अपने परिवार सहित जा रहे थे। रोडबेज बस दादरी में स्थित ढाबे पर जाकर रुकी मै गाडी से उतर कर पानी लेने गया बच्चा मेरे पीछे पीछे उतर गया। मैंने बच्चे से कहा कि तुम बस में जाके बैठो मै पानी लेकर आ रहा हूँ बच्चा किसी ओर बस में बैठ गया मैने बच्चे को काफी तलाश किया लेकिन नहीं मिला और मैंने अपने बच्चे के अपहरण के सम्बन्ध में थाना दादरी मे मुकदमा लिखा दिया था।

# जुमे की नमाज़ के दौरान बरती गई विशेष सतर्कता

### ०मस्जिदों के बाहर तैनात किए गए पुलिस कर्मी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** विगत वर्ष हुई हिंसा के बाद से पुलिस चौकी हर जुमे के दौरान बढ़ जाती है,लेकिन रमज़ान माह के दूसरा जुमा रंग एकादशी एक साथ पड़ जाने पर सुरक्षा और भी कड़ी रही। सुबह से ही सर्तकता बरती गई।

शुक्रवार को जुमे की नमाज के दौरान मस्जिदों से होने वाली तकरीरों तथा नमाजियों पर सतर्क दृष्टि रखी गयी। मस्जिदों के बाहर पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया साथ ही संवदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा ओर बढ़ा कर लोगों के आवागमन पर भी नजर रखी गयी। इसके अलावा सार्वजनिक व स्थानों तथा मुख्य चौराहों के अलावा अन्य स्थानों पर भी पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया था।

## पुलिस-प्रशासन के प्रयास लाये रंग

**सम्भल।** जुमा और रंग की एकादशी एकसाथ पड़ने और दोनों को ही अमन व भाईचारे के साथ सम्पन्न कराना पुलिस-प्रशासन के लिए चुनौति से कम नहीं माना जा रहा था,लेकिन अधिकारियों के प्रयासों से एकादशी के रंग और जुमा सौहार्द के साथ सम्पन्न हुए। जिस पर पुलिस-प्रशासन के प्रयास रंग लाए और अमन के साथ सम्पन्न हुए।

दूसरे जुमे को मस्जिदों में उमड़े नमाज़ी

# रोज़ा रहमत व राहत का रहबर

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** रमाज़नुल मुबारक के दूसरे जुमे पर नमाज़ियों का मस्जिदो में हुजूम उमड़ पड़ा। दूर दराज क्षेत्रों से भारी संख्या में मुसलमानों ने नमाज़ अदा की। नमाज़ के बाद दुनिया में अमन व शान्ति के लिए बारगाहे तआला में दुआ के लिए हाथ उठाये।

रमज़ानुल मुबारक के दूसरे जुमे पर यूं तो शहर और आसपास के क्षेत्र की हर छोटी बड़ी मस्जिदो में नमाज़ अदा की गई,लेकिन शहर की शाही जामा मस्जिद में भारी संख्या में नगर एवं आस-पास क्षेत्रों से लोगों ने नमाज अदा की। नमाज अदा होने से पूर्व शाही इमाम मौलाना आफताब हुसैन वारसी ने रोज़ेदारों को खिताब फरमाया। उन्होने रमज़ान में रोज़ की फज़ीलत ब्यां की और मुसलमानों से रोज़े का अहतराम करने का आहवान किया। इमाम साहब ने कहा कि मंज़िल पर पहुंचना तब आसान हो जाता है जब राह सीधी हो। मज़हबे इस्लाम में रोज़ा रहमत और राहत का रहबर है। रहमत से मुराद खुदा की महरबानी से है और राहत का मतलब दिल के सुकून से खुदा की रहमत होती है तभी दिल को सुकून मिलता है। दिल के सुकून का ताअल्लुक चूंकि नेकी और नेक अमल से है। इसलिए ज़रूरी है कि इंसान नेकी के रास्ते पर चले। रोज़ा बुराईयों पर लगाम लगाता है और सीधी राह चलाता है। उन्होने कहा कि रोज़ा नेकी का छाता है जिस तरह छतरी बारिश और धूप से बचाता है ठीक उसी तरह रोज़ेदार की हिफाज़त की गारंटी है। तत्पश्चात देश दुनिया में अमनो-अमान और मुल्क व कौम की तरक्की की दुआ करायी। पहले जुमे के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतेज़ाम रहे। रमज़ान माह के दूसरे जुमे को गणमान्य लोगो ने भी शाही जामा मस्जिद में पहुंचकर जुमे की नमाज़ अदा की और देश,प्रदेश व दुनिया में अमनो- अमान के लिए बारगाहे इलाही में अपने हाथ फैलाये।



# प्रदेश के बेटे ने कनाडा में बनाया शैक्षिक कीर्तिमान

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।** डी.एस.एम शुगर मिल रजपुरा के उप महाप्रबंधक राजन कुमार दीक्षित और उर्विजा दीक्षित उप प्रधानाचार्या के बेटे व डीएसएम शुगर मिल के ई डी सुभाष पांडे के धेवते (नाती)उज्जवल दीक्षित ने अंतर्राष्ट्रीय शैक्षणिक क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने कनाडा की सबसे प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटी, यूनिवर्सिटी ऑफ सस्केचवान से कंप्यूटर साइंस में उपाधि (डिग्री) हासिल कर 2024 -2025 की प्रतिष्ठित डी ऑनर्स (टॉप 5 ) की लिस्ट में अपना स्थान अर्जित किया है। कनाडा यूनिवर्सिटी में टॉप फाइव लिस्ट में नाम आना बहुत बड़ी उपलब्धि है। उज्जवल की कड़ी मेहनत, निष्ठा और प्रतिभा से पूरा परिवार, डीएसएम परिवार व कॉलेज गर्व कर रहा है। वर्तमान में उज्जवल का चयन सास्काचेवन (कनाडा) के हेल्थ विभाग में डिजिटल हेल्थ एनालिटिक्स मॉडलिंग एंड आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पद पर अच्छे पैकेज पर हुआ है। सभी ने उज्जवल दीक्षित के उज्जवल भविष्य की कामना की।



सम्भल- कनाडा में साइंस की उपलब्धि लेते प्रदेश का बेटा।

# भाविप रंग बिरंगे फूलों की बारिश कर लिया होली का आनंद

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** भारत विकास परिषद के तत्वावधान में आयोजित होली मिलन समारोह हर्षोल्लास और उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत अध्यक्ष प्राची गुप्ता और उनकी टीम ने दीप प्रज्वलन कर किया। जबकि सामूहिक रूप से वंदे मातरम का गायन किया गया। कार्यक्रम में ओजस्वी त्यागी ने मनमोहक होली नृत्य प्रस्तुति से किया, जिसने सभी का दिल जीत लिया। तत्पश्चात कविता रस्तोगी ने भावपूर्ण भजन सुनाकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। मुकेश रस्तोगी ने होली गीत की शानदार प्रस्तुति दी और संगीता रस्तोगी ने भी अपनी मधुर आवाज से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। सत्र में आयोजित सरप्राइज क्वेश्चन राउंड में अनुप्रिया, उमेश गर्ग और सचिन रस्तोगी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बाजी मारी। वहीं आयोजित विभिन्न खेलों में राजुल रस्तोगी, डा. इंदू त्यागी और सुनील त्यागी विजेता रहे। कार्यक्रम में होली किंग का ताज सचिन रस्तोगी को और होली क्वीन का सम्मान पारुल रस्तोगी को प्रदान किया गया। सेम मैचिंग कपल अवार्ड संगीता रस्तोगी और मुकेश रस्तोगी को दिया गया। वहीं लकी चाइल्ड के रूप में अनन्या रस्तोगी का चयन हुआ।इस अवसर पर फूलों की होली का विशेष आयोजन किया गया, जिसमें कपल डांस के साथ सभी ने रंग-बिरंगे फूलों की वर्षा के बीच आनंद उठाया। अंत में सभी सदस्यों ने एक-दूसरे को गुलाल टीका लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में अमित गुप्ता राकेश अग्रवाल शशि भूषण शास्त्री उमेश गर्ग गौरव अग्रवाल शरद गुप्ता शीतल गुप्ता मुकेश रस्तोगी नीरज गुप्ता विपुल अग्रवाल डा. इंदु त्यागी कृष्णा शास्त्री प्रीति देओल संजय देओल नीरा गर्ग आदि मौजूद रहे।

सम्बंध-विच्छेद

मेरा सगा पुत्र समद गलत संगत में पड़ गया है और गलत प्रवृति के लोगों के साथ रहकर गलत कृत्य करता है तथा मेरे व मेरे परिवार के साथ आमादा फसाद रहता है। उक्त समद को बहुत समझाया मगर वह अपनी हरकतों से बाज नहीं आया। मजबूर होकर मैने अपने सगे पुत्र समद को अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करके घर से निकाल दिया है।अब मेरा या मेरे परिवार के किसी भी सदस्य का समद से कोई ताल्लुक वास्ता नहीं रहा। समद के किसी भी कृत्य की जिम्मेदारी मेरी या मेरे परिवार के किसी सदस्य की नहीं होगी।

मौ. नफीस पुत्र मौ. इस्माईल
नि. टंकी के पास कोट गर्बी तह. व जिला सम्भल।

# जिलाधिकारी ने बेसिक शिक्षा विभाग की बैठक में दिए निर्देश, शिक्षकों को प्रोत्साहित करने पर जोर



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में बेसिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत गठित जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि परिषदीय विद्यालयों में शिक्षण कार्य कर रहे शिक्षकों को उनके बेहतर कार्य के लिए प्रोत्साहित करने की दिशा में कार्य योजना तैयार करें। उन्होंने कहा कि अच्छे अध्यापक और विद्यालयों को प्रोत्साहित करना जरूरी है। ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत सभी कार्यों को आगामी दो महीने में पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया। शहरी क्षेत्र में एनजीओ के माध्यम से मिड डे मील की आपूर्ति के स्थान पर ग्रामीण क्षेत्र की भांति विद्यालय में ही भोजन तैयार करने के संबंध में पूर्व में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की स्थिति के बारे में भी जिलाधिकारी ने समीक्षा की। जिलाधिकारी ने कहा कि निर्धारित रोस्टर के अनुरूप सभी विद्यालयों में मध्याह्न भोजन की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जाए। साथ ही बच्चों की उपस्थिति को लेकर भी उन्होंने विशेष संवे. दनशीलता बरतने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि जिन विद्यालयों में पर्याप्त स्थान है वहां मिड डे मील सेड तैयार करने की दिशा में भी कार्य किया जाए। नए शैक्षिक सत्र में बच्चों को समय से पुस्तकों की उपलब्धता सुनिश्चित हो जाए, इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने विद्यालयों में शिक्षा व्यवस्था को और बेहतर ढंग से प्रभावी बनाने के लिए खंड शिक्षा अधिकारी एवं टास्क फोर्स के अन्य अधिकारियों से विस्तृत चर्चा की।

# यूपी बोर्ड हाईस्कूल गणित का पेपर सरल

**चन्दौसी।** शुक्रवार को यूपी बोर्ड हाईस्कूल की गणित विषय की परीक्षा प्रथम पाली में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। गणित को सामान्यत: कठिन विषय माना जाता है, लेकिन इस बार परीक्षार्थियों के अनुसार वर्ष 2026 की बोर्ड परीक्षा में प्रश्नपत्र अपेक्षाकृत सरल रहा। परीक्षा प्रात: 8:15 बजे से शुरू हुई, जिसके लिए छात्र-छात्राएं सुबह 07 बजे से ही परीक्षा केंद्रों पर पहुंचने लगे थे। एस.एम. इंटर कॉलेज को पांच विद्यालयों का परीक्षा केंद्र बनाया गया था। केंद्र व्यवस्थापक प्रधानाचार्य राजेश कुमार एवं ड्यूटी पर तैनात प्रवक्ता मनोज कुमार सिंह, योगेश कुमार शर्मा, सीवी सिंह तथा अन्य कक्ष निरीक्षकों ने परीक्षार्थियों के प्रवेश पत्र और पंजीकरण संख्या की जांच कर उन्हें परीक्षा कक्ष में प्रवेश दिया। परीक्षा समाप्त होने के बाद बाहर निकले छात्रों ने बताया कि गणित का प्रश्नपत्र इस बार आसान था। सरदार सिंह इंटर कॉलेज नरौली के एक छात्र ने कहा कि प्रश्नपत्र संतुलित और सरल था। वहीं इंटरमीडिएट विज्ञान वर्ग का अंतिम पेपर भी शुक्रवार को संपन्न हो गया। परीक्षा समाप्त होने के बाद छात्रों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर खुशी जाहिर की और होली का उत्सव मनाया।

## एक नजर

### रमजान के दूसरे जुमे पर मुस्लिम समाज ने की नमाज अदा बड़ी संख्या में मस्जिदों में पहुंचे अकीदतमन्द



**कुंदरकी।** रमजान के दूसरे जुम्मे की नमाज नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रो के विभिन्न मस्जिदों में शुक्रवार को कड़ी सुरक्षा के बीच अदा की गई इस दौरान मुस्लिम बंधुओं ने अल्लाह की इबादत कर दुआ मांगी नमाज अदा करने के बाद रोजेदारों ने इफ्तार की खरीदारी की। सब्र और इबादत के पवित्र महीने रमजान के दूसरे जुमा की नमाज नगर व ग्रामीण क्षेत्र की मस्जिदों में अकीदत के साथ अदा की गई। नमाज अदा कर रोजेदारों ने अपने गुनाहों से तौबा की।और अपने वतन के साथ साथ पूरी दुनिया मे खुशहाली व अमनो अमान की दुआए मांगी। जुमा की नमाज अदा करने को मस्जिदों में नमाजियों की भीड़ रही। महिलाओं ने भी घरों में नमाज अदा की। नमाज से पहले रमजान की फजीलत बयान करते हुए बताया कि रोजे की हालात में इंसान के हाथ, पैर, आंख सहित सभी अंगों का रोजा होता है। जबकि नगर में रमजान की रौनक बनी हुई है।

### आईएफटीएम विश्वविद्यालय में 'इनोवेशन शोकेस: डेमो डे/एग्जीबिशन/पोस्टर प्रेजेंटेशन ऑफ इनोवेशन/प्रोटोटाइप्स' कार्यक्रम का आयोजन



**मुरादाबाद ( शाह टाइम्स ब्यूरो )।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में इंस्टीट्यूशन्स इनोवेशन काउंसिल (आईआईसी) द्वारा स्कूल ऑफ साइंसेज के सहयोग से "इनोवेशन शोकेस: डेमो डे/एग्जीबिशन/पोस्टर प्रेजेंटेशन ऑफ इनोवेशन/प्रोटोटाइप्स" विषय पर पोस्टर प्रेजेंटेशन, मॉडल प्रस्तुति और प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल ऑफ साइंसेज के निदेशक डॉ. बी.के. सिंह, आईआईसी के अध्यक्ष, डॉ. मनोज कुमार एवं आईआईसी के संयोजक डॉ. अतनु नाग ने संयुक्त रूप से माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन व पुष्पार्पण कर किया। पोस्टर प्रेजेंटेशन में पहला स्थान बी.एस.सी, जेडबीसी, द्वितीय सेमेस्टर की छात्रा सना रानी, दूसरा स्थान बी.एस.सी पीसीएम, द्वितीय सेमेस्टर की छात्रा अमूल्या और तीसरा स्थान एम.एस.सी., जूलॉजी की छात्रा प्रिया सिंह, रंगोली रस्तोगी और मुस्कान सिंह एवं एम.एससी. गणित द्वितीय सेमेस्टर की छात्रा मेघा यादव ने संयुक्त रूप से प्राप्त किया। मॉडल प्रस्तुति और प्रदर्शनी में पहला स्थान बी.एससी (कृषि), चतुर्थ वर्ष के छात्र अनुज, दूसरा स्थान बी.एससी (पीसीएम), द्वितीय सेमेस्टर की छात्रा चंचल व बी.एससी (गृह विज्ञान) द्वितीय सेमेस्टर की भूमि भटनागर तथा तीसरा स्थान बी.एससी (पीसीएम), द्वितीय सेमेस्टर के छात्र मनीष को मिला।

# गुमथल गांव में पुराने पेड़ कटे, ग्रामीणों में रोष

**चन्दौसी।** विकासखंड बनियाखेड़ा के गांव गुमथल में अंग्रेजी शासनकाल के पाखड़ के पेड़ सहित दो अन्य पेड़ काटे जाने से ग्रामीणों में भारी रोष व्याप्त है। ग्रामीणों के अनुसार यह पेड़ ऐतिहा. सिक महत्व का था तथा इसकी छाया में गांव के लोग बैठते थे। पेड़ काटने वाले ठेकेदार ने बताया कि ग्राम प्रधान के पैड पर लिखित रुप में देने के बाद ही पेड़ को काटा गया है। हालांकि पेड़ काटे जाने की वन विभाग अनुमति को लेकर कोई संतोषजनक जबाव नहीं मिला। ग्रामीणों का कहना है कि पेड़ का वजन लगभग 150 कुंतल था और यह गांव की पहचान माना जाता था। ग्रामीणों ने बताया कि स्वतंत्रता संग्राम के दौरान उनके पूर्वज इसी पेड़ के नीचे बैठकर महत्वपूर्ण चर्चाएं और योजनाएं बनाया करते थे, जिससे इस पेड़ का ऐतिहासिक महत्व और भी बढ़ जाता है। पेड़ काटे जाने से ग्रामीणों में आक्रोश है और उन्होंने मामले की जांच कर जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि बिना उचित अनुम. ति इतने पुराने और महत्वपूर्ण पेड़ को काटना पर्यावरण और गांव की विरासत के साथ अन्याय है। जब इस संबंध में वन विभाग से जानक. ारी लेने का प्रयास किया गया तो संबंधित जिला स्तर के अधिकारियों का सीयूजी नंबर बंद मिला। वहीं राजस्व विभाग से जानकारी ली गई तो बताया गया कि ग्राम सभा में स्थित पेड़ काटने के लिए भूमि प्रबंधन समिति द्वारा प्रस्ताव पारित किया जाता है जिसमें सचिव, ग्राम प्रधान व वार्ड मैंबर की अहम भूमिका होती है।

# महानगर में धूमधाम से निकला रंग एकादशी का जुलूस, मनमोहक झांकियां रहीं आकर्षण का केंद्र

**मुरादाबाद।** राष्ट्रीय पर्व होली समिति की ओर से शुक्रवार को एकादशी के अवसर पर पारंपरिक शोभायात्रा ढोल-नगाड़ों की गूंज के साथ पूरे उत्साह में निकाली गई। जुलूस का शुभारंभ नगर विधायक रितेश गुप्ता ने गणेश जी की प्रतिमा के समक्ष आरती उतारकर किया। इसके बाद श्रद्धालु अबीर-गुलाल उड़ाते और एक-दूसरे को रंग लगाते हुए आगे बढ़े।शहर के मोहल्ला बाजीगरान स्थित खत्री धर्मशाला से प्रारंभ हुआ जुलूस शहर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरा। रास्ते भर विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। जुलूस में शामिल लोग भक्ति गीतों पर झूमते-गाते नजर आए, जिससे पूरा वातावरण होली के रंग में सराबोर हो गया।शोभायात्रा का मुख्य आकर्षण राम दरबार और राधा-कृष्ण की सजीव एवं मनमोहक झांकियां रहीं। इन झांकियों को देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। बच्चों और महिलाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला।सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर कोतवाली प्रभारी सुनीता दहिया के नेतृत्व में कई थानों की पुलिस फोर्स तैनात रही। प्रशासन की सतर्कता के चलते जुलूस शांतिपूर्वक संपन्न हुआ।समिति के अध्यक्ष राकेश कुमार टंडन ने बताया कि एकादशी शोभायात्रा की परंपरा वर्ष 1939 से निरंतर चली आ रही है। उन्होंने कहा कि शुरुआती दौर में टेसू के फूलों से प्राकृतिक रंग तैयार कर उसे पानी में घोलकर घर-घर रंग डाला जाता था। समय के साथ आयोजन का स्वरूप बदला है, लेकिन परंपरा और उत्साह आज भी बरकरार है।इस अवसर पर रवि मल्होत्रा, विजय कुमार टंडन, सुधीर पाठक, अनुभव मल्होत्रा, विजय सारस्वत, राजेश खन्ना और कृष्ण मुरारी त्रिपाठी सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।



# बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के तहत छात्राओं को दिया गया आत्मरक्षा प्रशिक्षण

**चन्दौसी।** बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत आत्म सुरक्षा प्रशिक्षण के अंतर्गत शुक्रवार को पूर्व प्राथमिक विद्यालय पतरौआ की छात्राओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण प्रदान किया गया जिससे कि वह विपरीत परिस्थितियों में विरोधी का डटकर मुकाबला भी कर सकें। ताइक्वांडो प्रशिक्षक सुरेश कुमार व महिला खिलाड़ी ब्लैक बैल्ट होल्डर रेखा ने सभी बालिकाओं को वन हैंड सेल्फ डिफेंस, टू हैंड सेल्फ डिफेंस, एल्बो अटैक, फिंगर अटैक का अभ्यास कराया। ग्रामीण अंचल की बालिकाएं पूरी लगन से मार्शल आर्ट सीख रही हैं। सतह ही विद्यालय के शिक्षकों को भी अभ्यास कराया जा रहा है ताकि कैंप के बाद भी बालि. काओं को निरंतर अभ्यास कराया जा सके। ताइक्वांडो कोच रेखा ने बताया कि हर बालिका को कम उम्र से ही मार्शल आर्ट की ट्रेनिंग लेनी चाहिए। ग्रामवासियों ने भी सरकार की इस योजना की तारीफ की कहा कि अब हमारे गांव की बालिकाएं भी अपनी सुरक्षा करने में सक्षम हो गई हैं। छात्राओ को प्रशिक्षण के साथ-साथ सरकार और महिला कल्याण विभाग द्वारा महिलाओं और बालिकाओं के हितार्थ चलाई जा रही योजना यथा मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला, निराश्रित महिला पेंशन, गुड़ टच एवं बैड टच, बाल विवाह के दुष्परिणाम, बसल श्रम के दुष्प्रभावों आदि के बारे में बताया गया। इस अवसर पर कॉलेज का समस्त स्टाफ और अन्य व्यक्ति उपस्थित रहे।



# सर्व धर्म सामाजिक संगठन की बैठक में एकता, स्वदेशी और समाज सेवा पर जोर

**चन्दौसी।** सर्व धर्म सामाजिक संगठन की बैठक में अध्यक्ष नरेश राघव ने समाज में एकता, भाईचारा, स्वदेशी और नि:स्वार्थ सेवा की भावना को बढ़ावा देने पर जोर दिया।

उन्होंने कहा कि संगठन का उद्देश्य धर्म और जाति से ऊपर उठकर एक उन्नत और सामंजस्यपूर्ण समाज का निर्माण करना है, जहां हर व्यक्ति जरूरतम. ंदों की मदद के लिए तत्पर रहे। प्रमोद राघव ने सर्वधर्म समभाव का संदेश देते हुए कहा कि सभी धर्मो का सम्मान करना हमारा कर्तव्य है। हमें धार्मिक और जातीय भेदभाव से दूर रहकर सभी वर्गों के साथ प्रेमपूर्वक संबंध बनाने चाहिए। भूपेंद्र यादव ने कहा कि समाज सेवा केवल धन दान तक सीमित नहीं है, बल्कि हमें अपने समय और योग्यता से गरीब, असहाय और बीमार लोगों की मदद करनी चाहिए। साथ ही स्थानीय कारीगरों और कुटीर उद्योगों के उत्पादों को अपनाकर स्वदेशी को बढ़ावा देना चाहिए। डॉ. जितेंद्र यादव ने पर्यावरण संरक्षण पर जोर देते हुए प्लास्टिक का उपयोग कम करने, पेड़ लगाने और स्वच्छता बनाए रखने की अपील की। योगेंद्र यादव ने कहा कि अनपढ़ बच्चों को शिक्षा के लिए प्रेरित करना और महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना भी समाज सेवा का महत्वपूर्ण हिस्सा है। बैठक में नरेश राघव, योगेंद्र यादव, भूपेंद्र यादव, प्रमोद राघव, संजीव शर्मा, डॉ. जितेंद्र यादव सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

**बेदखली सूचना**

मैंने अपने पुत्र आविद व पुत्रवधू श्रीमती तमन्ना जहां को गलत संगत व आये दिन लड़ाई-झगड़ा करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/लेनदेन व मुकदमेबाजी के लिए वह स्वंय जिम्मेदार होगें। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के अन्य किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। **नौशाद अहमद पुत्र खलील अहमद निवासी ग्राम वीरपुर फतेहउल्लापुर थाना भगतपुर, जिला मुरादाबाद।**

**हबीबी इंस्टिट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन**
**ग्राम, गुरेर, डींगरपुर, कुन्दरकी रोड, मुरादाबाद।**

डी.एल. एड प्रशिक्षण 2025 हेतु निर्गत शासनादेश संख्या 1169/68 -4-2025- 2067/2013 बेसिक शिक्षा अनुभाग 4 दिनांक 12 नवम्बर 2025 एवं शासनादेश संख्या 653/15 11 2015 तथा यथासंसोधित शासनादेश संख्या 612/ 15. 11.2017 दिनांक 25.05.2017 में वर्णित व्यवस्था एवं दिशानिर्देशो के अनुसार NCTE एवं SCERT से मान्यता प्राप्त निजी अल्पसंख्यक संस्था हबीबी इंस्टिट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन मुरादाबाद में डी.एल.एड. प्रशिक्षण 2025 में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र संस्था को वेबसाइट **https://www.hihe-in** पर पूरित किये जायेंगे।

**आवेदन शुल्क -शून्य**

**नोट**-समस्त प्रवेश प्रक्रिया सचिव परीक्षा नियामक प्राधिकारी कार्यालय द्वारा निर्धारित समय सारणी के अनुसार सम्पन्न की जाएगी। प्रवेश सम्बन्धी अहर्ताओ की अधिक जानकारी हेतु आधिकारिक वेबसाइट विजिट करे।

**मोबाइल नं0- 9410066786**

**बेदखली सूचना**

मैंने अपने पुत्र शकील खान व पुत्रवधू मेंहजबी परवीन को उनके गलत आचरण के कारण अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करते हुए संबंध विच्छेद कर लिए हैं। उनके किसी कृत्य से मेरा और बाकी परिवार का कोई वास्ता नहीं होगा। **नूरजहां पत्नी गोहर खान, निवासी सलेमपुर खास, तहसील कांठ, जिला मुरादाबाद।**

# पत्नी और भाई से जान को खतरा, एसएसपी को दी तहरीर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** मुरादाबाद के मूंढापाण्डे थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी और भाई से जान को खतरा बताते हुए एसएसपी को तहरीर दी है। पीड़ित राजेश कुमार ने आरोप लगाया है कि उसकी पत्नी गीता के उसके छोटे भाई संजय से अवैध संबंध हैं और दोनों ने मिलकर उसे धमकी दी है। राजेश कुमार ने बताया कि उसकी पत्नी गीता 15 मार्च 2025 को जेवर, कपड़ा और पैसे लेकर संजय के साथ चली गई थी। उसने मूंढापाण्डे थाने में प्रार्थना पत्र दिया, जिसके बाद पुलिस ने गीता को बरामद कर उसे सौंप दिया। लेकिन गीता ने संजय से लगाव बनाए रखा और 17 अप्रैल 2025 को संजय के साथ जेवर, कपड़ा और छोटे पुत्र रिषभ को लेकर चली गई। राजेश कुमार ने बताया कि 23 फरवरी 2026 को गीता ने उसे फोन कर धमकी दी कि वह उसके रिश्तेदारों से ज्यादा फोन क्यों करा रहा है। संजय ने भी फोन पर धमकी दी कि वह गीता का पीछा करना बंद कर दे, नहीं तो नतीजा बहुत बुरा होगा। राजेश कुमार ने एसएसपी से गुहार लगाई है कि संजय और गीता के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाए और उसकी सुरक्षा की जाए।

**न्यायालय अपर उपजिलाधिकारी महोदय, जनपद-मुरादाबाद।**
**वाद संख्या:** 24746/2025
**कंप्यूटरीकृत वाद संख्या:** टी-202513540124746 **सन्** 2025
**तारीख पेशी:** 13.03.2026
**धारा:** 24, अधिनियम उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता-2006
ग्राम सुनारी तहसील बिलारी।
**मौ० नफीस आदि बनाम ग्राम सभा**

1. मौ. नफीस, 2. अनीस अहमद, 3. रईस अहमद पुत्रगण रफीक अहमद निवासीगण ग्राम भोजपुर धर्मपुर तह. व जि. मुरादाबाद।

**बनाम**

1. नफीसउद्दीन, 2. मौ. लईक उद्दीन, 3. वसीम उद्दीन पुत्रगण वहीद उद्दीन, 4. वसीउद्दीन पुत्र हकीमुद्दीन, 5. नन्नी बेगम पत्नी हकीमुद्दीन, 6.अजीमुद्दीन पुत्र नजीर अहमद, 7. तमीजान पुत्र मौ. समी, 8. प्यारी पत्नी कल्लू, 9. इस्माईल पुत्र छुन्ना, 10 अहमदी पुत्र फिदा हुसैन, 11. रोशनी पत्नी रमजानी, 12. लल्ली पुत्री सईदुद्दीन, 13. इकराम अली पुत्र निजाम अली, 14. खान सिंह पुत्र मेवाराम, 15. मोनू, 16. राजू पुत्रगण किशन, 17. तेजपाल सिंह पुत्र रघुनाथ सिंह, 18. राजीव, 19. प्रदीप पुत्रगण विजय सिंह, 20 कुमरवती पत्नी विजय सिंह, 21. अर्जुन सिंह पुत्र ऋषिपाल, 22. माया देवी पत्नी ऋषिपाल, 23. शांति देवी पत्नी अमर सिंह, 24. संजय सिंह, 25. जय प्रकाश, 26. सोनू, 27. चेतराम पुत्र झण्डू, 28. रामकली पत्नी झंडू, 29. अंजार हुसैन, 30 इसरार हुसैन, 31 मौ. इमरान पुत्रगण मौ. जफर उर्फ मुन्ना समस्त निवासीगण भोजपुर धर्मपुर, मुरादाबाद, 32. अली अहमद पुत्र मौ. वख्श, 33. अहमद हसन 34. मेहंदी हसन, 35. वाहिद पुत्रगण सूखा, 36 निजामुद्दीन, 37 अमजुद्दीन पुत्रगण शाहाबुद्दीन, 38 नन्हुआ, 39 घासी पुत्रगण छोटे, 40. तसलीम, 41 यामीन, 42. यासीन, 43. सलीम पुत्रगण भूरा, 44. नगर पंचायत अध्यक्ष भोजपुर धर्मपुर समस्त निवासीगण ग्राम भोजपुर धर्मपुर तह. व जि. मुरादाबाद।

चूंकि उपर्रिनामांकित वादीगण के इस न्यायालय में यह आवेदन किया जाता है कि अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उसे आवेदन के खिलाफ हेतु संर्दिशत करने के लिये 2026 के माह 03 के दिवस 13 को 10 बजे पूर्वान्ह अथवा बंधक रूपये अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपरनाम हो यदि ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2026 के माह 02 के दिवस 26 को निकाली गयी है।

**न्यायालय**
**अपर उपजिलाधिकारी**
**जनपद मुरादाबाद।**

# चन्द्रशेखर आजाद का बलिदान दिवस एवं नाना जी देशमुख की पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई

**चन्दौसी।** महापुरुष स्मारक समिति एवं सर्वसमाज जागरूकता अभियान भारत के संयुक्त तत्वावधान में महान स्वतंत्रता सेनानी क्रांतिकारी शहीद चंद्रशेखर आजाद का 'बलिदान दिवस' एवं भारत रत्न नानाजी देशमुख की 'पुण्य तिथि' मनाई गई। सर्वप्रथम अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने दोनों चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए माधव मिश्र ने कहा कि क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद ने बहुत छोटी उम्र में ब्रिटिश सरकार के खिलाफ बगावत शुरू कर दी। जालियांवाला बाग हत्याकांड ने बचपन में ही आजाद को झकझोर दिया और उन्होंने ब्रिटिश शासन से देश को आजाद कराने की ठान ली। चंद्रशेखर आजाद कहते थे 'दुश्मन की गोलियों का हम सामना करेंगे, हम आजाद हैं और आजाद ही रहेंगे।' चंद्रशेखर आजाद का जन्म 23 जुलाई 1906 को मध्य प्रदेश के भावरा नामक ग्राम में हुआ। पिता सीताराम तिवारी और माता जगरानी देवी थीं। बचपन का नाम चंद्रशेखर तिवारी था। आप भील लोगों के साथ बचपन में खेलते हुए अचूक निशाना लगाना और धनुष से तीर चलाना सीख गए। आपकी शिक्षा के लिए संस्कृत पाठशाला बनारस मात्र बारह साल की उम्र में भेज दिया। 1921 में गांधी ने असहयोग आन्दोलन शुरू किया। आजाद काशी में शिक्षा प्राप्त कर रहे थे। तब वह गांधी के असहयोग आन्दोलन से जुड़ गए उन्हें ब्रिटिश सरकार ने गिरफतार कर लिया और जज के सामने पेश किया गया। जज ने उनका नाम पूंछा तो उन्होने आजाद बताया और पिता का नाम स्वतंत्रता बताया एवं उम्र पन्द्रह साल बताई। जज ने पन्द्रह कोड़ों की सजा सुनाई। उन्हें केवल एक लंगोट के साथ नंगा करके पन्द्रह कोड़े मारे गए प्रत्येक कोड़े लगने पर वह भारत माता की जय बोलते। कोड़ों के कारण उनके घाव हो गए मलहम पट्टी को जज ने तीन आने दिए। उन्होंने वह पैसे जज के मुंह पर फेंक दिए। इस घटना के बाद चंद्रशेखर तिवारी को दुनिया चंद्रशेखर आजाद कहने लगी। महात्मा गांधी द्वारा चौरा-चौरी कांड के बाद असहयोग आन्दोलन वापिस लेने पर क्रांति का मार्ग अपनाया। आजाद ने रामप्रसाद बिस्मिल, भगतसिंह के साथ हिंदुस्तान रिपब्लिक एसोसिएशन बनाई। रामप्रसाद बिस्मिल की फांसी के बाद कई संगठनों को मिलाकर हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिक एसोसिएशन बनाई। रामप्रसाद बिस्मिल के नेतृत्व में काकोरी स्टेशन पर ब्रिटिश सरकार की खजाने से भरी ट्रेन को लूटने की योजना बनाई।

09 अगस्त 1925 को काकोरी काण्ड के तहत खजाना लूटा गया जिसमें चंद्रशेखर आजाद भी शामिल थे लेकिन ब्रिटिश सरकार आजाद को गिरफ्तार नहीं कर पाई। 1928 में साइमन कमीशन के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान लाला लाजपत राय को गंभीर चोटे आईं और उनकी बाद मे मृत्यु हो गई। उनकी मौत का बदला चंद्रशेखर आजाद, भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव ने पुलिस सुप्रीटेंडेंट जे.पी. सांडर्स की हत्या करके लिया। अंग्रेज सरकार द्वारा भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव को फांसी की सजा को उम्र कैद में तब्दील कराने के लिए वह मोतीलाल नेहरू एवं पण्डित जवाहर लाल नेहरु के पास इलाहाबाद (प्रयागराज) पहुंचे। उस दौरान अंग्रेजी हुकूमत को आजाद के अल्फ्रेड पार्क में होने की भनक लग गई। देश और समाज को किए गए उत्कृष्ट कार्यो के लिए 1999 में पद्मविभूषण और 2019 में भारत का सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने आगे कहा कि नानाजी देशमुख का जन्म 11 अक्टूबर 1916 को महाराष्ट्र के हिंगोली जिले के कडोली नामक छोटे से गांव में हुआ था। आपके बचपन में ही माता पिता का निधन हो गया, जिसके कारण मामा ने लालन पालन किया।

पिलानी के बिरला इंस्टीट्यूट से उच्च शिक्षा प्राप्त की। 1930 में वह आरएसएस से जुड़ गए और हेडगेवार ने गोरखपुर का प्रचारक बनाकर भेज दिया बाद में उत्तर प्रदेश का प्रांत प्रचारक बनाया गया।

पण्डित दीनदयाल उपाध्याय जी एवं पंडित अटल बिहारी बाजपेई जी ने साप्ताहिक राष्ट्र धर्म, पाञ्चजन्य, स्वदेश का प्रबंध निदेशक बनाया।

**आर0 एच0 एम0 कॉलेज ऑफ हायर एजुकेशन**
**ग्राम सिरसखेड़ा मूंढ़ापाण्डे मुरादाबाद।**

डी.एल.एड. प्रशिक्षण 2025 हेतु निर्गत शासनादेश संख्या 1169/ 68- 4- 2025-2067/2013 बेसिक शिक्षा अनुभाग-4 दिनांक 12 नवम्बर 2025 एवं शासनादेश संख्या 653/15-11-2015 तथा यथासंशोधित शासनादेश संख्या 612/15.11.2017 दिनांक 25.05. 2017 में वर्णित व्यवस्था दिशानिर्देशो के अनुसार NCTE/SCERT से मान्यता प्राप्त निजी अल्पसंख्यक संस्था आर०एच०एम० कॉलेज ऑफ हायर एजुकेशन मुरादाबाद में डी.एल.एड. प्रशिक्षण 2025 में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र संस्था की वेबसाइड **www.rhmcollege.co.in** पर पूरित किये जायेगे।

**आवेदन शुल्क- शून्य ( 00 )**

**नोट**-समस्त प्रवेश प्रकिया सचिव परीक्षा नियामक प्राधिकारी कार्यालय द्वारा निर्धारित समय सारणी के अनुसार सम्पन्न की जाएगी। प्रवेश सम्बन्धी अहर्ताओ की अधिक जानकारी हेतु अधिकारिक वेबसाइड विजिट करें।

**मोबाइल न0 9719879709**

**कार्यालय ग्राम पंचायत चक कचनाल**
**विकास खण्ड-भगतपुर टाण्डा ( मुरादाबाद )।**

पत्रांक: मीमो /मनरेगा/ग्राम पंचायत/निविदा/2025-26 दिनांक: 27.02.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत चक कचनाल विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा (मुरादाबाद) की आयोजित बैठक दिनांक 02.10.2024 में पारित कार्य योजना के सापेक्ष मनरेगा योजनान्तर्गत में निम्न कार्य इस ग्राम पंचायत द्वारा जनहित में कराये जाने है। इच्छुक पंजीकृत आपूर्तिकर्ता/ठेकेदार दिनांक: 14.03.2026 को 12.30 बजे तक अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में अपने पंजीकरण प्रमाण पत्र/व्यापार कर के विभाग में पंजीकरण प्रमाण पत्र की छायाप्रति के तथा हैसियत प्रमाण पत्रों सहित नियमानुसार जमानत राशि के साथ/एफडीआर आदि संलग्न करते हुए अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा कर सकते है। निविदाएं स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को निहित होगा। निविदाएं ग्राम पंचायत मुख्यालय पर दिनांक 14.03. 2026 की अपरान्ह 3.30 बजे खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य तथा स्थल का नाम | कार्य की ल० मी० में | अनुमानित लागत लागत ( रू. लाख में ) | निविदा मूल्य | जमानत धनराशि | कार्य पूर्ण कराने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मैन रोड से मतलूब के घर तक नाली व टाईल्स निर्माण कार्य। | 100 मी0 | 228988.28 | 200 | 2% | 1 माह |

**प्रतिबंध/शर्तें**:-1. उपरोक्त कार्य के लिए पंजीकृत फर्म जी.एस.टी. नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देय होगा। 2. इस निविदा को बिना बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास होगा, सशर्त या अपूर्ण निविदाएं किसी भी दशा में मान्य नहीं होगी।

**सचिव/ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत चक कचनाल**
**विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा, मुरादाबाद**

# 15 फीट गहरी बोरिंग की कुइया में अज्ञात युवती का शव मिलने से फैली सनसनी

**कुंदरकी।** मैनाठेर थाना क्षेत्र के ग्राम वघी गोवर्धनपुर के एक खेत में शुक्रवार को करीब 15 फीट गहरी बोरिंग की कुइया में अज्ञात युवती का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। जानकारी के अनुसार शुक्रवार सुबह खेत में काम कर रहे बच्चों ने कुइया में एक युवती का शव पड़ा देखा। बच्चों ने इसकी सूचना खेत पर मौजूद एक किसान को दी। किसान ने ग्राम प्रधान को बताया। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कुइया से बाहर निकलवाया। घटना की जानकारी एसपी ग्रामीण कुंवर आकाश सिंह, क्षेत्राधिकारी बिलारी अशोक कुमार घटनास्थल पर पहुंचे। बाद में फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया जिसने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। पुलिस द्वारा युवती की शिनाख्त कराने का प्रयास किया गया लेकिन देर शाम तक पहचान नहीं हो सकी। चर्चा है कि युवती की हत्या कर शव को कुइया में फेंका गया। वहीं एसपी ग्रामीण कुंवर आकाश सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद कार्रवाई की जाएगी।



## दयानन्द आर्य कन्या डिग्री कॉलेज में एनएसएस के शिविर का सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ हुआ हुआ समापन

**मुरादाबाद।** शहर के सिविल लाइंस क्षेत्र स्थित दयानन्द आर्य कन्या डिग्री कॉलेज के सभागार में शुक्रवार को राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन उत्साह, गरिमा और उल्लासपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम प्राचार्य प्रोफेसर सीमा रानी के कुशल निर्देशन में आयोजित किया गया।समारोह की शुरुआत प्रबंधक उमाकांत गुप्ता, सचिव जुनैद एजाज एवं प्राचार्य द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन और पुष्प अर्पण के साथ हुई। इसके बाद लक्ष्य गीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया। स्वयंसेविकाओं नेआकर्षक सजावट के साथ समारोह को भव्य रूप दिया।कार्यक्रम में रंगारंग प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया।स्वयंसेविकाओं ने स्वच्छता और महिला सुरक्षा विषय पर दो प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किए। भूमि व गरिमा ने 'राधा कैसे न जले' तथा सृष्टि व लकी ने 'जा रे हट नटखट' गीत पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। साथ ही तीन छात्राओं ने कविता पाठ कर सामाजिक सरोकारों पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन गरिमा ने किया, जबकि शिविर की विस्तृत रिपोर्ट पलक ठाकुर ने प्रस्तुत की।शिविर में उत्कृष्ट योगदान के लिए 15 स्वयंसेविकाओं को प्रबंधक व प्राचार्य द्वारा सम्मानित किया गया। सचिव जुनैद एजाज ने अपने संबोधन में युवाओं की सामाजिक जिम्मेदारी और सामुदायिक विकास में भागीदारी पर बल दिया। अंत में प्राचार्य ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।कार्यक्रम में दोनों इकाइयों की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नीतू सिंह व विदुषी यादव सहित समस्त प्रवक्ता और स्वयंसेविकाएं उपस्थित रहीं।




## एक नजर

### महानगर में आयोजित हुई श्रद्धांजलि सभा, स्व. विपिन कुमार गुप्ता 'लोहिया' को अर्पित की गई, श्रद्धांजलि



**मुरादाबाद।** शहर के प्रतिष्ठित उद्योगपति स्वर्गीय विपिन कुमार गुप्ता 'लोहिया' की स्मृति में होटल ड्राइव इन 24 में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सभा में शहर के गणमान्य नागरिकों, निर्यातकों एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने पहुंचकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।स्व. विपिन कुमार गुप्ता 'लोहिया', स्वर्गीय नारायण कुमार लोहिया के सुपुत्र थे।

उनका निधन 24 फरवरी 2026 को हो गया था, जिससे शहर में शोक की लहर दौड़ गई थी। शोकसभा में उपस्थित लोगों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी।इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल, एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह सहित अनेक अधिकारी मौजूद रहे। शहर के निर्यातक वर्ग और विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी बड़ी संख्या में पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की। वक्ताओं ने अपने संबोधन में स्व. लोहिया के सरल स्वभाव, सामाजिक सरोकारों और व्यापारिक क्षेत्र में उनके योगदान को याद किया।सभा में लोहिया परिवार के सभी सदस्य उपस्थित रहे। परिजनों ने शोक व्यक्त करने पहुंचे सभी लोगों का आभार जताया। श्रद्धांजलि सभा का समापन शांतिपाठ के साथ हुआ।

### सीकरी भगवन्तपुर में चकबन्दी चौपाल आयोजित, किसानों की समस्याएं सुनी गईं

**चन्दौसी।** चकबन्दी आयुक्त उत्तर प्रदेश एवं जिलाधिकारी सम्भल के निर्देश तथा बंदोबस्त अधिकारी चकबन्दी के अनुपालन में तहसील चन्दौसी क्षेत्र के ग्राम सीकरी भगवन्तपुर में चकबन्दी चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल की अध्यक्षता चकबन्दी अधिकारी राजेश गुप्ता ने की। इस अवसर पर सहायक चकबन्दी अधिकारी चन्दौसी अमर सिंह, चकबन्दी लेखपाल जिनित कुमार, रामगोपाल राना, न्यायालय लिपिक राहुल तथा अनुसेवक सीताराम भी उपस्थित रहे। चौपाल में ग्राम के किसानों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया तथा चकों से संबंधित स्थलों का मौके पर निरीक्षण किया गया। चकबन्दी अधिकारी ने किसानों को आश्वस्त किया कि चकबन्दी से संबंधित विचाराधीन वादों का शीघ्र निस्तारण कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप किसानों को उनकी भूमि से जुड़े मामलों में पारदर्शिता और त्वरित समाधान उपलब्ध कराना प्राथमिकता है। चौपाल के माध्यम से किसानों को चकबन्दी प्रक्रिया की जानकारी भी दी गई तथा उनकी समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए।



### रस्तोगी सभा ने रंग एकादशी पर निकाली शोभायात्रा

**चन्दौसी।** श्री रस्तोगी सभा चन्दौसी के तत्वावधान में शुक्रवार को खेल गोपाल मंदिर परिसर में हवन-पूजन के साथ 117वीं रंग एकादशी शोभायात्रा का भव्य शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अध्यक्ष नीरज रस्तोगी द्वारा हनुमानजी को चोला चढ़ाकर एवं गणेशजी का ध्यान कर की गई। इस अवसर पर ओमशंकर रस्तोगी, नीरज रस्तोगी, संजीव रस्तोगी, प्रदीप कुमार रस्तोगी हर्षित रस्तोगी, विकास रस्तोगी, प्रदीप रस्तोगी, प्रवीन रस्तोगी सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे। शोभायात्रा के दौरान भक्तों में उत्साह और श्रद्धा का विशेष माहौल देखने को मिला।

### ग्रामीण को मारपीट कर घायल करने के मामले में मुकदमा

**बिलारी।** कोतवाली क्षेत्र के पहाड़पुर गांव निवासी धर्मवीर ने कोतवाली में लिखाई रिपोर्ट में कहा है कि 25 फरवरी की दोपहर वह अपने घर पर था। तभी बाहर गटर सफाई करने वाली मशीन आई। इस दौरान वह सफाई कर्मी से बात कर रहा था। आरोप लगाया कि अचानक उसी के गांव का नरेश पुत्र जगतपाल आया और उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। जिससे उसके शरीर में काफी चोटें आई हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### एसपी ग्रामीण ने थाना पाकबड़ा के फीडबैक रजिस्टर के साथ ही कई अभिलेखों का किया निरीक्षण

**मुरादाबाद।** जनपद में कानून-व्यवस्था और पुलिस कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक ग्रामीण कुंवर आकाश सिंह ने पुलिस कार्यालय में थाना पाकबड़ा से संबंधित अभिलेखों का गहन निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान उन्होंने फीडबैक रजिस्टर, महिला हेल्प डेस्क प्रार्थना पत्र रजिस्टर, महिला बीट रजिस्टर सहित अन्य महत्वपूर्ण अभिलेखों की जांच की। एसपी ग्रामीण ने रजिस्टरों में दर्ज शिकायतों, उनकी प्रगति और निस्तारण की स्थिति का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने महिला संबंधित प्रकरणों में त्वरित कार्रवाई और संवेदनशीलता बरतने के निर्देश दिए।कुंवर आकाश सिंह ने कहा कि महिला सुरक्षा और जनसुनवाई से जुड़े मामलों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया कि सभी प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही फीडबैक रजिस्टर में प्राप्त सुझावों और शिकायतों पर गंभीरता से कार्रवाई करने के निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान अभिलेखों के सुव्यवस्थित रखरखाव और अद्यतन प्रविष्टियों पर विशेष जोर दिया गया। उन्होंने महिला बीट प्रणाली को और अधिक सक्रिय बनाने तथा क्षेत्र में नियमित संपर्क और संवाद बनाए रखने के निर्देश भी दिए।इस निरीक्षण को पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली को पारदर्शी और जवाबदेह बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## फत्तेहपुर नीमरी में मजदूरों के लिए मजदूर पाठशाला का आयोजन

**बिलारी।** ग्राम फत्तेहपुर नीमरी में नेशनल एकेडमी फॉर सोशल मूवमेंट की ओर से मजदूरों के लिए मजदूर पाठशाला का आयोजन किया गया। संयुक्त आयोजन नागरिक एकता परिषद के साथ भी रहा। ह्यूमन राइट डिफेंडर प्रेम कुमार ने मजदूरों को संबोधित किया। उन्होंने मजदूरों की औपचारिक पहचान पर विशेष जोर देते हुए कहा कि मजदूरों को अपनी सुरक्षा और अधिकारों की रक्षा के लिए श्रम पंजीकरण अवश्य कराना चाहिए। जिनके पास मनरेगा जॉब कार्ड नहीं है, वे तुरंत ग्राम प्रधान या सचिव से संपर्क करके जॉब कार्ड बनवाएं और काम की मांग करें। प्रेम कुमार ने श्रम कानूनों में हालिया बदलावों का जिक्र किया। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार ने 44 पुराने श्रम कानूनों को समेकित करके 4 लेबर कोड में बदल दिया है, जिसके तहत कार्य घंटे 8 से बढ़ाकर 12 घंटे तक किए जा सकते हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि मजदूरों की सुरक्षा और अधिकार तभी सुनिश्चित हो सकते हैं, जब वे संगठित हों, जागरूकता बढ़ाएं और मजदूर पाठशाला जैसी पहलों के माध्यम से शिक्षा ग्रहण करें। कार्यक्रम में मुख्य रुप से राकेश, दुष्यन्त, महेंद्र सिंह मौर्य, सुर्जन सिंह, सुल्ला, बंटी, राजू मौर्य, नोशद, दिलशाद, अफसर, नरेश ड्राइवर, शिवम, करतार, दानवीर मिस्त्री आदि सहित अनेकों मौजूद रहे।

## राणा शुगर मिल के कर्मचारी पर चोरी का मुकदमा दर्ज

**भोजपुर।** पुलिस ने राणा शुगर मिल बेलबाड़ा के सुरक्षा प्रबंधक की तहरीर पर मिल में चोरी कर रहे कर्मचारी के खिलाफ चोरी का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार को दी तहरीर में मिल के सुरक्षा प्रबंधक सुरेन्द्र सिंह पुत्र केहर सिंह ने बताया है कि गुरुवार को उनके सिक्यूरीटी गार्ड ओमकार सिंह ने बताया कि राणा सुगर मिल में स्थित पावर हाउस में कोई कुछ तोड़ रहा है। मौके पर पहुंचने पर देखा कि हाउस किपिंग अरुण कुमार निवासी गांव कन्हीयानगला थाना भगतपुर पीसीवी पैनल मशीन के वैक्यूम इन्ट्रीपटर 25 सौ एफएमपी को तोड़कर चोरी करके ले जा रहा था। जिससे पीसीबी पैनल मशीन पूरी तरह खराब व छतिग्रस्त हो गई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर नामजद रिपोर्ट दर्ज कर बरामद माल को सीलबंद कर दिया।

**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/III/मुरादाबाद द्वारा ई टेन्डर निम्न टेन्डर संख्या के अर्न्तगत आमंत्रित किये जाते हैं। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदा दाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| टेन्डर संख्या दिनांक | 309-DRM-MB-25-26 DATE 27.02.2026 | 310-DRM-MB-25-26 DATE 27.02.2026 |
|---|---|---|
| कार्य का नाम | White Washing, Color Washing, Distempering, Painting & Writing of Staff Quarters and Service Buildings & other Misc. Works under ADEN/BE | Upgradation/ Modernisation of Infrastructure at Rampur Goods Shed. |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक / समय | 23.03.2026 at 16:00 Hrs | 23.03.2026 at 16:00 Hrs |
| अनुमानित लागत | 69,99,118.31 | 5,77,90,139.93 |
| धरोहर राशि | 1,40,000.00 | 4,39,000.00 |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 09.03.2026 | 09.03.2026 |
| आफर की वैधता | 60 Days | 60 Days |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 08 Months | 10 Months |

नं. 75-W/2/3/WA/Publication दिनांक 27.02.2026 677/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## प्रेम शांति स्कूल में बताया आमलकी एकादशी का महत्व

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** बहोरनपुर नरौली नरौली स्थित प्रेम शांति हायर सेकेंडरी स्कूल में प्रधानाचार्य विजयपाल सिंह राघव ने आमलकी एकादशी व्रत का महत्व बताते हुए कहा कि इस दिन भगवान विष्णु व आंवला वृक्ष की पूजा करने से मनुष्य को सुख शांति व मोक्ष की प्राप्ति होती है। शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम से पूर्व अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के संस्थापक युग ऋषि पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य आदि शक्ति मां गायत्री भगवान विष्णु शक्ति स्वरूपा माता भगवती देवी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलित किया।इस दौरान आमलकी एकादशी के महत्व को बताते हुए गायत्री परिवार के वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं प्रधानाचार्य आचार्य विजय पाल सिंह राघव ने सनातन धर्म में एकादशी का व्रत महत्वपूर्ण स्थान रखता है। आमलकी अथवा आंवले को उसी प्रकार श्रेष्ठ स्थान प्राप्त है।

जिस प्रकार नदियों में गंगा और देवों में भगवान विष्णु को। विष्णु जी जब सृष्टि की रचना के लिए ब्रह्मा जी की उत्पत्ति हुई। उसी समय उन्होंने आंवले के वृक्ष की भी उत्पत्ति की।आंवले को भगवान विष्णु ने आदि वृक्ष के रूप में प्रतिष्ठित किया। आंवले के वृक्ष के हर अंग में ईश्वर का वास माना गया है। भगवान विष्णु ने कहा है कि भूतल पर जो प्राणी स्वर्ग और मोक्ष चाहते हैं उनके लिए फागुन शुक्ल पक्ष में पुष्य नक्षत्र में आने वाली एकादशी का व्रत अत्यंत श्रेष्ठ है। इस एकादशी को आमलकी एकादशी तथा रंग एकादशी के नाम से भी जाना जाता है ।यह होली से 4 दिन पूर्व आती है। इस दिन भगवान विष्णु की प्रतिमा के समक्ष तिल, कुश, मुद्रा और जल के साथ पूजन कर संकल्प करना चाहिए। संकल्प के पश्चात षोडशोपचार पूजन से भगवान विष्णु की पूजा करें। उसके बाद आंवले के वृक्ष की पूजा करनी चाहिए। इसी दिल से होली का रंग भी प्रारंभ हो जाता है।

2 इस दौरान आदित्य राघव ,मनोज कुमार ,आबिद हुसैन ,रंजीत सौरभ ,विनीत ,अमित कुमार, भारत ,राधेश्याम, सजल राघव, साधना सिंह, विनीत ,आकांक्षा मौजूद रहे।

## दुर्घटना में हुई मौत के मामले में पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**बिलारी।** कोतवाली क्षेत्र के गांव हाजीपुर के सूरज सिंह ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया जिसमें कहा कि 12 फरवरी को उसका भाई सूखे अमरपुरकाशी में एक मैरिज हॉल में काम करने के लिए गया था। किसी काम से मैरिज हॉल से बाहर जा रहा था तभी गलत दिशा से आ रही तेज रफ्तार बाइक चालक ने उसके भाई को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे उसके सिर में गंभीर चोटे आई। जिसके बाद उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। गंभीर हालत के चलते उसे मेरठ के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां 13 फरवरी को उसके भाई की मृत्यु हो गई। पुलिस ने तहरीर पर अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## एसडीएम लिखी बोलेरो ने बाइक में मारी टक्कर, अधिवक्ता ने दी तहरीर

**चन्दौसी।** जारई गेट निवासी अधिवक्ता मौ. शाजेब इब्राहीम ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि शुक्रवार शाम करीब 4 बजे वह अपनी मां के साथ मुंसिफ मार्ग स्थित डॉ. अतुल के अस्पताल जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से तेज गति से आ रही सफेद रंग की बोलेरो कार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे बाइक असंतुलित होकर गिर गई। अधिवक्ता के अनुसार बोलेरो कार पर एसडीएम लिखा हुआ था। टक्कर के बाद उन्होंने कार को रोकने का प्रयास किया। अधिवक्ता ने घटना की शिकायत कोतवाली में तहरीर देकर की है।

## होली को लेकर बाजारों में बढ़ी रौनक, रंग-गुलाल और पिचकारियों की दुकानों पर उमड़ी भीड़

**चन्दौसी।** होली का त्योहार नजदीक आते ही नगर के बाजारों में रौनक बढ़ गई है। रंग, गुलाल, पिचकारी और होली से संबंधित अन्य सामग्री की खरीदारी के लिए बाजारों में लोगों की भारी भीड़ देखने को मिल रही है। मुख्य बाजार, घंटाघर, फव्वारा चौक और अन्य प्रमुख स्थानों पर लगी दुकानों पर सुबह से ही ग्राहकों की आवाजाही शुरू हो जाती है, जो देर शाम तक जारी रहती है। दुकानदारों ने होली को देखते हुए विभिन्न प्रकार के रंग-बिरंगे गुलाल, हर्बल रंग, आकर्षक पिचकारियां, मुखौटे और सजावटी सामग्री की विशेष व्यवस्था की है। बच्चों में कार्टून और आधुनिक डिजाइन वाली पिचकारियों को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है, जबकि युवा वर्ग हर्बल और त्वचा के अनुकूल गुलाल को प्राथमिकता दे रहा है। दुकानदारों का कहना है कि इस बार होली को लेकर बाजार में अच्छा कारोबार होने की उम्मीद है।

वहीं ग्राहकों ने भी त्योहार को लेकर उत्साह व्यक्त करते हुए जमकर खरीदारी की।



## मां-बेटे को मारपीट कर किया घायल

**बिलारी।** क्षेत्र के वीरमपुर गांव निवासी बॉबी ने कोतवाली मे दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 23 फरवरी की दोपहर उसी के गांव के रहने वाले ओमवीर, मलखे और सतभान ने उसकी मां कमलेश और उसके साथ मारपीट की। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**संबंध विच्छेद सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र अब्दुल्ला मेरे वह मेरे परिवार के कहने में नहीं है। तथा बुरी संगत में पड़ गया है। मेरे वह परिवार के साथ गाली गलौच व अभद्र व्यवहार करता है। जिस कारण मैंने व मेरे परिवार ने अब्दुल्ला से सदैव के लिए संबंध विच्छेद कर अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है उसके किसी भी कृत्य के लिए मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा। **फईल अहमद पुत्र शब्बीर अहमद निवासी टी. एच. एन. ई. 56/56 जी टी रोड खेड़ा गांव शाहदरा उत्तर पूर्वी दिल्ली, हाल निवासी मौहल्ला चाहसंग चांदपुर जिला बिजनौर।**

**खोया-पाया सूचना**

मेरी बीए फाइनल वर्ष 2018 की डिग्री इनरॉल नम्बर 17096721 और अनुक्रमांक 2217440114 है जो वास्तव मे कहीं खो गई है।
**सुखजीत सिंह पुत्र जगतार सिंह निवासी-रायपुर पटटी ढिल्ला थाना जसपुर उद्यमसिंह नगर।**

**खोया-पाया सूचना**

मेरा हाई स्कूल वर्ष 2024 अनुक्रमांक 1240582812 का प्रमाण पत्र- सह-अंकपत्र वास्तव में कहीं खो गया है।
**जतिन शर्मा पुत्र पवन कुमार निवासी ग्राम रामनगर खागूवाला ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद।**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती चंद्रकांता देवी पत्नी श्री सुरेश चंद निवासी अवंतिका कॉलोनी कांठ रोड तहसील व जिला मुरादाबाद की मृत्यु दिनांक 12.06.2021 को हो चुकी है उनके नाम आवासीय मकान स्थित है जिस पर पिरामल फाइनेंस लिमिटेड से लोन कोड नंबर 15000001991/15000002572 चल रहा था जो पूरा हो गया है इस इसके कागजात/ अभिलेख मुझे सनी गौतम निवासी मकान नंबर 40/48 NA 23 BN PAC थाना सिविल लाइंस मुरादाबाद नियर वुडलैंड शोरूम उत्तर प्रदेश को पिरामल फाइनेंस लिमिटेड से छुड़ाने है। **वारिसान** -श्री सुरेश चंद्र, श्रीमती रीना गौतम, **सनी गौतम**, स्वाती गौतम, कुमारी अंजली, सिद्धार्थ गौतम।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

## शोक एकादशी का जुलूस निकला, शहर भर में उमड़ा जनसैलाब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** नगर में होली से पूर्व शोक एकादशी के अवसर पर परंपरागत जुलूस डीजे और बैंड बाजा के साथ धूमधाम से निकाला गया।

साल भर में जिन घरों में शोक हुआ है उन घरों के आगे जाकर ढोल बजाकर परंपरा के अनुसार शोक उठाया गया। शुक्रवार की शाम 7:00 बजे ढोल डीजे लेकर श्रद्धालु नगर के ऐतिहासिक झंडा चौक पर एकत्र हुए वहां से रंग बिरंगा गुलाल उड़ाते हुए होली गीतों पर थिरकते हुए श्रद्धालु आगे बढ़े और रैली चौक पहुंचे, वहां से नेहरू चौक से पुरानी ओबीसी रोड से नई सड़क पर धूम धड़ाका करता हुआ गांधी मूर्ति चौराहे पर पहुंचा वहां से बस स्टैंड कोतवाली के सामने से महाराणा प्रताप चौक, पौड़ाखेड़ा मंदिर,पुरानी तहसील, पैंठ बाजार, जूनियर हाई स्कूल से मुड़कर प्रथमा बैंक रोड सर्राफा बाजार नेहरू मूर्ति रैली चौक झंडा चौक से शकील हलवाई के आगे से मुड़कर डॉक्टर मदन बंसल एवं शिव मंदिर के आगे होता हुआ एवज पहलवान के बराबर से मुड़कर सिंघाड़ियों वाली गली, मढ़ी कोरियान होता हुआ नागों वाले मंदिर पर पहुंचकर समाप्त हुआ। जुलूस में नगर मेला कमेटी के अध्यक्ष संजय जैन, होली जुलूस कमेटी के अध्यक्ष कौशल ठाकुर, पालिका अध्यक्ष रघुराज सिंह यादव, रामनिवास शर्मा, दुष्यंत चौहान, गिरीश गर्ग,चिराग अग्रवाल, निहाल सिंह लाठर, अभिषेक शर्मा, अजय अग्रवाल एडवोकेट, नीरज रूहेला, मोहनलाल शर्मा,रामवीर आदि रहे।



**कार्यालय ग्राम पंचायत डॉडी दुर्जन**
**विकास खण्ड-भगतपुर टाण्डा ( मुरादाबाद )।**

पत्रांक: मीमो /मनरेगा/ग्राम पंचायत/निविदा/2025-26 दिनांक: 27.02.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत डॉडी दुर्जन विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा (मुरादाबाद) की आयोजित बैठक दिनांक 02.10.2024 में पारित कार्य योजना के सापेक्ष मनरेगा योजनान्तर्गत में निम्न कार्य इस ग्राम पंचायत द्वारा जनहित में कराये जाने है। इच्छुक पंजीकृत आपूर्तिकर्ता/ठेकेदार दिनांक: 16.03.2026 को 12.30 बजे तक अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में अपने पंजीकरण प्रमाण पत्र/व्यापार कर के विभाग में पंजीकरण प्रमाण पत्र की छायाप्रति के तथा हैसियत प्रमाण पत्रों सहित नियमानुसार जमानत राशि के साथ/एफडीआर आदि संलग्न करते हुए अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा कर सकते है। निविदाएं स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को निहित होगा। निविदाएं ग्राम पंचायत मुख्यालय पर दिनांक 16.03.2026 की अपरान्ह 3.30 बजे खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य तथा स्थल का नाम | कार्य की ल० मी० में | अनुमानित लागत लागत ( रू. लाख में ) | निविदा मूल्य | जमानत धनराशि | कार्य पूर्ण कराने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अली के घर से जागन के घर तक नाली व टाईल्स निर्माण कार्य। | 105 मी0 | 364636 | 100 | 2% | 1 माह |
| 2 | जगदीश की दुकान से नकुल के घर तक नाली व टाईल्स निर्माण कार्य। | 36 मी0 | 88400.54 | 100 | 2% | 1 माह |

**प्रतिबंध/शर्ते**:-1. उपरोक्त कार्य के लिए पंजीकृत फर्म जी.एस.टी. नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देय होगा। 2. इस निविदा को बिना बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास होगा, सशर्त या अपूर्ण निविदाएं किसी भी दशा में मान्य नहीं होगी।

**सचिव/ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत डॉडी दुर्जन**
**विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा, मुरादाबाद**

## आईएफटीएम विश्वविद्यालय में दो दिवसीय किसान मेला हुआ संपन्न

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेज एंड इंजीनियरिंग द्वारा आयोजित दो दिवसीय छठा किसान मेला "सुहावन-2026" सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने कृषि क्षेत्र में उपलब्ध व्यापक संभावनाओं पर प्रकाश डालते हुए किसानों को तकनीक-अनुकूल एवं जागरूक बनने का संदेश दिया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित कृषि विभाग मुरादाबाद से डॉ. दीपक कुमार ने जल संरक्षण के लिए खेत तालाब योजना, वाटरशेड विकास कार्यक्रम, डेयरी आधारित आय, वर्मी कम्पोस्ट तथा बीज अनुदान संबंधी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने पराली न जलाने तथा नियमित मृदा परीक्षण कराने पर विशेष बल दिया। वहीं इफको के प्रतिनिधि श्री यशवीर सिंह ने भूमि स्वास्थ्य संरक्षण, ढैंचा जैसी हरी खाद के उपयोग तथा जल में घुलनशील उर्वरकों एवं नैनो डीएपी के प्रभावी प्रयोग पर प्रकाश डाला। उप कृषि निदेशक, मुरादाबाद इंजीनियर संतोष द्विवेदी ने मोटे अनाज के महत्व, प्राकृतिक एवं एकीकृत खेती पद्धतियों तथा कृषि यंत्रों की ऑनलाइन बुकिंग प्रक्रिया की जानकारी दी। भूमि संरक्षण अधिकारी डॉ. योगेंद्र सिंह ने खेत तालाब योजना में पंजीकरण तथा मत्स्य पालन को अतिरिक्त आय स्रोत के रूप में अपनाने की सलाह दी। मेले के दूसरे दिन भी बड़ी संख्या में किसानों, विद्यार्थियों, कृषि उद्यमियों तथा विभिन्न कृषि कंपनियों के प्रतिनिधियों की सक्रिय उपस्थिति रही। मेले में कुल 40 स्टॉलों के माध्यम से पैड नर्सरी, कृषि उपकरण, उर्वरक- कीटनाशक, जैविक उत्पाद, नर्सरी सामग्री एवं ऑर्गेनिक खाद्य उत्पादों से संबंधित उपयोगी जानकारी साझा की गई। इस दौरान कृषि संरक्षण, जैविक खेती, ड्रिप सिंचाई तथा उन्नत फसल प्रबंधन जैसे विषयों पर विशेष व्याख्यान आयोजित किए गए, वहीं किसानों को केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं और अनुदानों की भी जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में कृषि क्षेत्र में रोजगार संभावनाओं, उत्पादकता वृद्धि तथा स्टार्ट-अप अवसरों पर विस्तार से चर्चा हुई, जिससे विद्यार्थियों को कृषि क्षेत्र में कॅरियर निर्माण के प्रति प्रेरणा मिली। मेले में शामिल किसानों ने अपने अनुभव साझा करते हुए नवीन तकनीकों को अपनाने की सकारात्मक इच्छा व्यक्त की।किसान मेले के दूसरे दिन का प्रमुख आकर्षण ड्रोन तकनीक का व्यावहारिक प्रदर्शन रहा। विद्यार्थियों एवं किसानों द्वारा ड्रोन के माध्यम से उर्वरक, कीटनाशक एवं खरपतवारनाशी के छिड़काव की प्रक्रिया प्रदर्शित की गई, जिसे किसानों ने उत्साहपूर्वक देखा और समझा। इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत विभिन्न कृषि मॉडल भी दर्शकों के आकर्षण का केंद्र बने। आयोजन के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र मॉडल्स एवं विभिन्न स्टाल्स लगाने वाले उद्यमियों को विश्वविद्यालय की ओर से प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. अरूण कुमार मिश्रा, डॉ. धीर सिंह एवं डॉ. यशवीर सिंह निर्णायक मंडल के सयदस्य रहे। समापन अवसर पर आयोजित लकी ड्रॉ में किसान श्री राजाराम को नैप स्प्रेयर पुरस्कार स्वरूप प्रदान किया गया। कार्यक्रम के अंत में कृषि विज्ञान अभियांत्रिकी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. रमेश पाल ने मुख्य अतिथियों, विश्वविद्यालय प्रशासन, सहभागी कंपनियों, फैकल्टी मेंबर्स, मीडिया प्रतिनिधियों, किसानों एवं विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. ए.एन. चौबे एवं डॉ. सुलेखा ने किया। मेले के सफल आयोजन में स्कूल ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेज एंड इंजीनियरिंग के विभागाध्यक्ष डॉ. पाल समेत आयोजन समिति के सदस्यों, स्वयंसेवकों तथा विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों का उल्लेखनीय योगदान रहा। आयोजन में बड़ी संख्या में किसान, विद्यार्थी एवं उद्यमियों की सहभागिता रही।

# श्रीलंका के खिलाफ पाक का करो या मरो मैच



● **सेमीफाइनल के सपने को जिंदा रखने के लिए पाक के लिए श्रीलंका को हराना जरूरी**

**पल्लेकेले, वार्ता।** यह सिर्फ एक क्रिकेट मैच नहीं है। यह जिंदा रहने का टेस्ट है। पाकिस्तान टी 20 वर्ल्ड कप के अपने आखिरी सुपर 8 मैच में यह जानते हुए उतरेगा कि सिर्फ जीत काफी नहीं होगी। शनिवार शाम को पल्लेकेले इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में, उन्हें अपने सेमीफाइनल के सपने को जिंदा रखने के लिए श्रीलंका को हराना होगा - और उन्हें आसानी से हराना होगा। नेट रन रेट अब पाकिस्तान का सबसे बड़ा विरोधी है। एक बारिश के पानी में डूबा मैच और सुपर 8 स्टेज में पहले मिली हार के बाद, पाकिस्तान हार के कगार पर है। उनका समीकरण बहुत मुश्किल है: बड़ी जीत, और उम्मीद है कि इंग्लैंड न्यूजीलैंड को हरा देगा। इससे कम कुछ भी, और कैंपेन खत्म हो जाएगा। इस दबाव ने इस मुकाबले को टूर्नामेंट के सबसे ड्रामैटिक मैचों में से एक बना दिया है। इसके उलट, श्रीलंका पहले ही बाहर हो चुका है। फिर भी यह उन्हें और खतरनाक बना सकता है। खोने के लिए कुछ नहीं होने और घर की इज्जत दांव पर होने के कारण, उनके पास पाकिस्तान को कॉम्पिटिशन से बाहर करने का मौका है।

जाहिर है, सबकी नजरें साहिबजादा फरहान पर होंगी, जो इस टूर्नामेंट में पाकिस्तान के सबसे धमाकेदार बैट्समैन हैं। 160 से ज्यादा के स्ट्राइक रेट से 283 रन बनाकर, उन्होंने पूरे टूर्नामेंट में तेज शुरुआत दी है। अगर वह पावरप्ले में फिर से हावी हो जाते हैं, तो पाकिस्तान 180 से ज्यादा के टोटल की ओर बढ़ सकता है, जिसकी उन्हें सख्त जरूरत है। अगर वह जल्दी आउट हो जाते हैं, तो जरूरी तेजी से मिडिल ऑर्डर की पोल खुल सकती है, जो दबाव में कमजोर दिखा है। कप्तान सलमान आगा को बाबर आजम और फखर जमान से भी अच्छे योगदान की उम्मीद होगी, जबकि अगर पाकिस्तान बड़े टोटल का पीछा कर रहा है या उसे बढ़ाने की कोशिश कर रहा है, तो शादाब खान और मोहम्मद नवाज का फिनिशिग रोल बहुत जरूरी हो जाता है। श्रीलंका की उम्मीदें पथुम निसंका और कुसल मेंडिस पर बहुत ज्यादा टिकी होंगी। निसंका की टूर्नामेंट में पहले नाबाद सेंचुरी ने दिखाया कि वह अकेले दम पर मैच जिता सकते हैं। मेंडिस उनकी बैटिग की रीढ़ रहे हैं, उनका एवरेज 40 है और तीन फिफ्टी हैं। अगर दोनों चल गए, तो पाकिस्तान का सेमीफाइनल का हिंसाब जल्दी बिगड़ सकता है। पल्लेकेले की पिच पर आम तौर पर 150-170 के बीच का मुश्किल टोटल बनता है, लेकिन अगर पाकिस्तान पहले बैटिग करता है तो उसका टारगेट काफी बड़ा होगा। दोनों टीमों के स्पिनर्स से बीच के ओवरों में असर डालने की उम्मीद है, खासकर जब लाइट्स में पिच धीमी हो जाती है। टॉस अहम साबित हो सकता है, क्योंकि बादल छाए रहने पर कप्तान पहले फील्डिंग कर सकते हैं। शुरुआती विकेट न सिर्फ मैच तय कर सकते हैं - बल्कि आखिरी चार में जगह भी तय कर सकते हैं। पाकिस्तान के लिए, दांव आसान लेकिन मुश्किल हैं।

श्रीलंका टीम: पथुम निसंका, कुसल मेंडिस, चरिथ असालंका, कामिडू मेंडिस, दासुन शनाका, दुनिथ वेल्लालेज, महेश थीक्षाणा, दुष्मंथा चमीरा, दिलशान मदुशंका, दुशान हेमंथा, पवन रत्नायके, नुवान तुषारा, अविष्का फर्नांडो, सदीरा समरविक्रमा, मथीशा पथिराना।

पाक टीम: साहिबजादा फरहान, सैम अयूब, सलमान आगा, बाबर आजम, फखर जमान, उस्मान खान, शादाब खान, मोहम्मद नवाज, शाहीन अफरीदी, उस्मान तारिक, अबरार अहमद, सलमान मिर्जा, हारिस रऊफ, इफ्तिखार अहमद, मोहम्मद रिजवान।

# अपनी लय वापस पाकर खुश हैं हार्दिक पांड्या



चेन्नई, वार्ता। हार्दिक पांड्या ने कहा है कि टी-20 वर्ल्ड कप के सुपर आठ स्टेज में जिम्बाब्वे पर भारत की 72 रन की जीत में मैच जिताने वाला ऑलराउंड प्रदर्शन करने के बाद वह अपनी लय वापस पाकर खुश हैं। 23 गेंदों पर नाबाद 50 रन बनाने और फिर तीन ओवर में 21 रन देकर अच्छा स्पैल करने वाले पांड्या को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

पांड्या ने मैच के बाद प्रेजेंटेशन के दौरान कहा कि काफी खुश हूं। यह 23-बॉल-50 जैसा लगता है, लेकिन मुझे लगता है कि मुझे भी स्थिति को फिर से देखना पड़ा। मुझे लगा कि मैं बहुत जोर से हिट करने की कोशिश कर रहा था। और बस गेम में, मुझे एहसास हुआ कि मैं बॉल को टाइम कर सकता हूं और छक्के भी मार सकता हूं। रिदम जारी रखने के लिए यह एक अच्छा गेम था क्योंकि मुझे लगता है कि कुछ गेम में मैं वह नहीं कर पाया जो मैं करना चाहता था। जब पूछा गया कि क्या टीम दक्षिण अफ्रीका और वेस्ट इंडीज के बीच पहले हुए मैच पर नजर रख रही थी, तो पंड्या ने माना कि खिलाड़ियों को हालात के बारे में पता था लेकिन वे अपनी परफॉर्मेंस पर फोकस कर रहे थे। उन्होंने आगे कहा कि जाहिर है, हम सब नजर रख रहे थे। अब यह सब अच्छा क्रिकेट खेलने, अपनी स्किल पर भरोसा करने, प्रेशर झेलने और यह पक्का करने के बारे में है कि आप अपना बेस्ट दें। हम नजर रख रहे थे, लेकिन जब वह गेम खत्म हो गया, तो हमने इस बात पर फोकस किया कि यह हमारा गेम है। भारत ने बैटिंग करने के बाद 4 विकेट पर 256 रन बनाकर टूर्नामेंट का अब तक का सबसे बड़ा टोटल बनाया। अभिषेक शर्मा (55) और संजू सैमसन (24) ने पावरप्ले में जबरदस्त शुरुआत दी। ईशान किशन (38) और कप्तान सूर्यकुमार यादव (33) ने बीच के ओवरों में मोमेंटम बनाए रखा।

### खेल विशेष

## विंडीज के खिलाफ रविवार का मैच जबरदस्त होगा : गावस्कर

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के मैच में जिम्बाब्वे को 72 रन से हराया, जिसमें अभिषेक शर्मा और हार्दिक पांड्या की हाफ-सेंचुरी ने कमाल कर दिया, और वेस्टइंडीज के खिलाफ एक वर्चुअल क्वार्टर-फाइनल की तैयारी कर ली। स्टार स्पोर्ट्स के 'अमूल क्रिकेट लाइव' पर बात करते हुए, जियो स्टार एक्सपर्ट सुनील गावस्कर ने प्लेइंग ग्प में भारत के बदलावों की तारीफ की, संजू सैमसन और अभिषेक शर्मा की पारियों की तारीफ की, और वेस्टइंडीज की जबरदस्त बैटिग के खतरे के बारे में चेतावनी दी। गावस्कर ने जिम्बाब्वे के खिलाफ भारत की वापसी की तारीफ की कि भारत ने दक्षिण अफ्रीका से मिली हार के बाद जिम्बाब्वे पर शानदार जीत के साथ जबरदस्त वापसी की।

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उस हार के अंतर ने खिलाड़ियों को हिला दिया होगा, लेकिन उन्होंने सिकंदर रजा की टीम के खिलाफ इसका पॉजिटिव इस्तेमाल किया और जबरदस्त वापसी की। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैच के बाद, इस बात पर बहस हुई कि भारत को प्लेइंग ग्प में बदलाव करने चाहिए या नहीं और उन्होंने दो बदलाव किए और दोनों ही काफी अच्छे रहे। संजू सैमसन ने फिफ्टी नहीं बनाई, लेकिन भारत को जबरदस्त शुरुआत दी। इससे पहले, ओपनर डक पर आउट हो रहे थे, अभिषेक शर्मा तीन मैचों में जीरो रन पर आउट हो गए, जबकि ईशान किशन दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बिना रन बनाए आउट हो गए। जिम्बाब्वे के खिलाफ, सैमसन ने तेजी से 24 रन बनाए। उन्होंने और अभिषेक ने पावरप्ले में 10 से ज्यादा रन प्रति ओवर की दर से रन बनाए, जो शानदार था। बॉलिंग में भी सुधार हुआ। अक्षर पटेल ने चीजों को संभाला और एक विकेट लिया, जो दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ नहीं मिला था।



# जे-के का रणजी चैंपियन बनना पक्का

## सकारात्मक सोच से एक और सफल रणजी सीजन खेलने में मदद मिली : आकिब नबी

**हुबली, वार्ता।** जम्मू कश्मीर ने कर्नाटक से फॉलोऑन न करा कर दूसरी पारी में खेलने का फैसला किया और रणजी फाइनल के चौथे दिन शुक्रवार को स्टंप्स तक अपनी दूसरी पारी में चार विकेट पर 186 रन बना लिए हैं। जम्मू-कश्मीर ने इस तरह अपनी कुल बढ़त 477 रन पहुंचा कर खिताब पर पहली बार कब्जा करना पक्का कर लिया है। जम्मू-कश्मीर ने कर्नाटक को पहली पारी में 293 रन पर समेटने के बाद फॉलोऑन नहीं कराया और दूसरी पारी में खेलने का फैसला किया। जम्मू-कश्मीर की दूसरी पारी में सलामी बल्लेबाज कामरान इकबाल ने नाबाद 94 रन बनाए, जबकि अब्दुल समद ने 32, कप्तान पारस डोगरा ने 16 और साहिल लूथरा ने नाबाद 16 रन बनाए। कर्नाटक की ओर से प्रसिद्ध कृष्णा ने दो विकेट लिए। इससे पहले आज यहां कर्नाटक ने कल के पांच विकेट पर 220 रन से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में साहिल लूथरा ने कृतिक कृष्णा (36) को पगबाधा आउट कर जम्मू-कश्मीर को छठी सफलता दिलाई। विद्याधर पाटिल (11) सुनील कुमार का शिकार बने। 91वें ओवर में आकिब नबी ने एक छोर थामे रन बना रहे शतकवीर मयंक अग्रवाल को पगबाधा आउट कर पवेलियन भेज दिया। मयंक अग्रवाल ने 266 गेंदों में 21 चौकों की मदद से 160 रनों की पारी खेली। शिखर शेट्टी (शून्य) को नबी ने आउट किया। 94वें ओवर की तीसरी गेंद पर युद्धवीर सिंह चरक ने प्रसिद्ध कृष्णा (चार) को आउट कर 293 के स्कोर पर कर्नाटक की पहली पारी का अंत कर दिया। जम्मू-कश्मीर के लिए आकिब नबी ने पांच विकेट लिए। युद्धवीर सिंह चरक और सुनील कुमार को दो-दो विकेट मिले। साहिल लूथरा ने एक बल्लेबाज को आउट किया। वहीं अपनी शानदार गेंदबा. जी से जम्मू -कश्मीर को पहले रणजी खिताब के करीब पहुंचा चुके तेज गेंदबाज आक्बि नबी ने कहा कि नतीजों के बारे में सोचने के बजाय सकारात्मक सोच बनाए रखनेष से उन्हें एक और शानदार रणजी ट्रॉफी सीजन खेलने में सफलता मिली है। नबी ने रणजी ट्रॉफी फाइनल के तीसरे दिन कर्नाटक के खिलाफ तीन विकेट लिए और चौथे दिन उसे पंजे में बदला। इससे जम्मू और कश्मीर ने इस मैच में पहली पारी की बढ़त सुनिश्चित की और उसका पहला रणजी खिताब जीतना भी तय हो गया है। प्रथम श्रेणी क्रिकेट में नबी का स्वप्निल प्रदर्शन का सिलसिला जारी रहा। पिछले दो सीजन में उनके नाम 13-58 की औसत से 108 विकेट हैं। इनमें से 60 विकेट मौजूदा रणजी सीजन में आए हैं, जो इस सीजन संयुक्त रूप से सर्वाधिक है। उन्होंने हुबली में कर्नाटक के खिलाफ तीसरे दिन का खेल खत्म होने के बाद कहा कि मैंने अपनी स्किल्स पर कोचों के साथ और नेट्स में खुद भी काफी मेहनत की है। मैंने नतीजों के बारे में सोचने की बजाय सकारात्मक सोच रखी।

# किदांबी श्रीकांत बाहर भारत का अभियान खत्म

● **चीनी ताइपे के 11वीं रैंक वाले लिन चुन-ई से सिफ 32 मिनट में हार गए किदांबी श्रीकांत**

**मुल्हेम एन डेर रूहर, वार्ता।** जर्मन ओपन 2026 में भारत की चुनौती गुरुवार को निराशाजनक तरीके से खत्म हुई, जब किदांबी श्रीकांत पुरुष सिगल्स के दूसरे राउंड में सीधे गेम में हार गए, और टूर्नामेंट से बाहर हो गए। पूर्व वर्ल्ड चैंपियनशिप सिल्वर मेडलिस्ट और मौजूदा वर्ल्ड नंबर 32 चीनी ताइपे के 11वीं रैंक वाले लिन चुन-ई से सिर्फ 32 मिनट में 21-14, 21-9 से हार गए।

ताइवानी शटलर के खिलाफ इतने ही हेड-टू-हेड मुकाबलों में श्रीकांत की यह दूसरी हार थी। जनवरी में इंडिया ओपन 2026 का टाइटल जीतने वाले लिन ने इससे पहले स्विस ओपन 2024 के सेमीफाइनल में श्रीकांत को तीन गेम में हराया था। श्रीकांत ने शानदार शुरुआत की, पहले गेम में 9-5 की बढ़त बना ली। हालांकि, लिन ने धीरे-धीरे वापसी की, कमी को दूर करते हुए 12-10 से आगे हो गए और फिर आराम से पहला गेम जीत लिया। इंटरवल के बाद ताइवानी शटलर का मोमेंटम मजबूत रहा, उन्होंने दूसरे गेम में 7-1 की बढ़त बना ली और पूरे गेम में कंट्रोल बनाए रखा, जिससे श्रीकांत वापसी नहीं कर पाए। इंडियन खिलाड़ी ने इंडिया ओपन और इंडोनेशिया मास्टर्स में क्वार्टर-फाइनल में जगह बनाने के बाद इस टूर्नामेंट में एंट्री की थी और इस महीने की शुरुआत में बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप में भी देश को रिप्रेजेंट किया था। बुधवार को जूनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप की सिल्वर मेडलिस्ट तन्वी शर्मा, मालविका बंसोड़ और किरण जॉर्ज के पहले राउंड से बाहर होने से भारत की चुनौती पहले ही कम हो गई थी।

# ऑस्ट्रेलिया ने भारत को हराया

● **जॉर्जिया वॉल ने नाबाद 101 रनों की पारी खेली, ऑस्ट्रेलियाई टीम ने भारत को पांच विकेट से हराया**



जॉर्जिया वॉल का फाइल फोटो

**होबार्ट, वार्ता।** गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के बाद जॉर्जिया वॉल (नाबाद 101) और फीबी लिचफील्ड (88) की आतिशी बल्लेबाजी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने शुक्रवार को भारत को 83 गेंदे शेष रहते पांच विकेट से शिकस्त दी।

इसी के साथ ऑस्ट्रेलिया ने तीन मैचों सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली है। भारत के 251 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया को काश्वी गौतम ने पांचवें ओवर में एलिसा हीली (नौ) को बोल्ड कर पहला विकेट झटका। इसके बाद बल्लेबाजी करने आई जॉर्जिया वॉल ने फीबी लिचफील्ड के साथ दूसरे विकेट के लिए 119 रन जोड़कर अपनी टीम के लिए जीत की नींव रखी। 20वें ओवर में क्रांति गौड़ ने शतक की ओर बढ़ रही फीबी लिचफील्ड को आउट कर भारत को दूसरी सफलता दिलाई। फीबी लिचफील्ड ने 62 गेंदों में 11 चौके और एक छक्का उड़ाते हुए 88 रन बनाए। 31वें ओवर में काश्वी गौतम ने शतक बना चुकी जॉर्जिया वॉल को श्री चरणी के हाथों कैच आउट करा दिया। जॉर्जिया वॉल ने 82 गेंदों में 13 चौके और एक छक्का लगाते हुए 101 रनों की पारी खेली। बेथ मूनी (31) को दीप्ति शर्मा ने आउट किया। पांचवें विकेट के रूप में ऐनाबेल सदरलैंड (10) को दीप्ति शर्मा ने आउट किया। ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम ने 36-1 ओवर में पांच विकेट पर 252 बनाकर मुकाबला पांच विकेट से जीत लिया। भारत के लिए दीप्ति और काश्वी ने दो-दो विकेट लिए। क्रांति ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले प्रतिका (52) और कप्तान (54) की पारियों के दम पर भारतीय महिला टीम ने दूसरे वनडे मुकाबले में नौ विकेट पर 251 रन का स्कोर बनाया था।

# गांगुल ने आकिब नबी की जमकर तारीफ की



**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने जम्मू-कश्मीर के रणजी ट्रॉफी कैंपेन और तेज गेंदबाज आकिब नबी की जमकर तारीफ की, और नेशनल सिलेक्शन के लिए इस युवा खिलाड़ी का साथ दिया। म्मू-कश्मीर ने दुनिया को दिखाया है कि कोशिश और इरादा क्या कर सकते हैं। उन्होंने उस इलाके को उन पर गर्व महसूस कराया है। मुश्किल माहौल लोगों को मुश्किल बनाता है। आकिब नबी नेशनल टीम की तरफ बढ़ रहे हैं। गर्मियों में इंग्लैंड से शुरुआत करनी चाहिए, गांगुली ने एक्स पर यह बात लिखी, जिसमें भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड और चीफ सिलेक्टर अजीत अगरकर को टैग किया। नबी मौजूदा रणजी ट्रॉफी 2025-26 में सबसे शानदार परफॉर्मर रहे हैं, 10 मैचों में 12-56 की जबरदस्त औसत से 60 विकेट लेकर सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बने, जिसमें सात बार पांच विकेट लेना भी शामिल है।

हुबली में कर्नाटक के खिलाफ फाइनल में, नबी ने एक और अहम स्पेल किया, पहली इनिग में 54 रन देकर 5 विकेट लिए। उनकी कोशिश से आठ बार की चैंपियन टीम 93-3 ओवर में 293 रन पर ऑल आउट हो गई, जबकि जम्मू-कश्मीर ने 584 रन का बड़ा स्कोर बनाया था। चौथे दिन पांच विकेट पर 220 रन से आगे बढ़ते हुए, कर्नाटक ने अपने आखिरी पांच विकेट सिर्फ 73 रन पर गंवा दिए।

# भारतीय पहलवान प्रियांशी ने रजत और मुस्कान ने जीता कांस्य पदक

● **अंडर-23 एशियन चैंपियन प्रियांशी प्रजापत ने कजाकिस्तान की बयानोवा को हराया**

**तिराना (अल्बानिया), वार्ता।** भारतीय पहलवान प्रियांशी प्रजापत और मुस्कान ने मुहामेत मालो 2026 में महिलाओं के 50 किग्रा फ्रीस्टाइल वर्ग में अपना शानदार प्रदर्शन करते हुए क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीते।

अंडर-23 एशियन चैंपियन भारतीय पहलवान प्रियांशी प्रजापत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक अपने नाम किया। उन्हें फाइनल मुकाबले में कजाकिस्तान की जेनिप बयानोवा से 13-2 से हार का सामना करना पड़ा। यह 21 वर्षीय प्रियांशी का यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिग की रैंकिंग सीरीज में पहला पदक है। प्रियांशी ने क्वार्टरफाइनल में अमेरिका की एरिन गोल्स्टन को 10-2 से हराया। इसके बाद सेमीफाइनल में उन्होंने न्यूट्रल एथलीट वलेरिया तिउकपिकोवा को पिन कर फाइनल में जगह बनाई। शुरुआती मुकाबले में प्रियांशी ने ब्राजील की ओलिवेरिया डी फ्रेइटास को टेक्निकल सुपीरियॉरिटी से मात दी थी। वहीं 19 वर्षीय मुस्कान, जो पूर्व अंडर-17 विश्व चैंपियन हैं उन्होंने कांस्य पदक अपने नाम किया।

कांस्य पदक मुकाबले में उन्होंने अमेरिका की केंद्रा रयान को 10-0 से हराया। सेमीफाइनल में मुस्कान को जेनिप बयानोवा से 12-1 से हार मिली थी, लेकिन उन्होंने वापसी करते हुए पदक सुनिश्चित किया। यह मुस्कान का इस महीने दूसरा रैंकिंग सीरीज पदक है। इससे पहले उन्होंने जाग्रेब ओपन में कांस्य पदक जीता था। उसी प्रतियोगिता में भारत की नीलम ने 50 किग्रा वर्ग में रजत पदक हासिल किया था। हालांकि, गुरुवार का दिन भारत के लिए पूरी तरह परफेक्ट नहीं रहा।

# टीम इंडिया के जबरदस्त प्रदर्शन से सूर्या खुश

## भारत को अपने पहले सुपर-8 मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका से बड़ी हार का सामना करना पड़ा था

**चेन्नई, वार्ता।** बल्ले से थोड़ी देर के लिए कुछ खास करने के बाद, भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव पूरी टीम से बहुत खुश थे, जिन्होंने सबसे जरूरी मौके पर अच्छा प्रदर्शन किया, क्योंकि पिछली चैंपियन टीम ने कल रात यहां जरूरी मैच में जिम्बाब्वे को 72 रन से हराकर टी-20 वर्ल्ड कप से बाहर कर दिया।

बैट्समैन ने बाएं हाथ के अभिषेक शर्मा की जबरदस्त हाफ सेंचुरी से शो जीत लिया, जिन्होंने तीन बार डक के बाद अपनी बड़ी हिटिग स्किल में वापसी का इशारा दिया, और प्लेयर ऑफ द मैच हार्दिक पांड्या ने जिम्बाब्वे के अटैक का जमकर मजा लिया, जिससे इंडिया ने चार विकेट पर 256 रन बनाए, जो इंडिया का अब तक का सबसे बड़ा टोटल और टी-20 वर्ल्ड कप का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर था। बाद में, बॉलर्स ने भी बैट्समैन के अच्छे काम में अपनी भूमिका निभाई और जिम्बाब्वे को छह विकेट पर 184 रन पर रोक दिया, जिससे इंडिया ने 72 रन के बड़े अंतर से जीत हासिल की और सेमीफाइनल की अपनी उम्मीदें जिदा रखीं। भारत को अपने पहले सुपर आठ मुक. ाबले में दक्षिण अफ्रीका से बड़ी हार का सामना करना पघ था। भारत का अगला मैच वेस्ट इंडीज के खिलाफ मशहूर ईडन गार्डन में एक तरह से क्वार्टरफाइनल नॉकआउट होगा, जिसमें जीतने वाला लास्ट फोर ग्रेड में पहुंच जाएगा।मैच के बाद प्रेजेंटेशन में बोलते हुए, सूर्यकुमार यादव ने कहा कि सभी बैट्समैन का योगदान देखकर खुशी हुई, उन्होंने सब कुछ पीछे छोड़ दिया (प्रोटियाज के खिलाफ हार)। हालांकि उन्होंने कहा कि टीम बॉल के साथ और क्लिनिकल हो सकती थी, लेकिन स्काई ने कहा कि जीत तो जीत होती है और कैरिबियन के खिलाफ नॉक आउट मुकाबले से पहले शिकंजा कसने की अहमियत के बारे में बात की। सूर्यकुमार यादव ने जिम्बाब्वे के बैट्समैन को भी पूरा क्रेडिट देते हुए कहा कि उन्होंने बहुत स्मार्ट बैटिग की, जिसमें ओपनर ब्रायन बेनेट 97 (8ग4, 6ग6) रन पर नाबाद रहे और एक ऐसे टारगेट का पीछा करते हुए अकेले ही आगे बढ़े जो नामुमर्कि. कन साबित हुआ। स्काई ने कहा कि हम सब कुछ पीछे छोड़ना चाहते थे, पिछला गेम, ग्रुप स्टेज। सभी बैट्समैन का योगदान था और यह देखकर खुशी हुई।हम बॉल के साथ और क्लिनिकल हो सकते थे लेकिन जीत तो जीत होती है। हमें वेस्ट इंडीज मैच से पहले अपना शिकंजा कसने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि मैं जिम्बाब्वे के बैटर्स से कोई क्रेडिट नहीं लेना चाहता। जिस तरह से उन्होंने बैटिंग की, वह बहुत स्मार्ट थी। बॉलिंग के नजिरए से, हम और स्मार्ट हो सकते थे। जब हम ऐसे हालात में होते हैं, तो हमें हिम्मत दिखानी होती है। जब हम कोलकाता पहुंचेंगे तो हम प्लान के बारे में सोचेंगे। दूसरी ओर, जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा ने कहा कि टीम अपने डिफेंसिव प्लान बेहतर तरीके से बना सकती थी और इंडियंस को लगभग 210-220 रन पर रोक सकती थी। उन्होंने कहा कि जिस तरह से ओपनर्स ने पावर प्ले में बैटिंग की, जिम्बाब्वे ने खुद को मौका दिया, लेकिन एक बार जब फील्ड फैल गई और रेगुलर इंटरवल पर स्ट्राइक करना शुरू कर दिया, तो चेज खत्म हो गया। रजा ने कहा कि पिछले गेम में 250 रन थे और बैटिग लाइन-अप में रश था। आज, हम पहले छह ओवर में शांत थे और हमने खुद को मौका दिया। बॉलिंग के बारे में उन्होंने कहा कि हम अपने डिफेंसिव प्लान थोड़े बेहतर बना सकते थे। एक बार जब ट्रेन चल पड़ती है, तो उसे रोकना मुश्किल होता है। हम उन्हें 210-220 तक रोक सकते थे और फिर क्या पता। बॉलिंग और फील्डिग में हम बेहतर कर सकते थे। उन्होंने कहा कि पिछले गेम ने हमें सिखाया कि बड़े टोटल का पीछा कैसे करना है। कोई बहाना नहीं बनाना चाहता, लेकिन टीम में बहुत सारे युवा खिलाड़ी हैं, जो अपना पहला विश्व कप खेल रहे हैं, पहली बार इंडिया में खेल रहे हैं।

# चोट के चलते सोफी भारत के खिलाफ सीरीज से हुई बाहर

**ऑस्ट्रेलिया, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया महिला टीम की सभी प्रारूपों की कप्तान सोफी मोलिनक्स पीठ की दिक्कत की वजह से भारत के खिलाफ बाकी बहु-प्रारूप सीरीज से बाहर हो गई हैं। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के अनुसार 28 साल की ऑलराउंडर होबार्ट में दूसरे महिला एकदिवसीय मैच में पीठ के निचले हिस्से में दर्द के कारण नहीं खेल पाईं। मोलिनक्स ब्रिस्बेन में सीरीज के पहले मैच में खेली थीं, जिसमें उन्होंने पांच ओवर गें. दबाजी की और 17 रन देकर एक विकेट लिया था। इस चोट की वजह से अगले महीने वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज में उनका खेलना मुश्किल हो सकता है, क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने इशारा किया है कि सीरीज से पहले उनकी फिटनेस पर नजर रखी जाएगी। उल्लेखनीय है कि पिछले महीने, मोलिनक्स को ऑस्ट्रेलिया का ऑल-फॉर्मेट कैप्टन बनाया गया था।

# हरथला गंगा मंदिर के पास घर के बाथरूम में घुसा तेंदुआ वन विभाग की टीम ने रेस्क्यू कर पिंजरे में किया कैद

**मुरादाबाद।** थाना सिविल लाइंस क्षेत्र स्थित हरथला गंगा मंदिर के पास शुक्रवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब एक तेंदुआ मेघराज के घर में घुस आया और बाथरूम में जाकर बैठ गया। अचानक हुई इस घटना से पूरे इलाके में दहशत फैल गई और मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई।परिवार के अनुसार तेंदुआ छत से कूदकर घर के अंदर दाखिल हुआ और किचन के बराबर में बने बाथरूम में जा घुसा।

उस समय घर में महिला और उसके दो बेटे मौजूद थे, जबकि बहू रसोई में काम कर रही थी। गनीमत रही कि तेंदुए ने किसी पर हमला नहीं किया। घर के एक सदस्य ने जैसे ही बाथरूम में तेंदुए को देखा, उसने घबराने के बजाय सूझबूझ दिखाते हुए तुरंत बाहर से दरवाजा बंद कर दिया और अन्य सदस्यों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। परिवार की इस समझदारी से बड़ा हादसा टल गया।घटना की सूचना मिलते ही सिविल लाइंस थाना पुलिस और वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई। एहतियातन आसपास के घरों को खाली करा लिया गया और लोगों को घरों में रहने की सलाह दी गई। तेंदुए को सुरक्षित पकड़ने के लिए पीलीभीत टाइगर रिजर्व से विशेषज्ञ टीम बुलाई गई। सुबह करीब 9 बजे रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू हुआ।करीब ढाई घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद वन विभाग की टीम ने जाल और पिंजरे की मदद से तेंदुए को सुरक्षित काबू कर लिया। लगभग साढ़े 11 बजे उसे पिंजरे में बंद कर वन विभाग की टीम अपने साथ ले गई। इस दौरान किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।तेंदुए के पकड़े जाने के बाद मोहल्ले के लोगों ने राहत की सांस ली।

वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि तेंदुए को स्वास्थ्य परीक्षण के बाद सुरक्षित वन क्षेत्र में छोड़ा जाएगा।





## डंपरों से सड़क पर गिर रही मिट्टी बनी राहगीरों के लिए मुसीबत

**कांठ( शाह टाइम्स )।** डंपरों से सड़कों पर गिर रही मिट्टी राहगीरों के लिए मुसीबत बनती जा रही है मिट्टी के ऊपर से गुजरने वाले वाहनों के पीछे धूल के गुबार खड़े हो जाते हैं जिससे सड़क पर चलने वाले लोगों एवं वाहन चालकों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ता है। बतादे कि क्षेत्र में हो रहे खनन कार्य के चलते ट्रैक्टर ट्राली और डंपरों से मिट्टी ले जाई जाती है यह मिट्टी मुख्य मार्ग पर कई जगह डंपरों से गिरती हुई चली जाती है जो की रात को सड़क पर जम जाती है और दिनभर जब उस मिट्टी के ऊपर से वाहन गुजरते हैं तो धूल के गुबार सड़कों पर दिखाई देते हैं बाहन के पीछे से चलने वाले पैदल सवार और दो पहिया वाहन चालकों को विशेष कर यह मिट्टी मुसीबत में डाल देती है। धूल लोगों के आंखों और मुंह में भर जाती है जिससे लोगों को




भारी दिक्कत उठानी पड़ रही है भारतीय किसान यूनियन मिट्टी ले जाते वक्त डंपरों को त्रिपाल से ढकने की मांग कई माह से कर रही है लेकिन इस पर अमल न होना लोगों के लिए मुसीबत का सबब बनता जा रहा है लोगों ने इन वाहनों को ढक कर मुख्य मार्ग पर ले जाए जाने की मांग उठाई है।

## मार्च में 2.42 प्रतिशत बिजली बिल कम आने के आसार

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** मार्च में 3.72 करोड़ बिजली उपभोक्ताओं को ईंधन अधिभार शुल्क में 2.42 प्रतिशत की कमी का लाभ मिलेगा। अधिभार कम होने से उपभोक्ताओं को लगभग 141 करोड़ रुपये बिजली बिल में कम देने पड़ेंगे।

बीते दिसंबर में ईंधन अधिभार में 2.42 प्रतिशत की कमी का लाभ उपभोक्ताओं को अगले महीने आने वाले बिजली बिल में दिखेगा। राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा के मुताबिक फरवरी में ईंधन अधिभार शुल्क दस प्रतिशत वसूले जाने के खिलाफ परिषद की आपत्ति पर नियामक आयोग जांच कर रहा है। वर्ष 2025-26 के लिए विद्युत नियामक आयोग ने औसत बिलिंग दर 6.36 रुपये प्रति यूनिट तय किया है। आयोग से टैरिफ आदेश विलंब से सितंबर में तय किया, जिसकी वजह से पावर कारपोरेशन ने वर्ष 2024-25 के एबीआर 6.14 रुपये प्रति यूनिट के आधार पर अधिभार शुल्क अप्रैल से नवंबर तक वसूला है।

## बोर्ड परीक्षा 2026 की तैयारी हुई पूरी



**कुंदरकी।** 18 फरवरी से शुरू हो रही बोर्ड परीक्षा की तैयारी हबीबी पब्लिक इंटर कॉलेज में पूरी हो चुकी है उक्त विद्यालय में हाई स्कूल के 10 विद्यालयों के 479 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हो रहे हैं ,जबकि इंटर की बोर्ड परीक्षा में दो विद्यालयों के 166 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हो रहे हैं। केंद्र व्यवस्थापक श्री शाहनवाज हुसैन ने बताया कि सभी तैयारियां पूरी हो चुकी है। उत्प्रेक्षा केंद्र पर बेसिक शिक्षा के 20 अध्यापक अध्यापक अध्यापिकाएं कक्ष निरीक्षक के रूप में तैनात किए गए हैं।

अधिकतर बेसिक शिक्षा के अध्यापक बी एल ओ की ड्यूटी कर रहे हैं जिससे बोर्ड परीक्षा में कक्ष निरीक्षक के रूप में कार्य करने में असमर्थ हैं।

## होली को लेकर पुलिस प्रशासन सतर्क एसडीएम ने क्षेत्र को तीन सेक्टर में बांटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** होली पर्व को संवेदनशील मानते हुए पुलिस व प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। पिछले वर्ष डायल 112 पर होली के दिन 89 इवेंट दर्ज होने के बाद इस बार अतिरिक्त सतर्कता बरती जा रही है।

कोतवाली में प्रभारी निरीक्षक मनोज परमार ने सभी उपनिरीक्षकों, हेड कांस्टेबल व पुलिसकर्मियों की बैठक लेकर निर्देश दिए कि छोटी से छोटी घटना को भी अनदेखा न किया जाए और तत्काल उच्चाधिकारियों को सूचना दी जाए, ताकि समय रहते स्थिति पर नियंत्रण पाया जा सके। उन्होंने कहा कि होली के दौरान झगड़े व सड़क दुर्घटनाओं की आशंका अधिक रहती है, इसलिए गश्त बढ़ाई जाए और संवेदनशील स्थानों पर विशेष नजर रखी जाए।

उपजिलाधिकारी प्रीति सिंह ने कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरे क्षेत्र को तीन सेक्टर में विभाजित कर सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात किए हैं। कस्बा ठाकुरद्वारा सहित संपूर्ण थाना ठाकुरद्वारा क्षेत्र की जिम्मेदारी तहसीलदार प्रवीण कुमार को सौंपी गई है। थाना भगतपुर व भोजपुर के आंशिक क्षेत्रों में तहसीलदार दक्षिणी लोकेश कुमार नायक को तैनात किया गया है। वहीं कस्बा डिलारी, ढकिया पीरु, ढकिया जट व डिलारी थाना क्षेत्र में नायब तहसीलदार उत्तरी आदित्य कुमार को सेक्टर मजिस्ट्रेट बनाया गया है। एसडीएम ने सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट को अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार भ्रमणशील रहकर हालात पर नजर रखने और किसी भी घटना की सूचना तत्काल देने के निर्देश दिए हैं। प्रशासन का कहना है कि त्योहार शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए सभी जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं।

## कोतवाली पुलिस ने दो वारंटीयो को किया गिरफ्तार

**ठाकुरद्वारा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने वारंटी के खिलाफ अभियान चलाकर फरार चल रहे वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है। न्यायालय के आदेश पर वारंटी के खिलाफ कोतवाली पुलिस ने अभियान चलाकर रणजीत सिंह पुत्र गोकल सिंह, व अभिषेक कुमार पुत्र रणजीत सिंह निवासी ग्राम सुल्तानपुर खद्दर थाना डिलारी को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर धारा 376/385/ 323/ 506/ के तहत न्यायालय से गैर जमानती वारंट जारी करने के आदेश पर गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक तेजपाल सिंह, कांस्टेबल प्रवीण कुमार आदि मौजूद रहे।

## मिशन शक्ति के तहत एंटी रोमियो टीम ने चलाया जागरूकता अभियान

**चन्दौसी।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा और स्वावलंबन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चलाए जा रहे 'मिशन शक्ति फेज-5.0' अभियान के अंतर्गत एंटी रोमियो टीमों द्वारा व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान महिला पुलिसकर्मियों ने महिलाओं और बालिकाओं को पम्पलेट वितरित कर विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी और उन्हें उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया। अभियान के तहत प्रमुख बाजारों, कस्बों, चौराहों, स्कूलों, कॉलेजों और धार्मिक स्थलों पर पहुंचकर महिलाओं से संवाद किया गया तथा उन्हें सुरक्षा संबंधी उपायों और उपलब्ध संसाधनों के बारे में विस्तार से बताया गया। महिला पुलिसकर्मियों ने महिलाओं को सुरक्षित और सशक्त वातावरण प्रदान करने का भरोसा दिलाया। साथ ही मोबाइल में पैनिक बटन और इमरजेंसी कॉल की सुविधा का डेमो भी दिया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मिशन शक्ति अभियान का उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना है। यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

## किसानों को गन्ने में सहफसली खेती तथा राष्ट्रीय कीट प्रबंधन प्रणाली के बताए फायदे

**ठाकुरद्वारा।** कृषि विज्ञान केंद्र पर आयोजित एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में किसानों को गन्ने की सहफसली खेती के महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। शुक्रवार को केंद्र पर आयोजित किया गया। केंद्र पर आए किसानों को गन्ने की फसल में सहफसली (इंटर क्रॉपिंग) अपनाने से होने वाले लाभों तथा इससे जुड़े रोग एवं कीट प्रबंधन के बारे में अवगत कराया। इस मौके पर बोलते हुए पौध सुरक्षा के वैज्ञानिक दीपक कुमार ने किसानों को गन्ने में सहफसली खेती में विशेषकर उर्द/मूंग के दौरान लगने वाले प्रमुख रोगों और कीटों की पहचान तथा उनके प्रभावी रोकथाम के जैविक एवं रासायनिक पहलुओं पर विस्तार से बताया। इसके अतिरिक्त किसानों को दीपक कुमार ने राष्ट्रीय कीट निगरानी प्रणाली के बारे में भी जानकारी दी गई तथा ऐप्प डाउनलोड करके उसे संचालित करके दिखाया। केंद्र के फसल उद्यान विज्ञान के वैज्ञानिक डॉ शिव शंकर वर्मा ने गन्ने में सहफसली खेती में मुख्य रूप से सब्जियों, फलों की फसलों के साथ गन्ने की सहफसली पर विस्तार चर्चा की। सस्य विज्ञान के वैज्ञानिक अविनाश चौहान ने गन्ने के साथ कौन-कौन सी फसलें सहफसली के रूप में ली जा सकती हैं तथा सहफसल से किस तरह मृदा के स्वास्थ्य व गन्ने की उत्पादकत को बड़ाया जा सकता है, के बारे में बताया। केंद्र के प्रशिक्षण सहायक पुष्पराज यादव ने प्रतिनिधि नमूना लेने की विधि तथा सहफसली से मिट्टी की उर्वरता पर प्रभाव के बारे में बताया। कार्यक्रम में जकी अहमद, नाजिर, रामगोपाल, हरिओम, मलखान सिंह, धर्मपाल आदि लगभग 32 किसानों ने भाग लिया और वैज्ञानिकों से अपने खेतों से जुड़े प्रश्नों के उत्तर प्राप्त किए। किसानों ने इस प्रशिक्षण को उपयोगी बताया। कार्यक्रम को सफल बनाने में केंद्र के कर्मचारी संदीप कुमार, रणवीर सिंह व दिनेश कुमार ने अपना योगदान दिया।



## घर-घर कुष्ठ रोगी खोज अभियान को लेकर आशा कार्यकर्ताओं का संवेदीकरण

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**ठाकुरद्वारा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ठाकुरद्वारा में चल रहे घर-घर कुष्ठ रोगी खोज अभियान के अंतर्गत दूसरे दिन आशा कार्यकर्ताओं का संवेदीकरण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शुक्रवार को आशाओं को कुष्ठ रोग के संभावित मरीजों की पहचान एवं सर्वे प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बताया कि महिला एवं पुरुष स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की टीमें घर-घर जाकर दो वर्ष से अधिक आयु के सभी व्यक्तियों की जांच करेंगी। सर्वे के दौरान मिले संदिग्ध मरीजों को नजदीकी सरकारी अस्पताल में जांच के लिए भेजा जाएगा, ताकि समय रहते उपचार शुरू किया जा सके।

पीएमडब्ल्यू कुलवंत सिंह ने कुष्ठ रोग के प्रमुख लक्षणों की जानकारी देते हुए बताया कि शरीर पर हल्के या गहरे रंग के सुन्न दाग, कानों पर गांठें तथा नसों में सूजन या मोटापन कुष्ठ रोग के संकेत हो सकते हैं। ऐसे लक्षण मिलने पर संबंधित व्यक्ति को तत्काल चिकित्सीय जांच के लिए भेजना आवश्यक है।

उन्होंने बताया कि चिकित्साधिकारी द्वारा पुष्टि होने के बाद मरीज का मल्टी ड्रग थेरेपी (एमडीटी) के माध्यम से नि:शुल्क उपचार शुरू किया जाता है। एनएमएस मोहम्मददीन ने सर्वे के दौरान घरों पर चॉक से मार्किंग करने की प्रक्रिया भी आशा कार्यकर्ताओं को समझाई, जिससे अभियान की प्रगति का सही रिकॉर्ड रखा जा सके। इस अवसर पर बीसीपीएम लीलावती, अरुण कुमार, नितिन कुमार, प्रदीप कुमार, शोएब खान, संगिनी मुशर्रफ जहां, संगीता, लक्ष्मी, मीरा सहित अन्य आशा कार्यकर्ता मौजूद रहीं।

स्वास्थ्य विभाग ने अभियान को सफल बनाने के लिए सभी टीमों को सक्रिय रूप से कार्य करने के निर्देश दिए।



**ठाकुरद्वारा। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कुष्ठ रोग के संबंध में आशाओं को जानकारी देते चिकित्सक।**

## एक नजर



### विधि-विधान से निकाला नगर में एकादशी का जुलूस

**कांठ( शाह टाइम्स )** नगर में एकादशी का जुलूस पूरे विधि विधान के साथ निकाला गया जुलूस के शुभारंभ से पहले पंडित जी द्वारा अनिल बिश्नोई के आवास पर परंपरा के मुताबिक हवन का आयोजन किया गया। उसके बाद रंग के जुलूस का शुभारंभ हुआ जो की सब्जी मंडी से होकर मुख्य बाजार बिश्नोई मंदिर बस स्टैंड कुमार पेट्रोल पंप आदि निर्धारित मार्गो से होता हुआ अपने गंतव्य पर पहुंचकर संपन्न हुआ। इस दौरान दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए शौक भी मनाया गया सुरक्षा के लिए जुलूस के साथ पुलिस भी तैनात रही।

### रमजान के दूसरे जुम्मे की नमाज शांतिपूर्वक संपन्न



**कांठ ( शाह टाइम्स )।** रमजान के दूसरे जुमे की नमाज आज शांतिपूर्वक संपन्न हो गई नमाजियों ने देश और समाज की तरक्की के लिए दुआ की, आज रमजान के महीने का दूसरा जुम्मा था जिसमें अलग-अलग मस्जिदों में तयशुदा समय पर नमाज अदा की गई जामा मस्जिद अंसारियां मस्जिद बंजारन मस्जिद गुलजार मस्जिद मोती मस्जिद छपरा वाली मस्जिद माही ग्रान मस्जिद सुनहरी मस्जिद लाल मस्जिद आदि नगर की सभी मस्जिदों में जुम्मे की नवाज अपने-अपने निर्धारित समय के अनुसार अदा हुई। जिसमें भारी संख्या में नमाजी शामिल हुए और उन्होंने देश की खुशहाली के लिए दुआएं की। इस दौरान लोग एक दूसरे को जुम्मे की मुबारकबाद देते हुए भी देखें गए।

### थाने के चौकीदार की ट्रेन से कटकर मौत

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** छजलैट थाने के चौकीदार की आज ट्रेन से कटकर मौत हो गई परिजनों ने शाम को उसका अंतिम संस्कार किया है।



थाना छजलैट के गांव संदलीपुर निवासी अर्जुन चौधरी पुत्र राजेंद्र सिंह चौकीदार था आज सुबह लोगों को उसकी बाइक रेलवे लाइन के पास खड़ी मिली, सूचना गांव में पहुंची तो परिजन भी मौके पर पहुंच गए और बाइक को पहचान लिया उसके बाद लोगों ने रेलवे लाइन पर जाकर देखा तो अर्जुन का शव बिछत हालत में पड़ा हुआ था सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और पंचनामा भरकर शब पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। बताया गया कि मृतक 6 बहन भाई हैं अर्जुन दो भाइयों में बड़ा था अभी उसकी शादी नहीं हुई थी घटना से गांव में शोक छा गया मौत के कारण को लेकर दिनभर चर्चा होती रही। दोपहर बाद मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया गया। कुछ ग्रामीणों का कहना था कि खेत लाइन के पार होने के कारण दिन में कई कई बार आना जाना होता था और इसी आने-जाने के चक्कर में हादसा हो गया।

### गेहूं की खड़ी फसल जोतने को लेकर कई पर एफआईआर

**कांठ( शाह टाइम्स )।** छजलैट थाने के गांव बैरमपुर निवासी माया देवी पत्नी स्वर्गीय मूलचंद का आरोप था कि 26 फरबरी को सुबह छ: बजे उसके देवर के लडके कपील, व सुशील पुत्रगण जयचन्द ने उसके खेत मे खडी गेंहू की फसल को धर्मवीर पुत्र मुख्त्यार निवासी बैरमपुर से मिलकर ट्रैक्टर से जोत कर नष्ट कर दिया। पीड़िता की उम्र लगभग 70 साल है और बेटा मानसिक रूप से बीमार रहता है। उसे जब इस बात का पता चला तो वह खेत पर गई और फसल जोतने को पूछा तो तीनो ने गन्दी 2 गालिया देते हुये मारपीट की और खेत से जाते वक्त कपील ने तमंचा निकाल कर जान से मारने की धमकी दी शुशील ने धमकाया पीड़िता अपने दामाद योगेन्द्र सिहं व भाई रविन्द्र सिहं के साथ थाने आई और तहरीर दी पुलिस ने तीनों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### परिषदीय स्कूलों में छात्राओं के लिए 8 मार्च से पहले अलग शौचालय बनाने पर जोर

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** प्रदेश के सभी परिषदीय विद्यालयों में छात्राओं के लिए अलग शौचालय की व्यवस्था आठ मार्च तक हर हाल में पूरी करनी होगी। बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा के अपर मुख्य सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक) और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि आधारभूत सुविधाएं और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। बेसिक शिक्षा विभाग के अनुसार 98 प्रतिशत विद्यालयों में छात्राओं के लिए शौचालय की व्यवस्था हो चुकी है।

शेष विद्यालयों में भी इसे पूरा करने के लिए कहा गया है। समीक्षा बैठक में परिषदीय विद्यालयों की व्यवस्थाओं, विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन और आगामी शैक्षिक तैयारियों की विस्तार से पड़ताल की गई। अपर मुख्य सचिव ने पीएमश्री योजना के तहत चयनित विद्यालयों में गतिविधियां तेज करने और वार्षिक परीक्षाओं के सुचारु संचालन की पूरी तैयारी रखने को कहा। उन्होंने पीएम पोषण योजना के अंतर्गत बच्चों को नियमित और गुणवत्ता पूर्ण भोजन उपलब्ध कराने पर जोर दिया।

### रंगएकादशी पर ढोल के साथ चौपाई निकाली, घर जाकर उठाए गए शौक

**ठाकुरद्वारा।** गतवर्षो की भांति इस वर्ष भी होली पर रंग एकादशी पर परंपरागत तरीके से नगर से लेकर देहात क्षेत्रों में चौपाई के साथ रंग खेला गया। इस दौरान घर-घर जाकर शोकाकुल परिवारो में शोक भी उठाए गए। शुक्रवार को नगर व देहात क्षेत्रों में एकादशी पर रंग के साथ दिन में महिलाओ ने शौकाकुल परिवारों में पहुंचकर रंग खेला। वहीं पुरूषों ने ढोल के साथ जगह- जगह शौकाकुल परिवारो में रंग लगाया। वही नगर में बिना ढोल के साथ एकादशी की चौपाई निकाली और घर से शोक उठाए गए। मान्यता है कि जिन परिवारो में होली पर्व से पूर्व किसी की मृत्यु हो जाती है तो एक वर्ष तक कोई भी शुभ कार्य उस परिवार में नहीं मनाया जाता। जब तक की होली की एकादशी पर रंग लगाकर शौक न उठाया जाये। एकादशी पर्व पर शौकाकुल परिवार में रंग लगाने के बाद घर परिवार में लगी शुभ कार्यो की बंदिशे समाप्त हो जाती है। वही शौकाकुल परिवार ढोल बजाने वालो को मिठाई व नकद धनराशि के साथ वस्त्र देकर इस परम्परा को निभाते है। एकादशी पर देहात क्षेत्र के गांव रामनगर खागूवाला होली के पधान सतीश चौधरी की देखरेख में एकादश की चौपाई निकाली और शौकाकुल परिवार में पहुचकर शोक उठाए गए। इसके साथ क्षेत्र के गांव , मानावाला, रूपपुर टंडौला, रतुपुरा, शरीफनगर, सुरजननगर, कुआखेड़ा, मुनीमपुर ,बढ़ापुर, राघोवाला, सन्यासीवाला, तरफदलपत, जहांगीरपुर, जटपुरा, मधुपुरी, पाडला, बहादुरनगर, ख्वाजपुर आदि गांवों में एकादशी का पर्व मनाया। वहीं नगर में एकादशी पर निकाली गई चौपाई जुलूस में रूद्धदत्त शर्मा, एम के अग्रवाल, शरद पूठिया, सौरभ अग्रवाल, रिंकू संजीव कुमार आदि मौजूद रहे।

सम्पादकीय

शनिवार, 28 फरवरी 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# किताब पर रोक

किसी किताब में एक चैप्टर को लेकर शायद ही कभी इतना बवाल मचा हो, जिस तरह का इस समय नेशनल काउंसिल ऑफ एजुकेशनल रिसर्च एंड ट्रेनिंग (एनसीईआरटी) की सोशल साइंस की आठवीं क्लास की किताब को लेकर होता दिखाई दे रहा है। यह चैप्टर है करप्शन इन ज्यूडिशरी जिसको हम हिन्दी में कह सकते हैं 'न्यायपालिका में भ्रष्टाचार।' हंगामा बढ़ते देख सुप्रीम कोर्ट ने तुरंत कार्रवाई करते हुए इस किताब पर न सिर्फ पूरी तरह बैन लगा दिया है, बल्कि एनसीईआरटी के निदेशक और जिन विद्यालयों तक पुस्तक पहुंची है, उनके प्रधानाचार्यों को भी यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है कि ये पुस्तकें जब्त की जाएं। सुप्रीम कोर्ट की नाराजगी को देखते हुए एनसीईआरटी ने तुरंत एक प्रेस नोट जारी कर माफी भी मांगी है, लेकिन अदालत उसकी माफी से संतुष्ट होती दिखाई नहीं दे रही है। जानकारी के अनुसार कक्षा आठ की एसएसटी की किताब भारतीय न्याय व्यवस्था के सामने मौजूद चुनौतियों का जिक्र किया गया है, जिसमें पेंडिंग केस और जजों की कमी का भी जिक्र किया गया है। एससी के चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने साफ कर दिया है कि वह यह सुनवाई बंद करने नहीं जा रहे हैं और अदालत को पता करना है कि इसके पीछे कौन-कौन हैं, जब तक अदालत संतुष्ट नहीं होगी यह मामला चलेगा। अब इसकी अगली सुनवाई 11 मार्च को होगी। अब यह मामला कहां तक जाएगा, यह तो आगे देखा जाएगा, लेकिन इस समय एससी पूरी तरह नाराज दिखाई दे रहा है। असल में पुस्तक में एक और चिंताजनक अध्याय है जिसमें कहा गया है जस्टिस डिलेड जस्टिस डिनाइड। इससे माननीय मुख्य न्यायाधीश बुरी तरह खफा हैं। उन्होंने कहा भी है कि ऐसा नहीं कहा जा सकता यहां कोई न्याय से वंचित नहीं है। गुरुवार को इस मामले की सुनवाई पर चीफ जस्टिस ने कहा है कि ऐसा प्रतीत होता है कि यह न्यायपालिका की गरिमा को ठेस पहुंचाने की सुनियोजित साजिश है। हालांकि सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अदालत को भरोसा दिलाया कि इस अध्याय को तैयार करने वाले दो लोग कभी भी एनसीईआरटी या किसी भी मंत्रालय में काम नहीं करेंगे, तो चीफ जस्टिस ने इस पर तीखी प्रतिक्रिया दी और कहा कि तब यह बहुत आसान हो जाएगा और वह बरी हो जाएंगे। उन्होंने गोली चलाई है न्यायपालिका आज खून से लथपथ है। वैसे सच तो यह है कि न्यायपालिका ही नहीं बल्कि कोई भी विभाग भारत में ऐसा नहीं रह गया है जहां भ्रष्टाचार न पहुंचा हो। किसी एक विभाग को इसके लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता। देखने वाली बात यह भी होगी कि अगर कल अन्य विभाग के बारे में कोर्ट के सामने ऐसी स्थिति पेश आती है क्या तब भी सुप्रीम कोर्ट स्वत: संज्ञान लेगा। अब यह तो जांच के बाद ही पता चलेगा कि किताब में दिए गए चैप्टर को लेकर अधिकारियों की क्या मंशा थी।

## आजाद भारत का सबसे बड़ा राजनीतिक षड्यंत्र



दिल्ली आबकारी नीति मामले में प्रधानमंत्री मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने मिलकर आजाद भारत का सबसे बड़ा राजनीतिक षड्यंत्र रचा, केजरीवाल भ्रष्ट नहीं है, मैंने अपने जीवन में केवल ईमानदारी कमाई है, यह पूरा केस फर्जी था, आखिर में अधर्म व अन्याय हारता है और सच ही जीतता है, सत्यमेव जयते, पिछले कुछ सालों से भाजपा जिस तरह से बार-बार शराब घोटाला-शराब घोटाला का आरोप लगा रही थी, कोर्ट ने वे सारे आरोप खारिज कर दिए और जितने भी आरोपी थे, सबको बरी कर दिया हम हमेशा कहते थे कि सत्य की जीत होती है। हमें भारतीय न्याय प्रणाली पर भरोसा है।

**-अरविंद केजरीवाल, पूर्व मुख्यमंत्री, दिल्ली**

# विज्ञान में महिलाएं : विकसित भारत की नई ऊर्जा





**योगेश कुमार गोयल**

आज का युग विज्ञान का युग है, जहां मनुष्य कम से कम मेहनत करके ज्यादा से ज्यादा सुख-सुविधाएं पाने की ख्वाहिश रखता है। अपनी इन्हीं सब ख्वाहिशों को पूरा करने के लिए उसने जो नए-नए आविष्कार किए हैं, सब विज्ञान की ही देन हैं। ऐसे ही अनगिनत आविष्कारों के कारण आधुनिक युग में मानव जीवन पहले से बहुत ज्यादा आरामदायक हो गया है। रेडियो से लेकर टीवी, मोबाइल फोन, कम्प्यूटर, इंटरनेट इत्यादि विज्ञान की ही ऐसी देन हैं, जिन्होंने इंसानी जिंदगी को पूरी तरह बदलकर रख दिया है। मोबाइल मैसेजिंग, व्हाट्सएप, फेसबुक इत्यादि सोशल मीडिया जैसी सुविधाओं के चलते अब कोई भी व्यक्ति दुनिया के किसी भी कोने में दूसरे व्यक्ति से पलभर में सम्पर्क करने में सक्षम है तो यह सब विज्ञान की ही बदौलत संभव हुआ है। बिजली की खोज हो या यातायात के साधनों का दुनियाभर में बिछा जाल, चिकित्सा, इंजीनियरिंग, कृषि क्षेत्र इत्यादि आज लगभग हर क्षेत्र में विज्ञान का बोलबाला है। चंद घंटों में ही आज हम किसी एक स्थान से हजारों मील दूर तक का सफर तय कर सकते हैं। बिजली की खोज आधुनिक युग में विज्ञान की सबसे अहम देन मानी जा सकती है क्योंकि आज लगभग सभी कार्य बिजली के द्वारा ही सम्पन्न होते हैं, फिर भले ही अखबारों या किताबों की छपाई हो या औद्योगिक इकाईयों में कामकाज अथवा घरेलू कार्य। बिजली की बदौलत ही विकास की गति कई गुना तेज हुई है और लोगों का जीवन बेहद आसान हो गया है। चिकित्सा के क्षेत्र में तो इसी विज्ञान ने ऐसी क्रांतिकारी खोजें की हैं कि अब कई असाध्य मानी जाती रही बीमारियों का इलाज तो मामूली सी गोलियों से ही हो जाता है। यहां तक कि नई-नई कोशिकाओं के निर्माण में भी सफलता प्राप्त कर ली गई है। भारतीय समाज में विज्ञान से होने वाले लाभों और विज्ञान के जरिए लोगों में जागरूकता लाने, युवाओं में वैज्ञानिक सोच पैदा करने और छात्रों को बतौर कैरियर विज्ञान को चुनने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के तत्वावधान में एक निर्धारित थीम के जरिए 'राष्ट्रीय विज्ञान दिवस' मनाया जाता है। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2026 का विषय है 'विज्ञान में महिलाएं: विक. सित भारत को उत्प्रेरित करना', जो इस ऐतिहा. सिक विरासत को नए आयाम देता है। देश में पहला राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 28 फरवरी 1987 को मनाया गया था। दरअसल राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद ने वर्ष 1986 में केन्द्र सरकार को 28 फरवरी के दिन 'राष्ट्रीय विज्ञान दिवस' के रूप में मनाए जाने का सुझाव दिया था, जिसके बाद सरकार द्वारा उसी वर्ष राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का यह प्रस्ताव स्वीकार करते हुए 28 फरवरी के दिन 'राष्ट्रीय विज्ञान दिवस' के रूप में मनाए जाने की घोषणा की गई। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के माध्यम से युवाओं को विज्ञान के प्रति आकर्षित एवं प्रेरित करते हुए जनसाधारण को विज्ञान तथा देश की वैज्ञानिक उपलब्धियों के प्रति सजग बनाने का प्रयास किया जाता है। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस महान् वैज्ञानिक सर सी।वी। रमन की स्मृति में मनाया जाता है। उनकी उत्कृष्ट वैज्ञानिक खोज 'रमन प्रभाव' (रमन इफैक्ट) को चिह्नित करने और विज्ञान की गति को तेज करने के लिए लोगों के दैनिक जीवन में विज्ञान के महत्व और इसके अनुप्रयोग का प्रसार करने के उद्देश्य से इस दिवस की रूपरेखा बनाई गई। सर चंद्रशेखर वेंकट रमन ने रमन इफैक्ट की खोज 28 फरवरी 1928 को की थी, जिसके लिए उन्हें भौतिकी विज्ञान के क्षेत्र में वर्ष 1930 के नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। उनके द्वारा की गई खोज 'रमन इफैक्ट' फोटोन कणों के लचीले वितरण के संबंध में है। 1920 के दशक में एक बार सीवी रमन समुद्री जहाज से भारत लौट रहे थे, तब उनकी नजर भूमध्य सागर के जल में अनोखे नीले और दूध जैसे सफेद रंग पर पड़ी। उसके बाद कोलक. ाता पहुंचकर उन्होंने इंडियन एसोसिएशन फॉर द कल्टिवेशन ऑफ साइंस की प्रयोगशाला में काम करते हुए पार्थिव वस्तुओं में प्रकाश के बिखरने का नियमित अध्ययन शुरू कर दिया। इस पर उन्होंने सात वर्षों से भी अधिक समय तक गहन अध्ययन किया और अंतत: उनकी खोज 'रमन इफैक्ट' के नाम से 28 फरवरी 1928 को पूरी दुनिया के सामने आई। बहरहाल, विकास की राह पर तेजी से आगे बढ़ने के लिए वैज्ञानिक सोच का प्रसार अत्यावश्यक है और राष्ट्रीय विज्ञान दिवस जैसे आयोजन निश्चित रूप से वैज्ञानिक .ष्टिकोण के प्रसार में सहायक सिद्ध हो सकते हैं। विज्ञान दिवस देश में विज्ञान की निरन्तर उन्नति का आव्हान करता है। इस दिवस के जरिए लोगों को संदेश दिया जाता है कि विकास के मार्ग में विज्ञान के बगैर तेज गति से आगे बढ़ना संभव नहीं है और विज्ञान ही है, जिससे समाज में व्याप्त गलत धारणाओं और अंधविश्वासों का विनाश होता है। दरअसल समाज का एक बहुत बड़ा वर्ग आज भी निर्मूल धारणाओं और अंधविश्वासों से घिरा हुआ है और वैज्ञानिक दृष्टिकोण के जरिए ही ऐसे अंधविश्वासों और धारणाओं को दूर किया जाता है। विज्ञान के जरिए ही हमारे महान् वैज्ञानिक कभी असंभव माने जाने वाले कार्यों को भी संभव बनाने में सफल हुए हैं। भारत ने विज्ञान के क्षेत्र में बीते कुछ दशकों में सफलता के नए-नए शिखरों को छुआ है और विज्ञान की मदद से ही कई तरह की क्रांतिकारी खोजें कर वैज्ञानिकों ने लोगों के जीवन को बेहतर बनाने में उल्लेखनीय योगदान दिया है। विज्ञान की मदद से ही बनाई गई अनगि. नत तकनीकों और वस्तुओं का इस्तेमाल हम अपने दैनिक क्रियाकलापों में आए दिन करते हैं। निसंदेह विज्ञान के द्वारा ही समाज में लोगों का जीवन स्तर आने वाले समय में ज्यादा से ज्यादा खुशहाल बनाया जा सकता है। विज्ञान के क्षेत्र में अब जिस प्रकार वैज्ञानिक नित नए-नए प्रयोगों के जरिए नई-नई तकनीकों का विकास करते हुए भारत को तकनीकी दृष्टि से विश्व में एक सशक्त राष्ट्र बनाने में जी-जान से जुटे हैं, उस योगदान को शब्दों में व्यक्त करना इतना आसान नहीं है। विज्ञान की मदद से ही हम कम्प्यूटर, रोबोट जैसी प्रौद्योगिकी का आविष्कार करने के साथ अंतरिक्ष में पहुंचने तक में भी सफल हुए हैं। अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में भारत आज दुनिया के चुनिंदा ऐसे देशों में शामिल हैं, जिसने चंद्रयान और गगनयान जैसे मिशनों को सफलतापूर्वक अंजाम दिया और भारतीय वैज्ञानिकों की काबिलियत का लोहा पूरी दुनिया ने माना। वैसे मानव हित में विज्ञान के जितने फायदे हैं, उसके कहीं न कहीं कुछ नुकसान भी हैं और दुरूपयोग की संभावनाएं भी हैं। हमारे जीवन को सुलभ बनाने के साथ ही विज्ञान ने कई प्रकार के गंभीर रोग, प्रदूषण और खतरे भी पैदा किए हैं। नाभिकीय और परमाणवीय प्रयोगों तथा औद्योगिक गतिविधियों के कारण प्रदूषण की समस्या विकराल हो चुकी है। बिजली उत्पन्न करने के कार्य में परमाणु ऊर्जा का उपयोग किया जा सकता है लेकिन दूसरी ओर से इसी से निर्मित परमाणु हथियार समस्त सृष्टि से लिए अत्यंत विनाशकारी साबित हो सकते हैं। बेहतर यही है कि विज्ञान का उपयोग आवश्यकता और सुविधानुसार मानवता की भलाई के लिए ही किया जाना चाहिए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# दर्द कैसा भी हो, रामबाण लाभ पहुंचाता है जायफल

**जायफल को एक प्राकृतिक दर्द निवारक के रूप में भी जाना जाता है। जायफल में प्रचुर मात्रा में मिरिस्टिसनि, एलिमि. निन और यूजेनॉल होते हैं। जो सिर्फ दिमाग को तेज करने और तंत्रिका तनाव को कम करने में ही मदद नहीं करते, बल्कि जोड़ों या मांसपेशियों के दर्द को भी कम करते हैं। इसलिए अगर आप जोड़ों या मांसपेशियों के दर्द के कारण परेशान हैं तो नारियल या जैतून के साथ इसे मिक्स करके प्रभावित स्थान पर लगाएं।**

जायफल रसोई में इस्तेमाल होने वाली एक महत्वपूर्ण स्पाइस है। इसे दुनियाभर में विभिन्न व्यंजनों में इस्तेमाल किया जाता है। यह खाद्य पदार्थों में मिठास लाता है। जायफल न सिर्फ भोजन के स्वाद को बढ़ाता है, बल्कि इससे खाने से काफी अच्छी महक आती है। यूं तो आप भी जायफल का इस्तेमाल अपने भोजन में करते होंगे, लेकिन क्या आप इससे होने वाले फायदों से वाकिफ हैं। तो चलिए आज हम आपको इस बारे में बताते हैं।

## दूर करे तनाव

अगर आप हर दिन अत्याधिक तनाव का सामना करते हैं तो आपको जायफल का सेवन अवश्य करना चाहिए। जायफल में मिरिस्टिसनि और एलिमिसिन पाया जाता है, यह कपांउड दिमाग को रिलैक्स करने का काम करते हैं। इतना ही नहीं, जायफल में मस्तिष्क में न्यूरोट्रांसमीटर सेरोटोनिन और डोपामाइन को बढ़ावा देने की क्षमता होती है। जिसके कारण आप तनाव व अवसाद से आसानी से बाहर आ सकते हैं। इसके लिए आप थोड़ा सा जायफल पाउडर लेकर उसे आंवला के रस में मिलाकर सेवन करें।

## तेज करे दिमाग

जायफल का सेवन आपके मस्तिष्क की कार्यक्षमता को भी बेहतर बनाता है। दरअसल, जायफल में मिरिस्टिसनि और मैकलिगनन होता है, जो मानव के मस्तिष्क और उसकी मेमोरी पावर को बूस्टअप करने का काम करता है। इतना ही नहीं, जायफल एकाग्रता और ध्यान केन्द्रति करने की क्षमता में भी सुधार करता है। इसके लिए आप हर रात सोने से पहले एक गिलास गर्म पानी में जरा सा जायफल का पाउडर मिक्स करके इसका सेवन करें।



## अनिद्रा से बचाव

जिन लोगों को रात में ठीक तरह से नींद न आने की समस्या होती है, उनके लिए जायफल किसी रामबाण से कम नहीं है। यह अनिद्रा के लिए एक नेचुरल रेमिडी है। दरअसल, जायफल में मैग्नीशियम प्रचुर मात्रा में पाया जाता है। मैग्नीशियम मस्तिष्क में तंत्रिका तनाव को कम करने और सेरोटोनिन के उत्पादन को बढ़ावा देने में मदद करता है। इसके लिए आप हर रात सोने से पहले एक गिलास दूध में चुटकी भर जायफल पाउडर, बादाम व इलायची डालकर सेवन करें।




## जोड़ों और मांसेशियों के दर्द से राहत

जायफल को एक प्राकृतिक दर्द निवारक के रूप में भी जाना जाता है। जायफल में प्रचुर मात्रा में मिरिस्टिसनि, एलिमि. निन और यूजेनॉल होते हैं। जो सिर्फ दिमाग को तेज करने और तंत्रिका तनाव को कम करने में ही मदद नहीं करते, बल्कि जोड़ों या मांसपेशियों के दर्द को भी कम करते हैं। इसलिए अगर आप जोड़ों या मांसपे. शियों के दर्द के कारण परेशान हैं तो नारियल या जैतून के साथ इसे मिक्स करके प्रभावित स्थान पर लगाएं। वैसे आप चाहें तो इसे अपने भोजन में भी शामिल कर सकती हैं।

**-साभार**

# डाटा विज्ञान के बिना इंटरनेट की दुनिया अधूरी



हम इंटरनेट युग में जी रहे हैं जहां पूरी दुनिया डाटा से घिरी हुई है। यह डाटा और कुछ नहीं बल्कि हमारी यादें, अनुभव, सूझ-बूझ, दुख-दर्द के क्षण और कभी-कभी सांसारिक गतिविधियों के बारे में है। जैसे, कोई विगत यात्रा या महीने और वर्ष में दिन के किसी विशेष घंटे में क्या खाया या फिर दैनिक जीवन के सामान्य घटनाक्रम का लेखा-जोखा। क्या ऐसा पहले नहीं था? ऐसे तथ्यात्मक, भावनात्मक, आनुभविक और व्यवहारिक क्षणों को संग्रहित और संरक्षित करना हमेशा से एक मानवीय प्रवृत्ति रही है। अंतर केवल इतना है कि हमारे पूर्वज डाटा को अपनी स्मृतियों में या गुफाओं, पत्थरों या कागजों पर उकेरी गई छवियों के माध्यम से संग्रहित करते थे, जबकि आज हम प्रौद्योगिकी एवं उपकरणों की मदद से ऐसा करते हैं। अतीत में, बातों को मानव स्मृति में संग्रहित करने के साथ-साथ पत्थर पर नक्काशी करना, पत्तों पर और बाद में कागजों पर ग्रंथ लिखना काफी श्रमसाध्य था। यह संग्रहण कुछ समय तक ही रह पाता था। समय के साथ, जलवायु के प्रहार पत्थरों, कागजों को नष्ट कर डाटा को भी विलोपित कर देते थे। मानव स्मृति की भी डाटा संग्रहण की एक निर्धारित क्षमता होती है। दूसरे शब्दों में, प्राचीन काल से चली आ रही डाटा संग्रहण की मानवीय प्रवृत्ति, वर्तमान युग की वैज्ञानिक तकनीकों एवं साधनों की आसान उपलब्धता से डाटा विज्ञान का उदय हुआ है।

**डाटा विज्ञान: शुरुआती वर्ष**

शब्द डाटा विज्ञान 1960 के दशक में एक नए पेशे का वर्णन करने के लिए गढ़ा गया था, जो उस समय भारी मात्रा में एकत्रित होने वाले डाटा को समझने और उसका विश्लेषण करने में सहायक सिद्ध हुआ। वैसे संरचनात्मक रूप से इसने 2000 की शुरुआत में ही अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। यह एक ऐसा विषय है जो सार्थक भविष्यवाणियां करने और विभिन्न उद्योगों में सूझ-बूझ प्राप्त करने के लिए कंप्यूटर विज्ञान और सांख्यिकीय पद्धतियों का उपयोग करता है। इसका उपयोग न केवल सामाजिक जीवन, खगोल विज्ञान और चिकित्सा जैसे क्षेत्रों में बल्कि व्यापार में भी बेहतर निर्णय लेने के लिए किया जाता है। 1962 में अमेरिकी गणितज्ञ जॉन डब्ल्यू। टुकी ने सबसे पहले डाटा विज्ञान के सपने को स्पष्ट किया। अपने प्रसिद्ध लेख दी फ्यूचर ऑफ डाटा एनालिसिस में उन्होंने पहले पर्सनल कंप्यूटर से लगभग दो दशक पहले इस नए क्षेत्र के उद्गम की भविष्यवाणी की थी। एक अन्य प्रारंभिक व्यक्ति डेनिश कंप्यूटर इंजीनियर पीटर नॉर थे, जिनकी पुस्तक कॉन्साइस सर्वे ऑफ कंप्यूटर मेथड्स डाटा विज्ञान की सबसे पहली परिभाषाओं में से एक प्रस्तुत करती है। 1990 और 2000 के दशक की शुरुआत में हम स्पष्ट रूप से देख सकते हैं कि डाटा विज्ञान एक मान्यता प्राप्त और विशिष्ट क्षेत्र के रूप में उभरा। कई डाटा विज्ञान अकादमिक पत्रिकाएं प्रकाशित होने लगीं, और जेफ वू और विलियम एस। क्लीवलैंड आदि ने डाटा विज्ञान की आवश्यकता और क्षमता को विकसित करने और समझने में मदद करना जारी रखा। पिछले 15 वर्षों में, पूरे विषय को व्यापक उपकरणों, प्रौद्योगिकियों और प्रक्रिया के द्वारा परिभाषित और लागू करने के साथ एक भलीभांति स्थापित पहचान मिली है।

**डाटा विज्ञान और जीवन**

पिछले 100 वर्षों में मानव जीवन शैली में बहुत कुछ बदला है और विज्ञान और प्रौद्योगिकी से 20 वर्षों में तो बदलावों का सैलाब-सा ही आ गया है। अलबत्ता, जो चीज समय के साथ नहीं बदली, वह है मूल मानव व्यवहार और अपने क्षणों और अनुभवों को संग्रहित करने की उसकी प्रवृत्ति। मानवीय अनुभव और क्षण (डाटा), जो मानव स्मृति, नक्काशी और चित्रों में रहते थे, उन्हें प्रौद्योगिकी के जरिए एक नया शक्तिशाली भंडारण मिला है। अब मानव डाटा छोटे/बड़े बाहरी ड्राइव्स, क्लाउड स्टोरेज जैसे विशाल डाटा भंडारण उपकरणों में संग्रहित किए जा रहे हैं। मजेदार बात यह है कि अब डाटा को, पहले के विपरीत, बिना किसी बाधा के, जितना चाहें उतना और जब तक चाहें तब तक संग्रहित रखा जा सकता है।

पिछले 20 वर्षों में, एक और दिलचस्प बदलाव इंटरनेट टेक्नॉलॉजी के आगमन से भी हुआ। इंटरनेट टेक्नॉलॉजी की शुरुआत के साथ, मानव व्यवहार और उसके सामाजिक संपर्क की प्रवृत्ति ने एक बड़ी छलांग लगाई। लोगों ने दिन-प्रतिदिन हजारों किलोमीटर दूर विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों में अन्य मनुष्यों से जुड़ना शुरू कर दिया और इस तरह विभिन्न तरीकों से बातचीत करने और अभिव्यक्ति की मानवीय क्षमता कई गुना बढ़ गई। आज छत्तीसगढ़ के घने जंगलों के ग्रामीण इलाके का कोई बच्चा बॉलीवुड की किसी मशहूर हस्ती को सुन सकता है और उससे जुड़ सकता है, वहीं न्यूयॉर्क में रहते हुए एक व्यक्ति उत्तरी अफ्रीका में रह रहे किसी पीड़ित बच्चे की भावनाओं से रूबरू हो सकता है। इंटरनेट क्रांति ने इस पूरी दुनिया को मानो एक बड़े से खेल के मैदान में बदल दिया है जहां हर एक व्यक्ति किसी दूसरे व्यक्ति, विषय या घटना से तत्काल जुड़ सकता है। इन क्षमताओं के रहते पूरा विश्व नई तरह की संभावनाओं और अभिव्यक्तियों के प्रयोगों से भर गया है। इस तरह की गतिविधियों ने अपनी एक छाप छोड़ी है (जिन्हें हम डाटा कह सकते हैं) और टेक्नॉलॉजी ने इसे असीमित रूप से एकत्रित और संग्रहित करना शुरू कर दिया है। नई दुनिया के यह परिवर्तन विशाल डाटा के रूप में प्रस्फुटित हुए। अधिकांश लोग (जो इंटरनेट वगैरह तक पहुंच रखते हैं) डाटा (यानी शब्द, आवाज, चित्र, वीडियो वगैरह के रूप में) के जरिए यादों और अनुभवों से सराबोर हैं। यह डाटा न केवल सामाजिक या अंतर-वैयक्तिक स्तर पर, बल्कि आर्थिक मोर्चे पर (जैसे ऑनलाइन भुगतान, ई-बिल, ई-लेनदेन, क्रेडिट कार्ड) और यहां तक कि अस्पतालों के दौरों, नगर पालिका की शिकायतों, यात्रा के अनुभवों, मौसम के परिवर्तन तक में नजर आते हैं। दूसरे शब्दों में कहें तो संपूर्ण जीवन की गतिविधियां डाटा पैदा कर रही हैं और इसे संग्रहित किया जा रहा है। आधुनिक जीवनशैली बड़ी मात्रा में डाटा उत्पन्न करती है। डाटा की मात्रा इसलिए भी बढ़ गई है क्योंकि आधुनिक तकनीक ने बड़ी मात्रा में डाटा निर्मित करना और संग्रहित करना आसान बना दिया है। पिछले कुछ वर्षों में, दुनिया में पैदा किया गया 90 प्रतिशत से अधिक डाटा संग्रहित कर लिया गया है। उदाहरण के लिए, सोशल मीडिया उपयोगकर्ता हर घंटे 2 करोड़ से अधिक छवियां पोस्ट करते हैं।

**डाटा विज्ञान: कार्यपद्धति**

मानव मस्तिष्क विभिन्न उपकरणों में संग्रहित विशाल डाटा का समय-समय पर उपयोग करना चाहता है। इस कार्य के लिए एक अलग प्रकार की तकनीकी क्षमता की आवश्यकता थी, जो संग्रहित डाटा को निकालने और निर्णय लेने का काम कर सके। यह मस्तिष्क के संचालन की नकल करने जैसा था। ऐसे जटिल दिमागी ऑपरेशनों को दोहराने के लिए एक कदम-दर-कदम चलने वाले एक समग्र वैज्ञानिक दृष्टिकोण की आवश्यकता होती है ताकि डाटा इष्टतम तरीके से संग्रहित किया जाए, डाटा को कुशलतापूर्वक, शीघ्रता से प्रबंधित, पुनर्प्राप्त, संशोधित, और विलोपित किया जा सके, डाटा की व्याख्या आसानी से और शीघ्रता से की जा सके, इससे भविष्य के बारे में निर्णय लेने में मदद मिलती है। वैसे तो हमारा मस्तिष्क सूक्ष्म और जटिल तरीके से डाटा को आत्मसात करने और निर्णय लेने का काम करता आया है, लेकिन मस्तिष्क की क्षमता सीमित है। डाटा से जुड़ी उक्त प्रक्रियाओं को पूरा करने के लिए, विज्ञान और प्रौद्योगिकी के मानव मस्तिष्क जैसे एक विशाल स्पेक्ट्रम की आवश्यकता हुई। टेक्नॉलॉजी ने इस प्रक्रिया के लिए डाटा भंडारण (विशाल डाटा सर्वर), पुन:प्राप्ति के विभिन्न साधनों को सांख्यिकीय/गणितीय जानकारी से युक्त करना शुरू कर दिया। जावा, पायथन, पर्ल जैसी कोडिंग भाषा, विभिन्न मॉडलिंग तकनीकों (जैसे क्लस्टरिंग, रिग्रेशन, भविष्यवाणी और डाटा माइनिंग) के साथ-साथ ऐसी मशीनें विकसित हुईं जो डाटा को बार-बार समझ सकती हैं और स्वयं सीखकर खुद को संशोधित कर सकती हैं (मशीन लर्निंग मॉडल)। मूल रूप से कोशिश यह थी कि प्रौद्योगिकी और विज्ञान के सहारे हम अपने मस्तिष्क जैसी निर्णय लेने की क्षमता मशीन में पैदा कर सकें। प्रौद्योगिकी द्वारा मानव मस्तिष्क की क्षमताओं के प्रतिरूपण की इस पूरी प्रक्रिया को डाटा विज्ञान का नाम दिया गया है। डाटा विज्ञान एक ऐसा क्षेत्र है जो डाटा से अपेक्षित परिणाम प्राप्त करने के लिए सांख्यिकी, वैज्ञानिक तकनीक, कृत्रिम बुद्धि (एआई) और डाटा विश्लेषण सहित कई विषयों को जोड़ता है। **-संजीव**

# वुमन ऑफ द ईयर प्रोजेक्ट-2026 में 3 भारतीय महिलाएं

■ सफीना ने 20 लाख बेटियों को स्कूल लौटाया

■ 14 देशों को मुफ्त दवा दिलवा रहीं रेशमा

■ 7.5 लाख छात्राओं को सशक्त कर रहीं सौजानी

**न्यूयार्क।** टाइम मैगजीन ने 2026 के वुमन ऑफ द ईयर प्रोजेक्ट के लिए 16 महिलाओं को चुना है। लिस्ट में भारतीय और भारतीय मूल की तीन महिलाएं भी हैं। ये सभी लीडर्स ज्यादा बराबरी वाली दुनिया बनाने के लिए काम कर रही हैं। साथ ही महिलाओं और लड़कियों की सबसे बड़ी चुनौतियां हल करने में जुटी हैं। यह प्रोजेक्ट टाइम के सालाना वुमन ऑफ द ईयर लिस्ट से अलग है। इसे 2020 में शुरू किया गया था। कवर पर हालीवुड अभिनेत्री टेयाना टेलर हैं। फिल्म वन बैटल आफ्टर अनादर'में उनका प्रदर्शन उम्दा रहा है।

कुछ अनदेखे चेहरे जैसे- सिएरा लियोन के पहले मातृत्व केंद्र की अगुआई करने वाली इसाता डुम्बुया, अमेरिका -मैक्सिको बॉर्डर पर ह्यूमैनिटेरियन अभियान चला रही सिस्टर नारमा पिमेंटेल भी हैं। सफीना हुसैन की पढ़ाई अधूरी रही, इसी टीस को ताकत बनाया, जीता 'एशिया का नोबेल,बचपन गरीबी, हिंसा व अधूरी पढ़ाई के दर्द से गुजरा। इसी टीस को ताकत बनाया और मुंबई में 'एजुकेट गर्ल्स' की नींव रखी। वे कहती हैं,'मैं जानती हूं पीछे छूट



जाना कैसा लगता है। बीते साल संस्था ने भारत के गांवों की 20 लाख लड़कियों को स्कूल लौटाने में सफलता हासिल की। लक्ष्य 15 लाख ही था। इसके लिए संस्था को रैमन मैग्सेसे पुरस्कार मिला। उनका एनजीओ यह सम्मान पाने वाला पहला संगठन बना। हाल में आई उनकी किताब 'एवरी लास्ट गर्ल' में अंतिमबा. ला का किरदार हर उस लड़की का प्रतीक है, जिसकी आवाज अनसुनी कर दी गई। 'कोई भी लड़की बकरी चराना या बाल वधू बनना नहीं चाहती, हर लड़की... बस स्कूल जाना चाहती है'- सफीना। रेशमा केवलरमानी ने सिकल सेल का इलाज खोजा, अब डायबिटीज को हराने में जुटीं, ठान चुकी हैं, लाइलाज बीमारियों को जड़ से मिटाना है। किडनी डाक्टर से शुरू हुआ सफर आज दुनिया की दिग्गज बायोटेक कंपनी (वर्टेक्स) की पहली महिला सीईओ बनने तक जा पहुंचा है।

उनके नेतृत्व में वर्टेक्स भारत समेत दुनिया के 14 देशों में सिस्टिक फाइब्रोसिस (फेफड़ों की बीमारी) की महंगी दवाएं मुफ्त उपलब्ध करा रही है। रेशमा के नेतृत्व में कंपनी ने सिकल सेल बीमारी के लिए क्रिस्पर आधारित पहली जीन-एडिटिंग थेरेपी लान्च की। अब डायबिटीज और किडनी रोगों को पूरी तरह खत्म करने वाली थेरेपी पर काम कर रही हैं। रेशमा सौजानी अमेरिकी माताओं की आवाज, चाइल्डकेयर अभियान का चेहरा हैं, शरणार्थी की बेटी और पहली भारतीय-अमेरिकी कांग्रेस प्रत्याशी ने साहस से सत्ता को झकझोरा। इससे अमेरिका में माताओं के लिए सस्ते चाइल्डकेयर और न्यूयार्क में 'यूनिवर्सल केयर' का रास्ता खुला। अपनी संस्थाओं 'माम्स फर्स्ट' व 'गर्ल्स हू कोड' के जरिए 7.6 लाख छात्राओं को सशक्त कर रही हैं।

## भूटान के साथ द्विपक्षीय सहयोग पर सचिव स्तर की बैठक

**नई दिल्ली।** भारत तथा भूटान ने बाढ़ प्रबंधन और बाढ़ पूर्वानुमान को लेकर सचिव स्तर पर द्विपक्षीय सहयोग के मौजूदा तंत्रों की समीक्षा कर क्षमता निर्माण तथा तकनीकी आदान-प्रदान से सहयोग बढ़ाकर मौसमी घटनाओं से उत्पन्न चुनौतियों के समाधान पर व्यापक चर्चा की है। आधिकारिक सूचना के अनुसार भारत के जल शक्ति मंत्रालय के अधिकारियों के प्रतिनिधि मंडल ने इस संबंध में 24 से 27 फरवरी तक भूटान यात्रा के दौरान इस मुद्दे पर विचार विमर्श किया। दौरे का मकसद सीमा पार नदियों पर सहयोग से संबंधित मामलों पर चर्चा करना और भारत सरकार के साथ साझेदारी में भूटान में कार्यान्वित की जा रही पुनात्सांगचू-1 जलविद्युत परियोजना की गति. विधियों की समीक्षा करना था।



**पश्चिम बंगाल। नादिया में होली के त्योहार से पहले उच्च माध्यमिक परीक्षा देने के बाद 'गुलाल' से खेलती छात्राएं।**

## वेनेजुएला ने 19 तेल और गैस समझौतों को निलंबित किया, मादुरो के कार्यकाल में हुए थे

**वाशिंगटन।** वेनेजुएला के तेल मंत्रालय ने निजी कंपनियों के साथ किए गए 19 तेल और गैस प्रोडक्शन-शेयरिंग समझौतों को निलंबित कर दिया है। ये समझौते पूर्व राष्ट्रपति निकोलस मादुरो के कार्यकाल में हुए थे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इन अनुबंधों की वैधता और कंपनियों के बैकग्राउंड की समीक्षा की जा रही है। हालांकि, इन समझौतों को सस्पेंड करने से देश के तेल और गैस उत्पादन पर फिलहाल कोई असर नहीं पड़ा है। सरकार के कंट्रोल वाली कंपनी च्व्टै। संबंधित परियोजनाओं से निकले कच्चे तेल की बिक्री जारी रखे हुए है। रिपोर्ट के मुताबिक, वेनेजुएला और अमेरिका इन एग्रीमेंट्स की शर्तों की समीक्षा कर रहे हैं।

## एपस्टीन के साथ संबंधों को लेकर सांसद करें, ट्रम्प से सवाल: क्लिंटन

**वाशिंगटन।** अमेरिका की पूर्व विदेश मंत्री हिलेरी क्लिंटन ने सांसदों से अपील की है कि उन्हें यौन अपराधी जेफरी एपस्टीन और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के संबंधों को लेकर उनसे सवाल करने चाहिए। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार सुक्लिटन इस मामले को लेकर कांग्रेस (संसद) की समिति के समक्ष उपस्थित हुईं। उन्होंने कहा कि उन्हें एपस्टीन के अपराधों के बारे में कोई जानकारी नहीं थी। इस दौरान उन्होंने सांसदों से आग्रह किया कि उन्हें ट्रम्प से एपस्टीन के साथ उनके संबंधों के बारे में पूछताछ करनी चाहिए, क्योंकि उन्होंने संविधान की शपथ ली है। सुक्लिटन ने कांग्रेस समिति के समक्ष घंटों गवाही देने के बाद कहा कि मैं सच सामने आते देखना चाहती हूं। इस मामले में सुक्लिंटन के पति एवं अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिटन शुक्रवार को गवाही देंगे। हालांकि दोनों ने समिति की ओर से तलब किए जाने का विरोध किया है और इसे इसे राजनीति से प्रेरित बताया है। बाद में ए दोनों फिर गवाही देने के लिए सहमत हो गए क्योंकि उनके खिलाफ कांग्रेस की अवमानना की संभावित कार्रवाई की आशंका थी। क्लिंटन और ट्रम्प ने एपस्टीन के साथ संबंधों को लेकर कुछ भी गलत करने से इनकार किया है।

# तालिबान ने मार गिराया पाक का एफ-16!

## अफगान डिफेंस नाम के एक सोशल मीडिया हैडल ने एक जलते हुए एफ-16 विमान के मलबे का वीडियो साझा किया



■ वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि इस लड़ाकू विमान के पिछले हिस्से में एक छोटा पाकिस्तानी झंडा बना हुआ है
■ विमान पर '85510' नंबर लिखा दिखाई दे रहा है

**काबुल।** पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के खिलाफ हवाई हमलों के बाद शुक्रवार को जंग का ऐलान कर दिया। इस बीच तालिबान ने दावा किया है कि उसने पाकिस्तान का एक अमेरिकी लड़ाकू विमान एफ-16 मार गिराया है। अफगानिस्तान डिफेंस नाम के एक सोशल मीडिया हैंडल ने एक जलते हुए एफ-16 विमान के मलबे का वीडियो साझा किया है।

वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि इस लड़ाकू विमान के पिछले हिस्से में एक छोटा पाकिस्तानी झंडा बना हुआ है। इसके साथ ही विमान पर '85510' नंबर लिखा दिखाई दे रहा है। अमर उजाला इस वीडियो की प्रामाणिकता की पुष्टि नहीं करता है। बीते कुछ वर्षों में भारतीय वायु सेना ने पाकिस्तान के खिलाफ हवाई लड़ाइयों में दो या दो से ज्यादा पाकिस्तानी एफ-16 विमानों को मार गिराया है। विश्लेषकों का मानना है कि पाकिस्तानी शस्त्रागर का अहम हिस्सा माना जाने वाला एफ-16 लड़ाकू विमान केवल नाम का ही खतरनाक है। यह वीडियो ऐसे समय में सामने आया है, जब पाकिस्तान की ओर से काबुल और कंधार पर हवाई हमले किए गए हैं। पाकिस्तान ने अफगानिस्तान में आतंकी संगठनों के खिलाफ ऑपरेशन गजब-लिल-हक चलाया है। पाकिस्तान का दावा है कि उसने हमलों में 133 आतंकियों को ढेर किया है। वहीं, इन हमलों के बाद अफगानिस्तान ने भी जवाबी कार्रवाई शुरू कर दी है। अफगान सैनिकों ने सीमा पर हमले तेज कर दिए हैं। पाकिस्तान ने कहा है कि उसके हवाई हमले गुरुवार रात को अफगान बलों द्वारा पाकिस्तानी सीमा सैनिकों पर किए गए हमले के जवाब में हैं। इन हमलों को तालि. बान सरकार ने पहले हुए घातक हवाई हमलों का प्रतिशोध बताया है। पाकिस्तान ने आरोप लगाया है कि अफगानिस्तान ने पाकिस्तान में हमले करने वाले आतंकवादी समूहों के खिलाफ कुछ नहीं किया है, जिसे तालिबान सरकार ने नकार दिया है।

## पाकिस्तान ने आतंकवाद को बनाया पैसे कमाने का जरिया: अफगान सांसद सोलेमानखिल

**कबुल।** अफगानिस्तान की निर्वासित सांसद मरियम सोलेमान खिल ने पाकिस्तान पर आंतकवाद को लेकर गंभीर आरोप लगाया है। सांसद का कहना है कि पाकिस्तान आतंकवाद का व्यपार करता है। वह तालिबान और कई प्राक्सी समूह तैयार कर रहा है, जो दोंनों देशों के बीच बढ़ते तनाव के कारण इस्लामाबाद के खिलाफ हो गए हैं। सोलेमानखिल ने अफगानिस्तान में पाकिस्तान के द्वारा किए गए हवाई हमलों की आलोचना की। इसे उन्होंने अफगान परिवारों के लिए बहुत बुरा बताया। उन्होंने इस्लामाबाद के आतंकवादियों को निशाना बनाने के के दावों को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि हमले के बावजूद इस्लामाबाद ने किसी भी मशहूर आतंकी के मारे जाने का कोई सबूत नहीं दिया है। सोल. ेमानखिल ने पाकिस्तान के प्रशासन पर भी निशाना साधा। उन्होंने सरकार के साथ लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद जैसे आंतकी समूहों के संबंध बताए। साथ ही इन रिशतों को कैंसर बताया। साथ ही अल-कायदा लीडर ओसामा बिन लादेन को पनाह देने के लिए भी निशाना साधा। सोलईमानखिल ने कहा कि मेरे अपने पैतृक गांव बरमल, पक्तिका पर हमला हुआ, और यह पहली बार नहीं है। हर बार जब पाकिस्तान एयरस्ट्राइक करता है, तो वे दावा करते हैं कि वे आतंकवादियों को मार रहे हैं।

## चीन ने पाक-अफगान से युद्धविराम की अपील की

**बीजिंग।** चीन पाकिस्तान और अफगानिस्तान के हिसक झड़पों को लेकर बहुत चिंतित है और उसने दोनों पक्षों से युद्धविराम के लिए बातचीत की है। गौरतलब है कि इन झघ्पों में 133 अफगान तालिबान लड़ाके और पाकिस्तान के दो जवान मारे गए हैं। विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निग ने कहा कि पाकिस्तान द्वारा राजधानी काबुल सहित अफगानिस्तान के बड़े शहरों पर बमबारी के बाद चीन संघर्ष के बढ़ने पर बहुत चिंतित है। चीन ने दोनों पक्षों से शांत रहने और संयम बरतने की अपील करते हुए कहा है कि जितनी जल्दी हो सके युद्धविराम और खून-खराबा से बचा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि चीन पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच संघर्ष में लगातार मध्यस्थता की है और आगे भी तनाव कम करने में एक रचनात्मक भूमिका निभाना जारी रखने को वह तैयार है। उन्होंने कहा कि मंत्रालय और पाकिस्तान तथा अफगानिस्तान में चीन के दूतावास इस मामले पर दोनों देशों में संबंधित पार्टियों के साथ काम कर रहे हैं। इस बीच पाकिस्तान के सूचना मंत्री अताउल्लाह तरार का कहना है कि 133 अफगान तालिबान लड़ाके मारे गए और 200 से अधिक घायल हुए।

# न्यूयॉर्क मेयर ममदानी ने ट्रम्प से की मुलाकात

**वाशिंगटन।** न्यूयॉर्क शहर के मेयर जोहरान ममदानी ने व्हाइट हाउस की यात्रा के दौरान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने ट्रम्प को एक नकली अखबार का मुखपृष्ठ भेंट किया, ताकि शहर में बड़े पैमाने पर नए आवास निवेश पर चर्चा की जा सके।

यह रणनीति डोनाल्ड ट्रम्प को लुभाने के लिए बनाई गई है, जो अपनी मीडिया कवरेज को लेकर काफी चौकन्ने रहते हैं। रिपब्लिकन राष्ट्रपति और डेमोक्रेटिक मेयर के बीच पिछले साल हुई पहली मुलाकात के बाद से सौहार्दपूर्ण संबंध बने हुए हैं। जोहरान ममदानी की संचार निद. ेशक अन्ना बहर ने बताया कि मेयर की टीम ने ट्रम्प को दिखाने के लिए एक नकली मुखपृष्ठ और सुर्खियां तैयार कीं। जिससे उन्हें पता चले कि नए संघीय आवास निवेश से किस तरह की प्रतिक्रिया हो सकती है। नकली न्यूयार्क डेली न्यूज के मुखपृष्ठ पर लिखा है कि ट्रम्प ने शहर से कहारू चलो निर्माण करें।श यह 1975 के उस मशहूर मुखपृष्ठ का एक व्यंग्यात्मक रूप है, जिस पर लिखा था, 'फोर्ड ने शहर से कहारू मर जाओ।' जो जेराल्ड फोर्ड की ओर से शहर को वित्तीय



■ एक नकली अखबार का मुखपृष्ठ भेंट किया, ताकि शहर में बड़े पैमाने पर नए आवास निवेश पर चर्चा की जा सके

सहायता पर रोक लगाने की कसम का संदर्भ था। न्यूयॉर्क के मेयर ने ट्रम्प के साथ अखबारों के पहले पन्नों वाली बैठक की तस्वीर अपने सोशल मीडिया पेज पर पोस्ट की। बहर ने कहा कि ट्रम्प, ममदानी के प्रस्ताव को लेकर बेहद उत्साहित थे। इस प्रस्ताव के तहत क्वींस के सनसाइड यार्ड में रेल यार्ड के ऊपर एक डेक बनाने के लिए 21 अरब डालर से अधिक के संघीय अनुदान प्राप्त करके 12000 नए किफायती घर बनाए जा सकेंगे। मेयर कार्यालय का अनुमान है कि इस परियोजना से 30000 नौकरियां पैदा हो सकती हैं और यह पिछले 50 वर्षों में आवास और बुनियादी ढांचे में किया गया सबसे बड़ा निवेश होगा।

# ईरान के अस्पताल बने निगरानी केंद्र!

## एजेंटों पर घायलों के इलाज मे दखल के आरोप, डॉक्टरों ने सुनाई आपबीती

**बेरूत।** पिछले महीने सरकार विरोधी प्रदर्शनों पर कार्रवाई के दौरान जब बड़ी संख्या में घायल प्रदर्शनकारी ईरान के एक अस्पताल में लाए गए, तो एक युवा डाक्टर आपात कक्ष की ओर दौड़ा। वह करीब 40 साल के एक व्यक्ति का इलाज करना चाहता था। उस व्यक्ति के सिर में बहुत नजदीक से गोली मारी गई थी।

डाक्टर और अन्य कर्मियों ने उसे बचाने की कोशिश की। तभी सादे कपड़ों में हथियारबंद सुरक्षाकर्मी वहां आ गए। उन्होंने डाक्टरों को रोक दिया। कुछ को अपनी बंदूकों से धक्का दिया। उस डाक्टर ने समाचार एजेंसी एसोसिएटेड प्रेस को यह बात बताई। उत्तरी शहर रश्त के डाक्टर




■ जनवरी की शुरुआत में कुछ दिनों तक कई शहरों के अस्पतालों में ऐसा ही हुआ

ने कहा, उन्होंने मुझे घेर लिया। हमें आगे बढ़ने नहीं दिया। कुछ ही मिनट बाद उस व्यक्ति की मौत हो गई। सुरक्षाकर्मियों ने उसका शव काले बैग में रखा। फिर अन्य शवों के साथ उसे एक वैन में डालकर ले गए। यह कोई अकेली घटना नहीं थी। जनवरी की शुरुआत में कुछ दिनों तक कई शहरों के अस्पतालों में ऐसा ही हुआ। ईरानी सुरक्षाबलों ने भीड़ पर गोली चलाई थी। ये प्रदर्शन 47 साल पुराने इस्लामी गणराज्य के खिलाफ थे। हजारों लोग घायल हुए। सादे कपड़ों में एजेंट अस्पतालों में फैल गए। वे इलाज पर नजर रखते थे। कई बार इलाज रोकते थे। कर्मचारियों को डराते थे। प्रदर्शनकारियों को पकड़ लेते थे। शवों को बैग में डालकर ले जाते थे।दर्जनों डाक्टरों को गिरफ्तार किया गया। यह रिपोर्ट एसोसिएटेड प्रेस की जांच पर आधारित है। ईरान के तीन डाक्टरों से बात की गई। विदेश में रह रहे छह ईरानी चिकित्सा विशेषज्ञों से भी बात हुई। ये लोग देश के अंदर के डाक्टरों से संपर्क में हैं। मानवाधिकार समूहों की रिपोर्ट देखी गई। सोशल मीडिया के एक दर्जन से ज्यादा वीडियो की जांच की गई। ईरान के अंदर के सभी डाक्टरों ने अपना नाम न छापने की शर्त रखी, क्योंकि उन्हें बदले की कार्रवाई का डर था। समाचार एजेंसी ने बर्लिन स्थित संगठन म्नेमोनिक के साथ काम किया। इस संगठन ने अस्पतालों में हिंसा से जुड़े ऑनलाइन वीडियो और सामग्री की पहचान की। ईरान और विदेश के डाक्टरों ने कहा कि अस्पतालों में इस स्तर की हिंसा पहले कभी नहीं देखी गई। ईरान में दशकों से विरोध पर कार्रवाई होती रही है। सार्वजनिक संस्थानों पर निगरानी भी रहती है।

## अमेरिका ने इजरायल से गैर-आपातकालीन दूतावास कर्मचारियों की रवानगी को दी मंजूरी

**यरूशलम।** इजराइल स्थित अमेरिकी दूतावास ने कहा कि अमे. रिकी विदेश मंत्रालय ने सुरक्षा चिंताओं के कारण गैर-आपातक. ालीन अमेरिकी सरकारी कर्मियों और उनके परिवारों को इजराइल से बाहर जाने की अनुमति दे दी है। दूतावास ने एक वक्तव्य में कहा कि जब तक व्यावसायिक उड़ानों का संचालन हो रहा है, तब तक व्यक्तियों को इजराइल से बाहर जाने पर विचार कर लेना चाहिए। सुरक्षा घटनाओं के जवाब में और बिना किसी अग्रिम सूचना के अमेरिकी सरकारी कर्मचारियों और उनके परिवारों को इजराइल के कुछ क्षेत्रों के साथ-साथ यरूशलम के पुराने शहर और वेस्ट बैंक की यात्रा करने से प्रतिबंधित किया जा सकता है।

## अमेरिका और ईरान के बीच तीसरे दौर की बातचीत समाप्त

**जिनेवा।** अमेरिका और ईरान के बीच परमाणु हथियारों के मुद्दे पर तीसरे दौर की बातचीत यहां समाप्त हो गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दोनों देश अगले हफ्ते वियना में तकनीकी स्तर की बातचीत कर सकते हैं।

अमेरिका इस बात को लेकर सोच रहा है कि क्या नई कूटनीति से ईरान के परमाणु हथियारों के इरादों पर रोक लग सकती है या आखिरकार सैन्य बलों का ही सहारा लेना पड़ सकता है। बातचीत से जुड़े सूत्रों के मुताबिक अमेरिकी अधिकारियों ने ईरान पर फोर्डो, नतांज और इस्फाहान में अपने परमाणु केंद्रों को खत्म करने और यूरेनियम के बचे हुए भंडार को देश से बाहर भेजने का दबाव डाला है। सूत्रों के अनुसार ईरान के अपने

■ अगर दोनों पक्ष समझौता पर नहीं पहुंच पाते हैं तो अमेरिका ईरान पर हमला करेगा: अमेरिकी अधिकारी

परमाणु केंद्रों को खत्म करने, काफी यूरेनियम को अमेरिका को भेजने और एक स्थाई समझौते के लिए अमेरिका की ओर से रखी गई शर्तों मानने की उम्मीद कम है। ईरान का प्रस्ताव अमेरिका की मुख्य मांगों को पूरा नहीं करता है और ईरान अमे. रिका से रियायतें लेने के लिए ऐसे आर्थिक फायदे पाने की कोशिश कर रहा है जिनका अमेरिका की मांगों से कोई लेना-देना नहीं है। अमेरिकी अधिकारियों ने पहले कहा था कि अगर दोनों पक्ष समझौता पर नहीं पहुंच पाते हैं तो अमेरिका ईरान पर हमला करेगा।

## प्रवास के दौरान 2025 में 7600 लोग मारे गए या लापता हो गए: आईओएम

**जिनेवा/बर्लिन।** अंतर्राष्ट्रीय प्रवासन संगठन (आईओएम) के नए आंकड़ों के अनुसार, 2025 में दुनिया भर में प्रवास करते समय कम से कम 7667 लोगों की मृत्यु हुई है या वे लापता हो गए। ये आंकड़े प्रवासियों के संकट के वैश्विक स्तर को दर्शाते हैं। आईओएम ने इन आंकड़ों का उल्लेख करते हुए उन तस्करी नेटवर्कों को खत्म करने का आह्वान किया है जो प्रवासियों का शोषण करते हैं और उनके जीवन को जोखिम में डालते हैं। आईओएम की महानिदेशक एमी पोप ने कहा कि प्रवास के दौरान जीवन की निरंतर हानि एक वैश्विक किलता है जिसे हम सामान्य रूप में स्वीकार नहीं कर सकते।

## आरोप-बांग्लादेश सरकार ने डिफाल्टर को सेंट्रल बैंक गवर्नर बनाया

**ढाका।** बांग्लादेश में सेंट्रल बैंक के नए गवर्नर की नियुक्ति को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। विपक्ष का आरोप है कि तारिक रहमान की सरकार ने एक डिफाल्टर को कारोबारी को सेंट्रल बैंक गवर्नर बना दिया है, जो देश में भीड़तंत्र की शुरुआत जैसा है।

बांग्लादेश बैंक के नए गवर्नर के रूप में मोस्ताकुर रहमान की नियुक्ति के बाद राजनीतिक घमा. सान तेज हो गया। जमात ए इस्लामी के प्रमुख और विपक्ष के नेता शफीकुर रहमान ने कहा कि यह फैसला पीएम की शह पर लिया गया है और इसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इससे पहले सरकार ने अहसान हबीब मंसूर का कार्यकाल अचानक खत्म कर दिया था, जिन्हें मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार ने नियुक्त किया

■ विपक्ष बोला- ये बर्दाश्त नहीं कर सकते, देश में भीड़तंत्र चल रहा

था। मंसूर ने कहा कि उन्होंने न इस्तीफा दिया और न ही उन्हें हटाए जाने की कोई आधिकारिक सूचना मिली। उन्हें यह खबर मीडिया के जरिए पता चली। मोस्ताकुर रहमान की नियुक्ति इसलिए अलग मानी जा रही है क्योंकि अब तक बांग्लादेश में केंद्रीय बैंक का गवर्नर आमतौर पर अनुभवी बैंकर, अर्थशास्त्री या वरिष्ठ सिविल सेवक होते रहे हैं। मोस्ताकुर एक कास्ट एंड मैनेजमेंट अकाउंटेंट और गारमेंट कारोबारी हैं। वे हेरा स्वेटर्स लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर हैं और हालिया चुनाव में तारिक रहमान की बीएनपी पार्टी की केंद्रीय चुनाव संचालन समिति से भी जुड़े रहे थे।

# अफगानिस्तान में पत्नी को पीटने पर 15 दिन जेल

## संयुक्त राष्ट्र ने अफगान सरकार से इस कानून को वापस लेने की अपील की, अभिव्यक्ति की आजादी का हवाला दिया

**एथेंस।** संयुक्त राष्ट्र ने अफगान सरकार से इस कानून को वापस लेने की अपील की है और कहा है कि महिलाओं और लड़कियों को समाज से अलग करके कोई देश आगे नहीं बढ़ सकता।

नया कानून अभिव्यक्ति की आजादी पर भी सख्त है। इसमें तालि. बान सरकार या उसके नेताओं की आलोचना करना अपराध माना गया है। कई अपराधों के लिए कोड़े मारने जैसी शारीरिक सजा का भी प्रावधान रखा गया है। अफगानिस्तान में तालि. बान सरकार ने नया दंड संहिता लागू किया है। इस कानून पर जनवरी में वहां के सर्वोच्च नेता हिबतुल्लाह अखुंदजादा ने हस्ताक्षर किए थे। इस नए कानून में कुल 119 धाराएं हैं और इसमें कई ऐसे प्रावधान हैं, जिन पर संयुक्त राष्ट्र और मानवाधिकार



■ अफगानिस्तान में तालिबान सरकार ने नया दंड संहिता लागू किया है, इस कानून पर जनवरी में वहां के सर्वोच्च नेता हिबतुल्लाह अखुंदजादा ने हस्ताक्षर किए थे

संगठनों ने कड़ी आपत्ति जताई है। सबसे बड़ी बात यह है कि इस कानून में पत्नी को पीटने पर सजा सिर्फ 15 दिन की जेल रखी गई है, वह भी तब जब पत्नी अदालत में साबित कर दे कि उसे चोट लगी है और शरीर पर कट, घाव या नीला निशान दिखाई दे रहा है। दूसरी ओर, अगर कोई महिला अपने पति की अनुमति के बिना अपने मायके चली जाती है और वहां रुकती है, तो उसे तीन महीने की जेल हो सकती है। इतना ही नहीं, अगर उसके मायके वाले उसे वापस पति के पास नहीं भेजते, तो उन्हें भी सजा दी जा सकती है। संयुक्त राष्ट्र के मानवा. धिकार प्रमुख वोल्कर तुर्क ने कहा है कि यह कानून अंतर्राष्ट्रीय कानूनों के खिलाफ है और महिलाओं के साथ भेदभाव को कानूनी रूप देता है। यूएन वुमेन की प्रतिनिधि सुसान फर्ग्यूसन ने भी कहा कि इस कानून से पुरुषों को महिलाओं पर अधिकार की स्थिति में रखा गया है और महिलाओं के लिए न्याय पाना और मुश्किल हो जाएगा। इस कानून में एक और चौंकाने वाली बात यह है कि जानवरों को लड़ाने पर पांच महीने तक की जेल हो सकती है। अफगानिस्तान में मुर्गों और तीतरों की लड़ाई एक आम परंपरा रही है, लेकिन तालिबान ने 2021 में सत्ता में आने के बाद इस पर रोक लगा दी थी। अब नए कानून में जानवरों की लड़ाई की सजा पत्नी को गंभीर रूप से पीटने की सजा से कहीं ज्यादा है। सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि एक ही अपराध के लिए अलग-अलग सामाजिक वर्गों के लोगों को अलग सजा दी जाएगी। धार्मिक विद्वानों और बड़े लोगों को सिर्फ चेतावनी दी जा सकती है, जबकि आम लोगों को जेल और निचले वर्ग के लोगों को शारीरिक सजा दी जा सकती है। हालांकि हत्या के मामलों में यह फर्क नहीं होगा और दोषी पाए जाने पर मौत की सजा दी जा सकती है।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108